राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 खूबसूरत साड़ी पहन प्रज्ञा जैसवाल ने...



कांग्रेस पर फिर बरसे अनिल विज... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 17 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 316, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12




## 10 देशों का दल महाकुम्भ का करेगा भ्रमण, संगम स्नान के बाद महाकुम्भ क्षेत्र का कराया जाएगा हवाई भ्रमण

**महाकुम्भनगर।** योगी सरकार द्वारा भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन अब पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 10 देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगाई। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन द्वारा आमंत्रित 10 देशों का 21 सदस्यीय दल पहुंचा। इस दल के आवास की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में की गई है, जिसे



उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्मित किया गया है। बुधवार को दल के महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भ्रमण का कार्यक्रम है। हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गयौ, जिसमें दल के सदस्य प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अनुभव किया। रात में टेंट सिटी टमें रात्रि भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गई। अंतर्राष्ट्रीय दल ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इसके बाद नाश्ते के पश्चात दल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर से महाकुम्भ क्षेत्र का हवाई अनुभव कराया गया।

**10 देशों के प्रतिनिधि शामिल**

इस अंतर्राष्ट्रीय दल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## सनातन धर्म की हुई लॉरेन जॉब्स, आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि ने दिया बीजमंत्र



**गुरु ने उनके ऊपर गंगा जल छिड़क कर उन्हें मां काली का बीज मंत्र दिया और दीक्षा दी**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला क्षेत्र में एप्पल कंपनी के मालिक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन जॉब्स ने पंचायती अखाड़ा निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से दीक्षा ले ली। निरंजनी पीठाधीश्वर ने उन्हें मां काली का बीज मंत्र दिया और आशीर्वाद दिया। मंत्र लेने के साथ ही लॉरेन पॉवेल सनातन धर्म की हो गई हैं।

महाकुम्भ मेला में आईं एप्पल कंपनी के मालिक की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स पिछले कुछ दिनों से चर्चा में हैं। निरंजनी पीठाधीश्वर के साथ उनके शिविर में आईं और यहीं पर ठहरीं हैं। लॉरेन को मकर संक्रांति का स्नान करना था, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वो स्नान नहीं कर सकीं। उन्होंने अपने गुरु स्वामी कैलाशानंद के शिविर में पूजा की। यज्ञ में शामिल हुईं।

इसके बाद गुरु ने उनके ऊपर गंगा जल छिड़क कर उन्हें मां काली का बीज मंत्र दिया और दीक्षा दी। लॉरेन को स्वामी कैलाशानंद पूर्व में ही कमला नाम दे चुके हैं। साथ ही अपना गोत्र भी दे चुके हैं। दीक्षा लेने के बाद लॉरेन अब सनातन धर्म के नियमों का पालन करेंगीं। दूसरी बार भारत आईं लॉरेन अब जब भी यहां आएंगी कमला नाम से ही जानी जाएंगी।

प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 में भगवान शिव की पोशाक पहने एक साधु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर प्रदर्शन करते हुए

**सफाई अभियान** | अमृत स्नान के बाद सफाई अभियान शुरू, स्नान के लिए आ रहे श्रद्धालुओं से भी स्वच्छता बनाए रखने की हो रही अपील

## दो दिन में 5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान के बाद युद्धस्तर पर सफाई अभियान जारी

**महाकुम्भनगर।** पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान के बाद महाकुम्भ क्षेत्र को स्वच्छ करने के लिए बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया गया है। घाटों पर गंदगी को तेजी से साफ किया जा रहा है।

**घाटों की सफाई पर विशेष ध्यान, पूरे मेला क्षेत्र को किया जा रहा क्लीन**

सफाई कर्मी लगातार घाटों पर तैनात हैं और हर प्रकार की गंदगी को हटाने का कार्य जारी है। वहीं, शौचालयों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने इस बार महाकुम्भ को स्वच्छ महाकुम्भ के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में इस बार स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है। विगत 2 दिनों में महाकुम्भ में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जिसके बाद मेला प्रशासन ने स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मेला क्षेत्र में बचे कचरे को हटाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई सामग्रियों को एकत्र कर उचित स्थान पर निस्तारित किया जा रहा है। एकत्रित कचरे को काले लाइनर बैग में जमा कर निस्तारित किए जाने की योजना पर तेजी से कार्य चल रहा है। मेले के दौरान उपयोग किए गए शौचालयों की सफाई बड़े स्तर पर हो रहीहै। स्वच्छता कर्मचारियों की अतिरिक्त टीमों को इस कार्य में लगाया गया है। पार्किंग से लेकर घाटों तक स्थापित किए गए शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विगत दो दिनों में बड़ी संख्या में इन शौचालयों



का उपयोग किया गया है, जिसके बाद इन्हें फिर से उपयोग में लाए जाने के लिए की आवश्यकता को देखते हुए मेला प्रशासन ने उचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेला क्षेत्र में गंदगी न फैलाएं। उचित स्थानों पर कचरा डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। घाटों पर स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार श्रद्धालुओं से यह अपील की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी प्रशासन की अपील पर सहयोग करते हुए कचरे को घरों पर स्थापित डस्टबिन में ले जाकर डाल रहे हैं।

## छावनी प्रवेश यात्रा में मॉडल को रथ पर बैठाने पर भड़के संत

**प्रयागराज।** महाकुंभ में छावनी प्रवेश यात्रा के दौरान मॉडल वर्षा रिछारिया को रथ पर बैठाने को लेकर विवाद छिड़ गया है। शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने विरोध जताते हुए कहा है कि यह उचित नहीं है। इससे समाज में गलत संदेश फैलता है। धर्म को प्रदर्शन का हिस्सा बनाना खतरनाक है। साधु-संतों को इससे बचना चाहिए, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ज्ञात हो कि 4 जनवरी को महाकुंभ के लिए निरंजनी अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा निकली थी। उस वक्त 30 साल की मॉडल हर्षा रिछारिया संतों के साथ रथ पर बैठी नजर आई थीं।



यात्रा के दौरान हर्षा रिछारिया से पत्रकारों ने साध्वी बनने पर सवाल किया था। इस पर हर्षा ने बताया था कि मैंने सुकून की तलाश में यह जीवन चुना है। मैंने वह सब छोड़ दिया, जो मुझे आकर्षित करता था। इसके बाद हर्षा सुर्खियों में आ गईं। वह ट्रोलर्स के भी निशाने पर हैं। मीडिया चैनल ने उन्हें 'सुंदर साध्वी' का नाम भी दे दिया। इसके बाद हर्षा फिर से मीडिया के सामने आईं। उन्होंने कहा कि मैं साध्वी नहीं हूं। मैं केवल दीक्षा ग्रहण कर रही हूं।

# मेरठ के केएमसी अस्पताल पर मानव अंग तस्करी का मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्याना (वसीम खाँन)।** बुगरासी कस्बे निवासी महिला कविता पत्नी जयदेव की पत्नी कविता आठ वर्ष पहले मेरठ के केएफसी अस्पताल में भर्ती हुई थी तो वहां के डाक्टरों ने ऑपरेशन कर उसकी किडनी निकाली ली जिसकी रिपोर्ट महिला ने कोर्ट के आदेश पर नरसेना थाने में 6 लोगों को नामजद कर दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि 6 वर्ष पहले वह मेरठ रोड पर स्थित केएमसी अस्पताल में अपनी इलाज कराने गई थी जो 20 मई 2017 को उसका आपरेशन किया गया था। उसको 24 मई को छुट्टी दे दी थी। आरोप है कि उसकी तबियत दवाई खाने के बाद भी ठीक नहीं हुई तबियत बिगड़ती ही रही। 25 मई को कविता संबंधित डाक्टर के पास गई। पुनः जांच कराने पर एक किडनी निकालने की जानकारी हुई तो डाक्टरों ने उसके साथ अभद्रता करके कागज छीनकर भगा दिया। 28/10/2022 को उसने अन्य डाक्टरों के अल्ट्रासाउंड कराया तो उसकी बाईं किडनी नहीं होने की जानकारी हुई। महिला ने बुलंदशहर के सभी अधिकारियों से शिकायत की तो किसी ने भी उसकी नहीं सुनी। महिला ने कोर्ट के आदेश पर मुख्य आरोपी डाक्टर सुनील गुप्ता व उसकी पत्नी सहित 6 डाक्टर्स व कर्मचारियों के खिलाफ नरसेना थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता कविता का आरोप है कि जब वह 2022 में यह शिकायत करने गई तो आरोपी डाक्टर ने अभद्र व्यवहार कर सभी कागज छीनकर मारपीट कर भगा दिया और कहीं भी शिकायत करने पर भुगतने की धमकी भी दी। आरोप है कि डाक्टर ने कोर्ट की शरण में की गई शिकायत को वापिस न लेने पर दबंग उसके घर भेजकर जान से मारने की धमकी दे डाली। एसएचओ नरसेना चंदीगीराम ने बताया कि बुलंदशहर एसीजेएम तृतीय के आदेश पर केएमसी अस्पताल मेरठ के डाक्टर सुनील गुप्ता डाक्टर प्रतिभा गुप्ता डाक्टर अजय ने वत्स डा निकिता जग्गी डॉ सतीश कुमार डॉ सीमा वाष्णेय व कर्मचारियों के खिलाफ मानव अंग प्रत्यारोपण संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।



# श्रीमद्भागवत में भक्त प्रह्लाद का किया सुंदर चित्रण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**खानपुर (वसीम खाँन)।** क्षेत्र के गिनौरा नंगली गांव में चल रही भागवत कथा के चौथ दिन भक्त प्रह्लाद का सुंदर चित्रण किया और भगवान कृष्णा झांकी निकाली गई। बृहस्पतिवार को श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक सीमा साध्वी दुबे में बताया कि भक्त प्रह्लाद वर्णन किया कि कैसे भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और विश्वास ने भगवान नारायण को प्रकट होने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने नृसिंह रूप में अवतार लेकर उनकी रक्षा की। उन्होंने विस्तार से बताया कि किस प्रकार भगवान नारायण ने हिरण्यकश्यप के सभी वरदानों को शून्य कर दिया और अंत में उसे मृत्युदंड दिया। भगवान किस प्रकार अपने भक्त के लिए स्वयं खंभे से प्रकट होते हैं और उन्हें अपने कंठ से लगाकर उनकी रक्षा करते हैं। इस प्रसंग के माध्यम से भक्तों को यह संदेश दिया गया कि भगवान अपने भक्तों की सदैव रक्षा करते हैं, चाहे परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हों। इस दौरान श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# छोटे छोटे प्रयासों से भी समाज में बड़ा बदलाव संभव, एनपीएस पब्लिक स्कूल की सराहनीय पहल निर्धनों को कंबल वितरित किए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**औरंगाबाद (वसीम खाँन)।** स्थानीय एन पी एस पब्लिक स्कूल के सौजन्य से भीषण ठंड से बचाने की मानवीय पहल के अंतर्गत गुरुवार को गरीबों और असहायों को कंबल वितरित किए गए। ठंड में ठिठुरते लोग कंबल पाकर बेहद खुश नजर आये और अपने मददगारों को शुक्रिया अदा करना नहीं भूले। स्कूल प्रबंधक अंकुर अग्रवाल एडवोकेट तथा प्रधानाचार्या प्रिया अग्रवाल ने अपने स्टाफ के साथ गुरुवार को कस्बे के जहांगीराबाद रोड़, सूरजपुर टीकरी रोड़ बुलंदशहर रोड़ स्थित स्लम एरिया में रहने वालों की झुग्गी झोपड़ियों पर पहुंचकर उनको कंबल प्रदान किए। अंकुर अग्रवाल एडवोकेट ने स्टाफ से अपने विचार साझा करते हुए कहा कि छोटे छोटे प्रयासों से भी समाज में बड़ा बदलाव संभव है। मानवता के नाते सभी को अपनी हैसियत और सामर्थ्य के अनुसार जरुरतमंदों की हर संभव प्रयास कर मदद करनी चाहिए। प्रिया अग्रवाल प्रधानाचार्या ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पढ़ाई-लिखाई तक ही सीमित नहीं है हमारा यह भी दायित्व है कि अपने विद्यार्थियों में सेवा और करुणा का भाव और नैतिकता के संस्कार विकसित करें। इस पुनीत कार्य में स्कूल कन्वीनर लोकेश वर्मा हिमांशी गर्ग संजू शर्मा अंशु गुप्ता बबीता सिंह,नेहा, ललिता चौधरी आकाश कुमार डागुर इंद्रेश अग्रवाल शिवम रावत आदि ने भी उल्लेखनीय सहयोग किया।

# वी.डी हॉस्पीटल में इलाज करा रहे राकेश लोधी की कुशलक्षेम पूछने पहुंचे राजवीर सिंह उर्फ राजू भईयां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** बुधवार को रेलवे रोड़ पर स्थित वीं.डी. हॉस्पीटल में गम्भीर बीमारी से ग्रस्त राकेश लोधी को भर्ती कराया गया था। राकेश लोधी को वीं.डी. हॉस्पीटल में परिजन बेहोशी की हालत को देखते हुए वीं.डी. हॉस्पीटल में इलाज कराने पहुंचे जैसे ही क्षेत्रवासियों को राकेश लोधी के बीमार होने की सूचना मिलीं वैसे ही वीं.डी. हॉस्पीटल पर शुभचिंतकों की भीड़ लग गई। जिसकी जानकारी एटा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भईयां को मिली वह भाजपा कार्यकताओं के साथ वी.डी. हॉस्पीटल पहुंचे और बीमारी से पीड़ित की कुशलक्षेम पूछी। वी.डी. हॉस्पीटल के डाक्टर ने बताया कि जब राकेश लोधी को भर्ती कराया गया था उस समय हालत गंभीर बनी हुई थी लेकिन इस समय हालत में 95% सुधार हुआ है। हॉस्पीटल पर राजू भईयां के साथ विधायक चन्द्रपाल सिंह लोधी का हॉस्पीटल के डाक्टर प्रदीप कुमार लोधी व पत्नी डाक्टर शिल्पी ने फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर दानपुर ब्लॉक प्रमुख आनन्द लोधी,डिबाई ब्लॉक प्रमुख पति ने अनार सिंह लोधी,अजय लोधी,नील भारद्वाज,,पवन कुमार लोधी, रुपेश लोधी, रुपेन्द्र लोधी एवं सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





# ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, का पुलिस स्टाफ, व्यापार मण्डलों, नगर के गणमान्य लोगों द्वारा कोतवाली परिसर में भावभीनि विदाई समारोह आयोजित किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**शिकारपुर।** ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, का पुलिस स्टाफ, व्यापार मण्डलों, नगर के गणमान्य लोगों द्वारा कोतवाली परिसर में भावभीनि विदाई समारोह आयोजित किया गया विदाई समारोह की अध्यक्षता नगर के गणमान्य लोगों द्वारा की गई नगर के व्यापार मण्डलों के अध्यक्षों ने कहा कि ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, ने जितना योगदान पुलिस सेवा में दिया उससे कहीं अधिक अपना उमूल्य योगदान उन्होंने नगर की जनता के लिए दिया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है ऐसे ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, की कमी हमेशा खलेगी कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार, ने कहां कि ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, के साथ रहकर मुझे काफी कुछ इनसे सीखने का मौका मिला वहीं उन्होंने कहा कि हम अपने आप से निर्णय नहीं ले पा रहें है युवा समाजसेवी योगेश शर्मा, ने कहा कि व्यवस्था का नियम है कि जो यहां आए हैं उसे एक दिन दूसरे स्थानों पर जाना होगा कुछ समाज के लिए कुछ दूसरों के लिए जो कुछ कर जाते हैं वह लोगों के लिए यादगार रह जाता है अपने विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, ने कहा कि यह शाश्वत सत्य कि एक दिन सबको जाना है स्थानांतरण तो सिंगार है उन्होंने कहा कि मुझे काफी कुछ सीखने का मौका मिला जिसे भुला नहीं पाएंगे ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, को शॉल उढ़ा कर विदाई दी तो किसी ने फूलों का गुलदस्ता देकर विदाई दी तो किसी ने पैन तो किसी ने फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया ।

# औरंगाबाद पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, कई के काटे चालान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** गुरुवार की दोपहर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया, तो वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने करीब डेढ़ दर्जन से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों की भी तलाशी ली। इस दौरान एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने भी वाहन चेकिंग अभियान का जायजा लिया।

एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर औरंगाबाद थानाध्यक्ष नितीश भारद्वाज के नेतृत्व ने गुरुवार को नगर के जहांगीराबाद चौराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। बगैर कागजात व बिना हेलमेट के कारण दर्जनों वाहनों के चालान काटे गए। पुलिस की चेकिंग से बाइक सवारों में हड़कंप मचा गया। कई बाइक चालक दूर से ही चेकिंग देखकर बाइक घुमाकर रफूचक्कर हो गए। इस दौरान थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज ने बताया है कि थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया है।

तीन वाहन सीज भी किए गए। अभियान के दौरान संदिग्धों व उनके सामान की भी तलाशी ली। लेकिन इस दौरान कुछ भी आपत्तिजनक पुलिस के हाथ नहीं लगा। कुछ वाहनों के शीशों पर लगी काली फिल्में भी पुलिस ने उतरवाई है।



# चोरों ने विद्युत ट्रांसफार्मर खोल चुराया लाखों का सामान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर(इनामुलहक)।** गांव दयानतपुर में बुधवार की रात चोरों ने वहां रखे 250 केवीए का ट्रांसफार्मर खोल उसमे से करीब 5 लाख का सामान चोरी कर लिया। वहीं चोरों ने कस्बा जहांगीरपुर मे भी ट्रांसफार्मर चोरी करने का प्रयास किया गया। विद्युत विभाग ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता अमित चौधरी ने बताया कि गांव दयानतपुर मे रखे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को चोरों ने खोल लिया और उसमे से अल्युमिनियम, तेल सहित करीब सभी कीमती सामान चोरी कर लिया, जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए है। जिसकी सूचना पर विद्युत विभाग की टीम वहां पहुंची और इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि कस्बा जहांगीरपुर मे भी चोरों ने ट्रांसफार्मर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन लोगों के जागने पर चोर वहां से भाग गए। पिछले कई दिनों में नोएडा में भी कई ट्रांसफार्मर चोरी हो चुके हैं। जिसके देखते हुए विभाग ने पेट्रोलिंग बढ़ा दी है और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक किया गया है।



# पुलिस ने जहरखुरानी गैंग के दो सदस्य दबोच, 235000 नकद बरामद बदमाशों ने कंडक्टर से साठगांठ कर दिया वारदात को अंजामः सुनिता मलिक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** नगर में 2 जनवरी को नशीली चाय पिलाकर कैंटर से 620000 की थी चोरी, 235000 नकद बरामद, तो 266000 अभियुक्त के खाते में होने की बात, पुलिस ने 100 से अधिक कैमरों की फुटेज खंगाल पकड़े बदमाश, बदमाशों ने कंडक्टर से साठगांठ कर दिया वारदात को अंजाम।

थाना प्रभारी सुनिता मलिक ने बताया कि पुलिस ने शाहिद थाना खुर्जा देहात व नाजिम कोतवाली देहात बुलंदशहर को लाखों की रकम व एक बाइक के साथ किया गिरफ्तार। धौलाना बस स्टैंड के निकट विकास ट्रेडिंग कंपनी के यहां भरतपुर राजस्थान से खल (पशु आहार) उतारने आया था कैंटर चालक गुलजार निवासी परिक्षितगढ़ मेरठ। पशु आहार अनलोड कराने के दौरान ड्राइवर को एक लड़के ने पिला दी थी नशीली चाय। चाय पीकर ड्राइवर हो गया था बेहाश। होश में आने पर कैंटर छपरावत स्टेशन पर मिला था नकदी गायब थी।




# अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा द्वारा राजवीर सिंह राजू भईयां को राष्ट्रीय संरक्षक बनायें जाने पर विधायक ने चांदी का मुकुट पहनाकर किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई ( केपीसिंह चौहान)।** नरौरा में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा द्वारा राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया को राष्ट्रीय संरक्षक बनाए जाने पर विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी मझले भाई केसरी सिंह लोधी व छोटे भाई चरन सिंह लोधी ने संयुक्त रूप से पुष्प गुच्छ व फूलमाला पहनाकर व चांदी का मुकुट पहनकर सम्मानित किया विधायक चन्द्रपाल सिंह लोधी ने कहा कि लोधी समाज को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा द्वारा राजूभैया को जो सम्मान दिया गया है उससे सभी क्षेत्रवासी को हर्ष व गौरव की अनुभूति हो रही है यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि परम पूज्य बाबूजी कल्याण सिंह के पुत्र को लोधी समाज में राष्ट्रीय संरक्षक बनाया गया है जिससे लोधी समाज का उत्थान होगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह, विधायक के मझले भाई केसरी सिंह लोधी व छोटे भाई चरन सिंह लोधी, अनार सिंह लोधी, आनन्द लोधी,अजय लोधी, राहुल वर्मा,नन्दन पहलवान,रूपकिशोर, भोला भईया,मलखान सिंह लोधी के अलावा विधानसभा क्षेत्र के गांव प्रधानों एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**जागरूक**

## जन सेवा केंद्र पर पहुंचकर किसानों को किया जागरूक

# फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए किसानों को किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**छतारी ।** गुरुवार दोपहर पहासू खंड विकास अधिकारी नरेंद्र शर्मा ने छतारी दोराहे पर स्थित जनसेवा केंद्र पर पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन के प्रति जागरूक किया है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो गया है। बीडीओ ने किसानों से जल्दी से जल्दी फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है। छतारी दोराहे स्थित जन सेवा केंद्र पर गुरुवार दोपहर पहासू खंड विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सत्यपाल सिंह सचिव किशनपाल सिंह, नितिन सागर, अभिलाष कुमार ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी ली। उसी दौरान उन्होंने किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए जागरूक किया। किसान अपने मोबाइल नंबर, आधार कार्ड सहित खतौनी लेकर अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र पर फार्मर रजिस्ट्रेशन करा लें। जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में रजिस्ट्रेशन नहीं होंगे उन किसानों को किसान सम्मान निधि, राशन और अन्य सरकारी योजना का लाभ नही मिलेगा। बीडीओ ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किस जल्द से जल्द अपना फार्मर रजिस्ट्रेशन करा लें। अन्यथा किसानों को मिलने वाली तमाम सरकारी योजनाएं उन्हें नहीं मिल सकेंगी।






# बकाया गन्ना भुगतान व बॉन्ड परिवर्तन की माग को लेकर किसानों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा यदि समाधान नहीं हुआ तो कल से कार्यालय की तालाबंदी होगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** बकाया गन्ना भुगतान व बांड परिवर्तन की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत के द्वारा जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर सोमवार शुरू हुआ धरना चोथे दिन भी जारी है। हाड कपा देने वाली सर्दी 5 डिग्री तापमान मैं भी किसान अपनी मांगों को लेकर जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय पर धरने पर बैठे हैं। लेकिन जिला गन्ना अधिकारी के कानों पर जू तक नहीं रेग रही है। वही धरने पर बैठे किसानों का कहना है कि जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा। भाकियू संपूर्ण भारत के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी पवन तेवतिया ने बताया कि कहा कि मांग पूरी नहीं होने तक किसान आंदोलन जारी रहेगा। किसानो का बकाया भुगतान न होने की वजह से किसानों के सामने समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। जैसे किसानों का भुगतान न होने के कारण किसानों पर बिजली का बिल चढ़ गया है, बच्चों की स्कूल की फीस जमा नही कर पा रहे है। वही किसान सर्दियों में बच्चों के गर्म कपड़े भी नहीं खरीद पाने सहित आदि समस्याओं से किसान लड़ रहा है। तेवतिया ने बताया कि ब्रजनाथपुर मिल काफी समय से अपनी मनमानी कर रहा है। सरकार के बकाया भुगतान करने के निर्देश जारी कर रखे है, लेकिन ब्रजनाथपुर मिल तीन साल का भुगतान रोक कर चलता है। इस बात को लेकर किसानों में काफी आक्रोश है। मिल पर हाल में भी लगभग 12 करोड़ों रुपये गन्ना भुगतान के बकाया है। किसान कई बार मिल से भुगतान की मांग कर चुके है, लेकिन मिल भुगतान नहीं कर रहा है।



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित


केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ खूबसूरत साड़ी पहन प्रज्ञा जैसवाल ने...



कांग्रेस पर फिर बरसे अनिल विज... ◀ 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 17 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 316, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## इसरो ने रचा इतिहास, स्पेस में दोनों सैटेलाइट को जोड़ने में मिली सफलता,ऐसा करने वाला चौथा देश बना भारत

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** इसरो ने अपने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट के तहत सैटेलाइट को जोड़ने में सफलता हासिल कर ली है। स्पेस एजेंसी इस बारे में जानकारी दी है। इसरो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। इसके साथ ही ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है। इसके पहले 12 जनवरी को इसरो ने डॉकिंग के ट्रायल के दौरान दोनों सैटेलाइट को तीन मीटर से भी कम दूरी पर लाकर वापस सुरक्षित दूरी पर पहुंचा दिया था। आपको बता दें कि इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट लॉन्च किया था।



**श्रीहरिकोटा से हुई थी लॉन्चिंग**

पीएसएलवी सी60 रॉकेट के मदद से दो छोटे सैटेलाइट स्क्ष्ठङ्ग01 और स्क्ष्ठङ्ग02 को लॉन्च किया गया था। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च कर 475 किलोमीटर सर्कुलर ऑर्बिट में स्थापित कर दिया गया था। इसरो के अनुसार, स्पाडेक्स मिशन पीएसएलवी द्वारा लॉन्च किए गए दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन के लिए एक कॉस्ट इफेक्टिव टेक्नोलॉजी मिशन है। अंतरिक्ष में, डॉकिंग तकनीक तब आवश्यक होती है, जब सामान्य मिशन के लिए कई रॉकेट लॉन्च की जरूरत होती है।

## केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी- मोदी सरकार ने दी 8वें वेतन आयोग को मंजूरी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। मंत्रिमंडल ने गुरुवार को



आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी साझा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय सरकारी कर्मचारियों के लिए लाभ सुनिश्चित करने के मद्देनजर लिया गया है।

आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें 2016 में लागू की गई थीं, लेकिन इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त हो रहा है। हालांकि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही प्राप्त होने की उम्मीद है, जिसके लिए 2025 तक पर्याप्त समय दिया गया है।

## न्यूज डायरी

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर मंत्री को दी थी धमकी, आरोपी गिरफ्तार, 30 लाख की मांगी थी रंगदारी

**पटना (आरएनएस)।** बिहार पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले से एक शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने राज्य के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर धमकी दी थी। उसने मंत्री से 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी, नहीं तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी के पास



से मोबाइल फोन भी बरामद किया है। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई बताकर फोन किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। साथ ही, उसने 30 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। मंत्री ने इस घटना के बारे में बिहार के पुलिस महानिदेशक को भी सूचित किया था। बिहार पुलिस के एक बयान के अनुसार, मंत्री से औपचारिक शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता का इस्तेमाल करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से वह मोबाइल फोन भी बरामद किया गया, जिससे मंत्री को धमकी भरी कॉल की गई थी। आरोपी को अब पटना लाया जा रहा है।

### अभिनेता सैफ अली खान पर हमला, मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती, घर में घुसकर शख्स ने मारा चाकू

**मुंबई (आरएनएस)।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर बुधवार देर रात उनके ही घर में चाकू से हमला किया गया। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि घटना आधी रात को अभिनेता के बांद्रा स्थित घर पर हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद बांद्रा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के मुताबिक, एक अज्ञात शख्स सैफ के घर में घुसा। दोनों के बीच हाथापाई हुई। घटना के समय अभिनेता के कुछ पारिवार के अन्य सदस्य भी घर में मौजूद थे। कहा यह भी जा रहा



है कि घर में घुसे शख्स की नौकरानी से बहस हुई। जब अभिनेता ने बीच-बचाव कर व्यक्ति को समझाने और शांत करने की कोशिश की, तो उसने सैफ अली खान पर हमला कर दिया। वहीं बांद्रा के डीसीपी ने कहा, ये सच है, रात 2.30 बजे सैफ अली खान के घर में अनजान शख्स घुसा। इस दौरान सैफ अली खान पर चोर ने चाकू से हमला कर दिया। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, ये चोटें उतनी गंभीर नहीं हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें चाकू मारा गया है या वे हाथापाई में घायल हुए हैं। एएनआई के मुताबिक, यह झगड़ा अज्ञात शख्स और सैफ अली खान की मेड के बीच हो रहा था। चोरी के इरादे से घुसे इस शख्स से जब सैफ अली खान का सामना हुआ तो उसने उन्हें लहूलुहान कर दिया।

### राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं : शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल (आरएनएस)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि



राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं। शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं, उनकी मानसिक आयु शून्य है। राहुल गांधी हम भारत माता के लिए प्राण न्योछावर कर सकते हैं और आपको इस विचार से ही नफरत है। आप भारत और भारतीयता को कभी समझ नहीं पाएंगे।

## अनिल विज के आदेश पर पुलिस से आजाद हुआ परिवहन विभाग

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के परिवहन विभाग में तैनात पुलिस कर्मियों की अब विभाग से छुट्टी हो गई है। अनिल विज की पहल के बाद अब रीजन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी यानि आरटीए में तैनात सभी पुलिस कर्मचारियों को उनके मूल कैडर में भेजने के आदेश जारी हो गए हैं। गत दिवस ट्रांसपोर्ट आयुक्त सीजी रजनी की ओर से

**पुलिसकर्मियों को मूल कैडर में भेजने के आदेश जारी**

यह आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि कॉन्स्टेबल, हेड कॉन्स्टेबल, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर समेत जितने भी पुलिस कर्मचारी डेपुटेशन पर आरटीए डिस्ट्रिक्ट ट्रांसपोर्ट ऑफिस समेत विभिन्न कार्यालयों में काम कर रहे हैं, वह अपने मूल कैडर में जाकर कार्यभार संभालें।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बीते दिनों कहा था कि सिविल और पुलिस अधिकारियों की ट्रेनिंग अलग-अलग होती है। इसलिए सिद्धांत यही कहता है कि पुलिस और सिविल को अपने-अपने विभाग में ड्यूटी करनी चाहिए, लेकिन कुछ लोग तिकड़म करके सिविल पदों पर आकर बैठ गए हैं। वे सिस्टम को नहीं समझते।

**विज के मंत्री बनने पर हुई थी ट्रांसफर**

परिवहन विभाग से पुलिस कर्मचारियों को हटाने



को लेकर मुख्य सचिव को लिखे अनिल विज के पत्र के बाद परिवहन विभाग के प्रधान सचिव आईपीएस अधिकारी नवदीप सिंह विर्क को परिवहन विभाग से बदलकर खेल विभाग में तैनात कर दिया गया था। विर्क के स्थान पर परिवहन विभाग में आईएएस अधिकारी अशोक खेमका को अतिरिक्त मुख्य सचिव लगाया गया था।

**ऐसे शुरू हुई थी कवायद**

हरियाणा में मनोहर लाल के मुख्यमंत्री काल में आरटीए के पद पर लगे कुछ एचसीएस अधिकारियों को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद गैर एचसीएस अधिकारियों को विभाग में तैनात करने की शुरूआत हुई थी। उस दौरान परिवहन विभाग की कमान वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी शत्रुजीत कपूर के हाथों में थी। इसके अलावा मोटर व्हीकल अधिकारी के पदों पर पुलिस इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर की तैनाती की गई थी। उस समय से ही आरटीए में पुलिस कर्मियों की एंट्री शुरू हो गई थी। अब परिवहन विभाग अनिल विज के पास आने के बाद उन्होंने इस कवायद में बदलाव शुरू किया है।

## दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन का मतलब कांग्रेस का विरोध नहीं: अखिलेश यादव

**लखनऊ (आरएनएस)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का दिल्ली में आप को समर्थन का मतलब यह नहीं है कि हम कांग्रेस के विरोध में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी चुनावी लड़ाई में नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन में पहले भी इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है कि जो क्षेत्रीय दल जहां मजबूत होगा, वहां उसको समर्थन दिया जाएगा।



अखिलेश यादव ने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि सैफ अली खान जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। इसके पीछे क्या कारण है और किस कारण से यह हुआ, ये जांच का विषय है।

मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वहां हमारा प्रत्याशी पीडीए का प्रतिनिधि है। मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराएगा। मिल्कीपुर की जनता ने भाजपा को हराने का मन बना लिया है। किसान, महिला और व्यापारी भाजपा को हराने जा रहे हैं। पीडीए का उम्मीदवार जनता की पहली पसंद है। यह चुनाव भाजपा के लिए सबक होगा। अखिलेश यादव ने अयोध्या के किसानों के हक में आवाज उठाते हुए कहा कि अयोध्या के किसानों की जमीन छीनकर भाजपा मुनाफाखोरी कर रही है। किसानों को 6 गुना मुआवजा मिलना चाहिए। गरीब किसानों को उनकी जमीन का बाजार दर पर उचित मूल्य मिले, विकास हो, लेकिन किसानों के अधिकार न छीने जाएं।

## प्रवेश वर्मा डिसक्वालीफाई होने की पूरी कोशिश कर रहे, चुनाव आयोग है कि मानता ही नहीं : केजरीवाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नई दिल्ली सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज की गई है। प्रवेश वर्मा इस सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मैदान में हैं।



अरविंद केजरीवाल प्रवेश वर्मा पर एफआईआर दर्ज होने के बाद से उन पर हमलावर हैं। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया के जरिए प्रवेश वर्मा पर तंज कसा।

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बेचारे प्रवेश वर्मा डिसक्वालीफाई होने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, पर चुनाव आयोग है कि मानता ही नहीं। केजरीवाल ने एक और अन्य पोस्ट में कहा, पूरी दुनिया कह रही है कि खुले आम पैसा और समान बंट रहा है, पर चुनाव आयोग कह रहा है कि उन्हें सबूत और गवाह नहीं मिल रहे। दरअसल, नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर ने मंदिर मार्ग पुलिस थाने के थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर प्रवेश वर्मा के खिलाफ शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा था। शिकायत में कहा गया था कि प्रवेश वर्मा मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के पास वाल्मीकि मंदिर के परिसर में मतदाताओं को जूते बांट रहे थे। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है।

गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी ने प्रवेश वर्मा के पैसे, जूते, कंबल और साड़ियां बांटने जैसे तमाम कामों के कई वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट किए और चुनाव आयोग से भी इसकी शिकायत की थी। प्रवेश वर्मा को लेकर लगातार आम आदमी पार्टी इस बात की शिकायत करती आ रही है कि वह पैसे के दम पर नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतना चाहते हैं।

## बीजेपी नेता ने टिकट देने के बहाने पार्टी की महिला का किया रेप, गंदा वीडियो बनाकर करता था ब्लैकमेल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले मे भाजपा के नेता को पार्टी की महिला नेता से बलात्कार तथा अश्लील विडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने उसे तुरंत पार्टी से निष्कासित कर दिया है। आरोपी ने टिकट देने के बहाने महिला का रेप किया तथा उसका वीडियो बनाकर उसके परिवारजनों से पैसे कि मांग करता था।

**इधर भाजपा नेता की गिरफ्तारी और जेल जाने के बाद भाजपा पार्टी ने भी उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया है**



जानकारी के अनुसार, बीजेपी के नेता अजय पाल सिंह चौहान शहर के एक प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखने वाली महिला को टिकट देने के बहाने उसका रेप किया था, उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसके परिवार और महिला को ब्लैकमेल करने लगा। पीड़ित महिला ने भाजपा नेता पर रेप और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाकर पुलिस मे शिकायत दर्य करवाई, एफआईआर में कहा कि आरोपी अजीत पाल सिंह चौहान ने महिला के पति को जान से मारने की धमकी भी दी और उसके ससुर को अश्लील वीडियो दिखाकर पैसे देने के लिए मजबूर किया। जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर भाजपा नेता को रीवा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इधर भाजपा नेता की गिरफ्तारी और जेल जाने के बाद भाजपा पार्टी ने भी उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

अजीत पाल सिंह चौहान पर 13 जनवरी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1) (रेप), 308(5) (किसी को मौत या गंभीर चोट का डर दिखाकर जबरन वसूली), 296 (अश्लील कृत्य) और 351(3) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**आरोप** राहुल गांधी ने मोहन भागवत पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा, आरएसएस और उनके सहयोगियों पर व्यवस्थित रूप से भारत के संस्थानों पर कब्जा करने का आरोप लगाया

## भाजपा-आरएसएस ही नहीं हमारी लड़ाई इंडियन स्टेट से भी, राहुल गांधी के बयान से छिड़ा बड़ा विवाद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा, आरएसएस और उनके सहयोगियों पर व्यवस्थित रूप से भारत के संस्थानों पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।

राहुल गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी की लड़ाई अब राजनीतिक विरोधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय राज्य की मशीनरी के खिलाफ है। राष्ट्रीय राजधानी में नए कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, ऐसा मत सोचिए कि हम निष्पक्ष लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर आप मानते हैं कि यह सिर्फ बीजेपी या आरएसएस जैसे राजनीतिक संगठन के खिलाफ है, तो समझ लीजिए कि उन्होंने हमारे देश की लगभग हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हमारी लड़ाई भारतीय राज्यों से भी है।

वैचारिक लड़ाई का जिक्र करते हुए गांधी ने भारत के दो परस्पर विरोधी विचारधाराओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यह भारत में होने वाली मुख्य लड़ाई है। दो विचारधाराओं में टकराव है। एक हमारा विचार है संविधान का विचार और दूसरा आरएसएस का विचार है। भागवत के इस बयान का जिक्र करते हुए कि 'राम मंदिर के निर्माण से ही सच्ची आजादी मिलीइ गांधी ने कहा, मोहन भागवत में इतनी हिम्मत है कि वे हमें बता रहे हैं कि वे स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्र के बारे में क्या सोचते हैं। उन्होंने कल जो कहा वह देशद्रोह है क्योंकि अगर वे कह रहे हैं कि संविधान अमान्य



है और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अमान्य थी तो यह देशद्रोह है। यह कहना कि भारत को 1947 में आजादी नहीं मिली, हर एक भारतीय का अपमान है। और अब समय आ गया है कि हम ऐसी बकवास सुनना बंद करें।

राहुल गांधी ने आगे कहा, यह इमारत भारत की आत्मा पर कांग्रेस पार्टी के प्रभाव की याद दिलाती है।आज सत्ता में बैठे लोग न तो तिरंगे को सलाम करते हैं और न ही संविधान का सम्मान करते हैं। भारत के लिए उनका दृष्टिकोण कुछ चुनिंदा लोगों के नियंत्रण और दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों की आवाज को दबाने का है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिमी दुनिया के विपरीत, जो स्वयं से बाहर की चीजों पर ध्यान केंद्रित करती है, भारतीय सोच का तरीका स्वयं को समझने के बारे में है।

कांग्रेस नेता ने महाराष्ट्र चुनाव में अनियमितताओं की ओर इशारा करते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा, लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच अचानक करीब एक करोड़ नए मतदाताओं का सामने आना चिंताजनक है। चुनाव आयोग पारदर्शी मतदाता सूची देने से क्यों इनकार कर रहा है? यह जानकारी रोककर वह किस उद्देश्य की पूर्ति कर रहा है? पारदर्शिता की यह कमी हमारे लोकतंत्र को कमजोर करती है। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के संकल्प को दोहराते हुए अपना भाषण समाप्त किया। उन्होंने कहा, हम इस एजेंडे का सामना करने और उसे हराने के लिए सक्षम एकमात्र पार्टी हैं क्योंकि हम एक विचारधारा वाली पार्टी हैं। यह लड़ाई भारत की आत्मा की रक्षा के लिए है और कांग्रेस उस मिशन के लिए प्रतिबद्ध है।

# 2027 विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने के लिए बूथ स्तर पर युद्ध स्तर पर कार्यकर्ता करेंगे काम: मिठाई लाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के नेतृत्व में आज लखनऊ में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें अंबेडकर वाहिनी के कार्यकर्ताओ को 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सपा की सरकार बनाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट जाने को कहा गया।
भारती ने कहा कि समाजवादी पार्टी से दलित समाज को बड़े पैमाने पर जोड़ने के लिए वाहिनी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दलित बस्तियों में जाकर दलित समाज को जागरुक कर सपा से जोड़ेंगे और आने वाले 2027 की विधानसभा चुनाव में सपा को वोट व सपोर्ट करने की अपील करेंगे इसी को ध्यान में रखते हुए सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी बूथ स्तर पर संयोजक बनाये जाएंगे ।



भारती ने कहा कि हर लोकसभा व विधानसभा पर बूथ संयोजक कमेटी बनाकर दलित पिछड़ों को जागरूक करेंगे और विधानसभा पर पीडीए सम्मेलन व संविधान बचाव को और धार दे देंगे आने वाला समय समाजवादी व अंबेडकर वादियों का होगा और समाज के दबे कुचले वंचित पिछड़ों के विकास के लिए समाजवादी पार्टी कार्य करेगी यह जानकारी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने दी बैठक में प्रमुख रूप से देवकली प्रसाद पूर्व मंत्री, रामसागर अकेला पूर्व विधायक, राम बाबू सुदर्शन राष्ट्रीय महासचिव, सत्य प्रकाश सोनकर राष्ट्रीय महासचिव, शिव शंकर, राजेंद्र वर्मा, धर्मेंद्र कुमार यादव, ओमवीर, किरण वर्मा सोनू भारती, सत्येंद्र कुमार, प्रेम गौतम आदि।

# रईसपुर खेल परिसर में केंद्र लोक निर्माण विभाग के जेई के साथ पार्षद प्रतिनिधि ने खेल परिसर का निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रईसपुर खेल परिसर में केंद्र लोक निर्माण विभाग के जेई शशांक राघव के साथ पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह (राजू) खेल परिसर का निरीक्षण किया और निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया की स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए



शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जिसका कार्य कल से प्रारंभ होगा और स्टेडियम में दो चेंजिग हॉल बनाए जाएँगे जो की बेहद सराहनीय कार्य हैं और इसके साथ उन्होंने यह आस्वासन दिया कि खेल परिसर में बैडमिंटन कोट, बास्किटबॉल कोट, कबड्डी, खोखों , फुटबॉल रनिंग ट्रेक आदि के निर्माण का कार्य भी जल्द प्रारम्भ किया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों सकें।

# इंडियन सिल्क गैलरी हैंडलूम एक्सपो 2025 के प्रथम संस्करण का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** नव वर्ष वेडिंग सीजन पर लखनऊ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के नेपटून सभागार साइबर हाइट्स कठौता चौराहा रोड गोमती नगर लखनऊ में 21 जनवरी तक आयोजित इंडियन सिल्क गैलरी हैंडलूम एक्सपो 2025 के प्रथम संस्करण का उद्घाटन पूर्व जिलाधिकारी आराधना शुक्ला ने किया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि को बुके देकर विनय कुमार व जावेद मकसूद व श्री निवास राव ने स्वागत किया इस अवसर पर विकास आयुक्त हैंडलूम के सहयोग से लखनऊ में 100% शुद्ध प्राकृतिक रेशों (रेशमी, कपास, लिनन) पूरे भारत से सीधे हथकरघा उत्पाद सभी प्रकार के है बनारसी, तस्सर कांथा एवं मुद्रित, गढ़वाल, चंदेरी/महेश्वरी, कोटो जयपुर बगरू प्रिंट्से बेंगलुरु शुद्ध क्रेप सिल्क्स कलमकारी, कांचीपुरम, पोचमपल्ली इक्कत/वेंकटगिरी/ नारायणपेट/उप्पादा जामधानी/ पैठानी/ कोलकाता बुटीक/ चंपा



कोसा साड़ी और कॉटन साड़ी और ड्रेस सामग्री / लाइफ स्टाइल गारमेंट्स हैंडलूम उत्पादों की लगी प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद। मुख्य अतिथि ने कहा इतनी सारी प्योर वैरायटी एक साथ देखकर मुझे आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा कि एक ही छत के नीचे प्रदेश के विभिन्न राज्यो के उत्पाद लखनऊ वासियों को किफायती दामों में उपलब्ध होते है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यो से आये बुनकरों से उत्पाद के बारे में जानकारी ली प्रदर्शनी में आये उत्पाद अपने आप मे अलग पहचान रखते है।

**सदर बाजार से मनोज कुमार जिंदल व बल्लीमारान विधानसभा से कमल बागड़ी के नामंकन में शामिल हुए अतुल गर्ग**

# सांसद अतुल गर्ग को दिल्ली चुनाव में बनाया गया स्टार प्रचारक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली (आशा चौधरी )।** दिल्ली विधान सभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया तेजी पर चल रही है वही सभी पार्टी के प्रत्याशी नामांकन कर रहे हैं। भाजपा संगठन ने गाजियाबाद लोक सभा से सांसद अतुल गर्ग को दिल्ली चुनाव के स्टार प्रचारक की 40 की सूची में रख कर विश्वास जताया है वही आज सुबह सदर बाजार विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्यशी मनोज कुमार जिंदल व बल्लीमारान विधान सभा सीट से कमल बागड़ी के नॉमिनेशन में साथ रहे। इस अवसर पर अतुल गर्ग ने कहा कि दिल्ली में 8 तारीख को भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। दिल्ली के चहुमुखी विकास के लिए अब की बार भाजपा की सरकार जरूरी है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले भी उपस्थित रहे।






# रिवर हाईट सोसाइटी के नेत्रव मे सिनीयर सिटीजन और सभी भाईयो और सोसाइटी निवाशियो ने बड़े ही भव्य तरीके से केक काटकर मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आर एस एस के प्राचारक रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद उपाध्याए और प्रिंस त्यागी मोरटी वालो का जन्मदिन सुबोध त्यागी सचिव रिवर हाईट सोसाइटी के नेत्रव मे सिनीयर सिटीजन और सभी भाईयो और सोसाइटी निवाशियो ने बड़े ही भव्य तरीके से केक काटकर मनाया उसके बाद नवजीवन कुष्ठ आश्रम मे जाकर भंडारे का आयोजन किया इस अवसर पर भूपेंद्र भरद्वाज रविंद्र त्यागी रस्तोगी जी एम के सिंह अजय शर्मा राजेश शर्मा प्रिंस पर्व त्यागी मोनू संदीप संजय त्यागी और बहुत से संम्मानीत सोसाइटी निवासी उपस्थित रहे सुबोध त्यागी ने आये हुए सभी निवासियो का धन्यवाद दिया ।







# डी.जे.जे.एस संतुलन ने कन्या बचाओ अभियान के अंतर्गत लोहड़ी पर्व मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कार्यक्रम का शुभारम्भ आशुतोष महाराज की ब्राह्मज्ञानी शिष्याओ द्वारा वेद मंत्रो के उच्चारण से किया गया। इसके बाद वार्मअप सेशन, स्त्री जीवन के मूल्यों से अवगत कराती एक महत्वपूर्ण स्किट तथा अन्य विभिन्न रोचक गतिविधियाँ जैसे स्पिन द व्हील जिसमें विवेकानंद के चारित्रिक गुणों के बारे में पूछा गया , कर्मा विडिओ, म्यूजिक बैंड,मैडिटेशन, सेल्फी स्पॉट आदि शामिल थीं माताओ और बहनो को तरह तरह कि एक्टिविटी और फन गेम्स के माध्यम से समझाया गया कि एक सुन्दर समाज के निर्माण में एक सशक्त ब्रह्मज्ञानी नारी की कितनी अहम भूमिका है । इस कार्यक्रम में सैकड़ो माताएँ व बहने शामिल रही। साध्वी श ?वेता भारती जी ने महिलाओं की निम्न स्थिति और बढ़ते अपराधों,



कुसंगती में फसी नारी और आज नारी को मिलने वाली स्वतंत्रता का कैसे नारी दुरूपयोग कर रही है इस बारे में बताते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। अंत में रिफ्रेशमेंट के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।हम सभी जानते है लोहड़ी बेटी के जन्म को लेकर मनाया जाने वाला पर्व है। हालाँकि, आत्म-जागृति के बिना उनके जन्म को लेकर त्योहार मनाने से परिवर्तन का वादा नहीं किया जा सकता। इसी के साथ डी.जे.जे.एस. संतुलन अपने वार्षिक अभियान- 'कन्या बचाओ' के तहत हर संभव माध्यम से समाज की मानसिकता को बदलने का प्रयास कर रहा है। इस मुहीम के अंतर्गत पिछले लगभग 14 वर्षों से विभिन्न शहरों में विभिन्न प्रकार की संवेदनशील गतिविधियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और हजारों लाभार्थी हुए हैं ।

# रीवर हाइट्स सीनियर सिटीजन एसोसिएशन रजिस्टर्ड की कार्यकारिणी का चुनाव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रिवर हाइट सोसायटी राज नगर एक्सटेंशन में चुनाव की प्रतिक्रिया इस प्रकार





रही दिनांक 15-01-2024 को रीवर हाइट्स सोसाइटी के क्लब हाउस में आयोजित सामान्य निकाय बैठक में सम्पन्न हुआ। जिसमें कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। श्रद्धानंद त्यागी को निर्विरोध रीवर हाइट्स सीनियर सिटीजन एसोसिएशन गाजियाबाद का अध्यक्ष चुना गया। पूरी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को ब्योरा निम्न प्रकार है। अध्यक्ष श्रद्धानंद त्यागी,उपाध्यक्ष अशोक कुमार चौहान,दिनेश त्यागी महासचिव कुलदीप गुप्ता,संयुक्त सचिव विनय मेहरा कोषाध्यक्ष, एसकेपी सिन्हा सदस्य, जयदेव सिंह, टी के दिक्षित रविन्द्र त्यागी अनिल मित्तल पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र भारद्वाज को संरक्षक एवं वेदराम शर्मा को मेंटर बनाया गया। सभा में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों ने कर्तल ध्वनि से नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया। शानदार ब्रंच के उपरान्त सभा की अध्यक्षता कर रहे जनेश्वर प्रसाद त्यागी ने अपने आशीर्वचन के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा कर दी।

# गाजियाबाद का प्राचीन नाम वापस लौटाए जाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** प्राचीन नाम वापस लौटाए जाने का राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा हर स्तर पर समर्थन किया जाने का निर्णय लिया गया है ।
यह जानकारी देते हुए बालकिशन गुप्ता जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल रेलवे बोर्ड सदस्य व पंडित अशोक भारतीय ने बताया कि पूर्व में भी इस विषय का ज्ञापन शासन को भेजा गया है।
राष्ट्र व संस्कृति सेवा में अनवरत संलग्न सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट संदीप त्यागी रसम के नेतृत्व में अत्याचारियों को सम्मानित करती मानसिकता भारत छोडो अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद का पुराना नाम गजप्रस्थ वापस दिलाने हेतु जन जागरण का जो कार्य किया जा रहा है उसके समर्थन में स्नातक संघ के सभी पदाधिकारी अपना समर्थन देते हैं सभी





अपने प्रतिष्ठान पर 21 जनवरी को गजप्रस्थ दिवस मनाएंगे राष्ट्रीय व्यापार मंडल सभी नागरिक संगठन व्यापार मंडल संगठन आरडब्ल्यूए से 21 जनवरी को गजप्रस्थ दिवस के रूप मे मनाने की अपील की ।

# डॉ.अतुल जैन ने नरेंद्र कश्यप को जन्मदिन की बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव



डॉ.अतुल कुमार जैन ने नरेंद्र कश्यप राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी। ईश्वर से प्रार्थना की कि वे सदैव प्रसन्न रहें स्वस्थ रहें दीघार्यु हों और राजनीतिक क्षेत्र में आमजन के हितार्थ कार्यों में संलग्न रहते हुए दिनों दिन प्रगति करते रहें।

**बैठक**

## बर्ड फ्लू की रोकथाम हेतु सतर्क रहें सभी विभाग, जनता में फैलायें जागरूकता : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बर्ड फ्लू टास्क फोर्स व जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बर्ड फ्लू के प्रति जागरूक रहना महत्वपूर्ण जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह बर्ड फ्लू के सम्बंध में पशु पालन विभाग और स्वास्थ्य विभाग रहे अलर्ट मोड पर: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बर्ड फ्लू टास्क फोर्स व जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत हुई। बर्ड फ्लू के लक्षण व बचाव हेतु सुझाव बैठक के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएन्जा) बीमारी से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियों, सावधानियों एवं सतर्कता हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि हमें जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए सभी जनपदवासियों को बर्ड फ्लू के प्रति जागरूक करना हैं, कि पक्षियों में इसके लक्षण किस प्रकार से देखे जा सकते है और इससे बचाव हेतु क्या–क्या सावधानियां बरतनी है। उन्होने बर्ड फ्लू के लक्षणों के बारे में बताया कि बर्ड फ्लू से संक्रमित पक्षी की आंख व नाक से लाल रंग का पानी निकलता है, उन्हें हरे व लाल रंग का पतला दस्त (बीट) होता है। पक्षी को ज्वर आता है। कलगी बैठक व पैर बैंगनी हो जाते हैं। पक्षियों के गर्दन तथा आंखों के निचले हिस्से में सूजन आ जाती है। इसके साथ ही अण्डा उत्पादन कम, श्वास लेने में कठिनाई, छींक, खांसी, एक जगह पर बैठे रहना, सिर एवं गर्दन में सूजन आदि हो जाना मुख्य लक्षण हैं। इससे प्रभावित पक्षियों की मृत्यु हो जाती है। उन्होने कहा कि बर्ड फ्लू से बचाव हेतु बायोसिक्योरिटी,





साफ,सफाई रखना। मुर्गी, बत्तख, मछली तथा सूकर पास,पास ना पालें। बीमार पक्षियों के बीट से बचें। मृत प्रवासी पक्षियों से प्रभावित कुक्कुट प्रक्षेत्रों से तथा एच0पी0ए0आई0 से ग्रसित पक्षियों के शव विच्छेदन से बचें। यदि कुक्कुट पालन का कार्य पूरी बायोसिक्योरिटि अपनाते हुए संतुलित आहार, स्वस्थ चूजों, उत्तम रख–रखाव विधि से किया जाये तथा मृत पक्षियों का डिस्पोजल, डिस्पोजल पिट में किया जाये तथा बीमार पक्षियों को तुरन्त निकाल दिया जाये तो रोग फैलने की सम्भावना कम हो जाती है।

**बर्ड फ्लू के प्रति जागरूक रहना महत्वपूर्ण**

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने विशेष रूप से पशु पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम,नगर पालिका,नगर पंचायत विभाग, सिंचाई विभाग सहित सभी विभागों को निर्देशित किया कि किसी भी कारण से जनपद में बर्ड फ्लू ना फैलें, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाते हुए जनता में बर्ड फ्लू के लक्षणों और उपायों की जानकारी दी जाएं। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि यदि बर्ड फ्लू से सम्बंधित कोई पक्षी या ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है तो वह इसकी जानकारी पशु पालन विभाग को अवश्य दें। किसी भी बीमारी को रोकना और सभी का बचाव कराना हम सभी की नैतिक व अहम जिम्मेदारी है। बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएन्जा) एक विषाणु ?जनित (वायरल) इन्फेक्शन है। यह आरएनए टाईप ए वायरस है। इसके तीन एन्टीजन टाईप ए, बी आर सी होते हैं। बी एवं सी मनुष्यों में इन्फ्लूएन्जा रोग के प्रमुख कारण है। टाईप ए पक्षियों में तथा मनुष्यों, सूकरों, घोडे तथा बन्दरों में भी रोग उत्पन्न करते हैं।
जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जनपद गाजियाबाद अन्तर्गत शत्रु सम्पत्तियों की कृषि भूमि पर यदि कब्जा है तो उसे कब्जा मुक्त कराकर और जो खाली है, इसके साथ ही एलएमसी की भूमि पर गोवंशों हेतु चारा उत्पादन किया जाएं।

# गाजियाबाद का प्राचीन नाम वापस लौटाए जाने का आर्य केंद्रीय सभा महानगर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अधिवक्ता संदीप त्यागी रसम के नेतृत्व में हर स्तर पर समर्थन किया जाने का निर्णय लिया गया है गाजियाबाद का पुराना नाम गजप्रस्थ वापस



दिलाने हेतु जन जागरण का जो कार्य किया जा रहा है उसके समर्थन में आर्य केंदीय सभा महानगर गाजियाबाद के समस्त आर्य समाज भी अपना समर्थन देते हैं सभी आर्य समाज 21 जनवरी को प्रातः हवन के माध्यम से सभाओं का आयोजन करके अपना समर्थन प्रशासन को प्रस्तुत करते हैं ।

विधायक ने 115 ट्रैक सूट केजीबीवी की छात्राओं में वितरित किये

# शिक्षित बेटिया समाज,परिवार व देश का नाम रोशन करती है : हरेन्द्र सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद की गढ़मुक्तेश्वर विधान सभा क्षेत्र में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित ट्रैक 115 ट्रैक सूट छात्राओं में वितरित किये। विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतिया ने कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करें,दोनों को समान शिक्षा दें,जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार,समाज व देश का नाम रोशन



सूट वितरण कार्यक्रम में भाजपा विधायक ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 115 ट्रैक सूट छात्राओं में वितरित किये।
गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित ट्रैक वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतिया पहुंचे। जहां विधायक ने करें। शिक्षा प्राप्त करके ही उन्नति प्राप्त की जा सकती है।
इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह,खंड शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता,जिला समन्वयक अमित शर्मा,पंकज यादव,मनीष द्विवेदी,रविन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट के आदेशानुसार बैंक यदि नहीं करते आपत्ति का निस्तारण तो लागू नहीं होता है सफेर्सी कानून: वीरेन्द्र शिशोदिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/धौलाना।** जनता सरकार मोर्चा के वीरेन्द्र शिशोदिया ने बताया की देश के विभिन्न जनपदों के डीएम खुलकर हाईकोर्ट के 2015 में आए आदेश की अवेहलना कर रहे । सफेर्सी एक्ट कानून की पूरी जानकारी होने के कारण प्रशाशन और बैंक वित्तीय संस्थान लोगो के संवैधानिक अधिकार की निरंतर अवेहलना कर उनकी मूल संपत्ति पर षड्यंत्र कर अवैध कब्जा कर रहे है। जो मानव अधिकारो खुला उल्लंघन है । ये बात पत्रकार वार्ता में जनता सरकार मोर्चा के वीरेन्द्र शिशोदिया ने कही । उन्होंने बताया की सफेर्सी एक्ट 2002 का सुप्रीम नियम ये है की जब तक बैंक या वित्तीय संस्थान लेनदार द्वारा दर्ज की गई आपत्ति या आवेदन का निस्तारण नहीं करता या संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं देता तब तक सफेर्सी अधिनियम लागू नहीं होता । इस मामले में माननीय उच्च न्यायालय ने भी 2015 में स्पष्ट आदेश जारी किया है । बावजूद इसके डीएम लेनदार को सुने बिना बैंक और वित्तीय संस्थानों के पक्ष में एकपक्षीय आदेश कर माननीय उच्चन्यायलय के आदेशों की अवेहलना कर रहे है । जिस व्यक्ति को इसकी जानकारी नहीं है नियम विरुद्ध बैंक उसकी संपत्ति पर अवैध कब्जा कर लेते है । इसलिए जनता सरकार मोर्चा लोगो को जागरूक कर रहा है । जिससे लोगों की मूल संपत्ति को बचाया जा सके । उन्होंने बताया की किसी भी गिरवी रखी गई संपत्ति की जब तक रजिस्ट्री कार्यालय में आरएम ना हो तब भी ये कानून लागू नहीं होगा । चाहे आपकी मूल ओरिजनल रजिस्ट्री बैंक के पास हो बिना आरएम के उपरोक्त कानून लागू नहीं होगा । वही यदि किसी संपत्ति का कोई वाद कोर्ट में विचाराधीन है उस संपत्ति पर लोन है तो बैंक या वित्तीय संस्थान नोटिस तक नही दे सकता । यदि बैंक ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करे । इसलिए जागरूक बने और डीएम के द्वारा की जा रही एक पक्षीय आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में कंटेंप्ट डाले । इसमें जेएसएम आपके साथ रहेगा ।

- डीएम लेनदार को बिना सुने करे एकपक्षीय आदेश तो करे हाईकोर्ट में कंटेंप्ट दाखिल
- किसी भी जिले का डीएम नही कर सकता हाईकोर्ट प्रयाग की अवेहलना
- लोगो को सफेर्सी का डर दिखाकर बैंक और वित्तीय संस्थान कर रहे है अवैध वसूली
- कोर्ट में विचाराधीन संपत्ति पर यदि लोन है तो कोई नोटिस तक नही दे सकता बैंक



वीरेन्द्र शिशोदिया जानकारी देते हुए

वीरेन्द्र शिशोदिया ने बताया की आजकल हर छोटे बड़े शहर कि तो छोड़ो छोटे छोटे गांव गांव में भी वित्तीय संस्थान अपने आफिस खोलकर बैठ चुके है और फर्जी करेंसी बाट लोगो की जल जंगल जमीन पर कब्जा कर रहे है जो बहुत भयानक षड्यंत्र है और सरकारों का इसमें सहयोग है जिससे लोग अपनी जमीन से विस्थापित हो और वो अपनी मूल पहचान खो दे और देश में अपनी दावेदारी पेश ना कर सके । इसलिए देश की जनता को इस भयानक षडयंत्र को समझना होगा ।
जेएसएम के साथ खड़ा होकर उसे मजबूती देनी होगी । जिससे सरकारों के इस षड्यंत्र को परवान चढ़ने से पहले ही ध्वस्त किया जा सके । और गांव गांव फेल चुके बैंको और वित्तीय संस्थानों के मकड़जाल नेस्तनाबूद करे । सभी ग्राम वासी अपने ग्रामों में खुले इन वित्तीय संस्थानों को भगा दे जिससे इनकी हमारे गांव की तरफ रुख करने की हिम्मत ना हो । तभी हमारे गांव , जल , जंगल , जमीन , और पशु सुरक्षित रह सकेंगे । जरूरत है हमारी जनता जागरूक हो । वीरेन्द्र शिशोदिया ने कहा की जल्द ही ये लड़ाई बड़े स्तर पर निर्णायक मोड़ पर पहुंचेगी और इसमें देश की जनता की जीत होगी ।

# डीएम ने जिले में निर्माणधीन कार्यों की समीक्षा की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिला सभागार में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने जनपद में हो रहे 50 लाख से अधिक व 50 लाख से कम लागत के निर्माण कार्यों की जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक कर निर्माण कार्य में चल रही धीमी प्रगति को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश।

- निर्माण कार्य में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान, समयान्तराल करें कार्य पूर्ण
- डीएम सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा में विभाग की प्रगति खराब होने पर नाराजगी जाहिर
- अधिकारी दो-दो टीबी के मरीजों को गोद लें

जिला अर्थ और संख्याधिकारी ने बताया की 50 लाख से अधिक की कुल 49 परियोजना है। राजकीय महिला महाविद्यालय धौलना,गौ संरक्षण केंद्र धौलना, गढ़मुक्तेश्वर मे वृजघाट का निर्माण,आई टी आई बडौदा की समीक्षा के दौरान आईटीआई बडौदा को समय से पूरा कर संबंधित को जल्द से जल्द हस्तांतरित करने के निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की जनपद में जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यदायी संस्था से समन्वय बनाकर उसको समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने 50 लाख से कम धनराशि वाली परियोजनाओं मे बाल विकास परियोजना कार्यालय गढ़मुक्तेस्वर, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कालेज तथा अन्य योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारीगण मानक एवं गुणवत्ता सहित लक्ष्य को समय से पूरा करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाकर अमल में लाएं। कार्य गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए।



जिलाधिकारी ने सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा में विभाग की प्रगति खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होने प्रोजेक्ट वाइज समीक्षा के दौरान जिन विभागों की रैंक सी0डी0ई0 की श्रेणी में है उनको विशेष निर्देश दिए की सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर फिडिंग का कार्य सही प्रकार से किया जाए,जिससे जनपद की रैंक प्रभावित न हो।

बैठक में डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारी,खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि फैमिली आईडी में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी का डाटा फीड कराए,इसके साथ ही टी0बी के दो-दो मरीजों को गोद लेने की भी जिम्मेदारी अधिकारियों को दी गई है।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग /विद्युत/ जल निगम / सिंचाई सहित अन्य संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।

सरकार की योजनाओं से युवाओं में जोश : नरेन्द्र अग्रवाल

# एसपी ने एटीएमएस कालेज में छात्रों को टैबलेट वितरित किये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित गांव अच्छेजा स्थित एटीएमएस समूह के परमार्थ कालेज ऑफ फामेर्सी के छात्रों को प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरित किए गए। जिन्हें पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ समूह चेयरमैन नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने करते हुए कहा कि कि प्रदेश सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं के कौशल को विकसित कर उद्यमिता के अवसर प्रदान करना है। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि तकनीक के विकास से सामान्य जीवन में सहयोग तो प्रदान किया है, लेकिन इसके उपयोग के लिए सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में युवाओं के लिए अनेक सामाजिक दायित्वों को भी निर्धारित किया है। विशिष्ट अतिथि पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष आशु शर्मा व जिलाध्यक्ष संजय डाव ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान संस्था सचिव रजत अग्रवाल,आपिश अग्रवाल,संजय डाबर,विजय राठी, बिजेंद्र सिंह, अरुण आदि थे।





# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कैम्प आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)।** पिलखुवा में स्वर्गीय लाला गंगासहाय की 102वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में लाला गंगासहाय की धर्मशाला में नगर पालिका परिषद पिलखुवा अध्यक्ष विभू बंसल द्वारा स्वर्गीय लाला गंगासहाय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अधौडी परिवार द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं जांच शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अखिलेश मित्तल , नवनीत मित्तल जी, डॉ संजीव शर्मा , आशीष मित्तल, एवं वरदान नेत्र चिकित्सालय के सभी सम्मानित डॉक्टर व पिलखुवा नगरवासी उपस्थित रहे।




# भगवान को वश में करने का एक मात्र साधन भक्ति ही है : आचार्य राजीव कृष्ण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुलंदशहर रोड स्थित श्री मां मनसा देवी मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति द्वारा वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य राजीव कृष्ण भारद्वाज महाराज ने कहा कि भगवान को अहंकार बिल्कुल भी पसंद नहीं है,चाहे कोई भी क्यों न हो,इंद्र ने अपने को सर्वशक्तिमान मानते हुए अहंकार के वशीभूत होकर ब्रज पर घनघोर जल जी वर्षा की थी। किन्तु प्रभु ने अहंकार का मान मर्दन करते हुए गिरिराज को धारण कर अपने समस्त भक्तों की रक्षा की। भगवान को वश में करने का एकमेव साधन भक्ति ही है।

उन्होंने रासलीला के प्रसंग में कहा की शरद पूर्णिमा की रात को गोविन्द ने अपनी बंशी को बजाया तो सभी गोपियों को एसा लगा जैसे कृष्ण मुझे ही बुला रहे हैं और सभी अपना अपना गृह कार्य छोड़कर दौड़ पड़ी कृष्ण से मिलने के लिए वहां श्री कृष्ण ने उन्हें पतिव्रता धर्म को समझाते हुए कहा कि देवियों तुम्हें इस समय अपने पतियों को छोड़कर यहाँ नहीं आना चाहिए था, तो गोपियों ने कहा कि सवके सच्चे पति तो आप ही हैं और जब आपकी प्राप्ति हो गयी तो संसार में हमें क्यों प्रेरित करते हैं हजारों वर्ष तपस्या करने बाले संत ही ब्रज में गोपी बनकर पधारे हैं इनकी साधना पूर्ण होने पर गोविन्द ने इनके साथ रास विहार किया , यह रासलीला काम पर विजय प्राप्त करने की ही लीला है कथा के अंत में कृष्ण संग रुक्मिणी विवाह की मन मोहक झांकियां दिखाई गयी। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा भगवान कृष्ण माता रुकमणी का तिलक किया गया विवाह उत्सव के दौरान श्रद्धालु महिलाएं मस्ती में नृत्य कर रही थी। आज के मुख्य यजमान धर्मपाल बाटला संतोष बाटला, तरुण बाटला चकसूर बाटला, दिनेश गुप्ता स्वाति गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता गीता गुप्ता रहे यजमानों ने श्रीमद् भागवत व्यास गद्दी का पूजन किया





इस अवसर पर शिवकुमार मित्तल, महेश तोमर, बिजेंद्र कंसल, खैलेन्द्र सैनी, लाला राजकिशोर, राकेश माहेश्वरी, कालीचरण सैनी, सोनू सैनी, यादराम सैनी, पराग कंसल, अजय गर्ग, नितिन सैनी, दीपांशु मित्तल, हनी सैनी, विनय महेश्वरी, सुनील सैनी, रितु मित्तल, कविता कंसल, दुर्गेश तोमर, पंखिल मित्तल, विनीता महेश्वरी, अंशिका गोयल, शांति देवी, अमिता महेश्वरी, हरदोई शर्मा, संध्या महेश्वरी, दीपांशी सैनी,छैल बिहारी शर्मा आदि उपस्थित थे।

अभिनंदन समारोह

श्री चंडी मंदिर की नव निर्वाचित प्रबन्ध समिति का सम्मान किया

# नव निर्वाचित कार्यकारिणी ईमानदारी,पारदर्शिता से कार्य करेगी: संजय गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को रेलवे रोड स्थित आरके प्लाजा में सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें नव निर्वाचित श्री चंडी मंदिर प्रबन्ध समिति का भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम म का शुभारंभ श्री चंडी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके उपरांत श्री चंडी मंदिर के चुनाव में नव निर्वाचित प्रधान संजय गुप्ता,उप प्रधान लोकेश गुप्ता,मंत्री मोहित जैन,उप मंत्री अंकुर कंसल,कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, ऑडिटर दीपक गर्ग तथा कार्यकारिणी के सदस्य संदीप गोयल,करुण कंसल, गोपाल अग्रवाल, योगेश सिंघल ,आदित्य गोयल,मनीष कुमार गर्ग, अंकित कंसल, अंकित गर्ग, आशुतोष रस्तोगी,अंकुर जिंदल, वैभव गुप्ता, अमित गोयल सिंपल, देवेश शर्मा, नितिन कुमार,जय भगवान शर्मा का स्वागत पटका,फूल माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम में श्री चंडी मंदिर प्रबन्ध समिति के प्रधान संजय गुप्ता ने कहा कि नई टीम ईमानदारी,पारदर्शिता व कत्रव्यनिष्ठा से कार्य करेगी। कार्यक्रम में पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह देकर व पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन अमित शर्मा टोनी,डा करुण वैद्य,राजेश गौतम डॉ संजीव वशिष्ठ,अनुज शर्मा,राहुल शर्मा द्वारा किया गया। कार्ग्रम का संचालन डॉक्टर वंदना वशिष्ठ द्वारा किया गया। इस अवसर विजय गोयल,मालती भारती,मुनेश कंसल,राखी शर्मा,अलका नित,डॉ डीके वशिष्ठ,चीमा ,सुरेश वशिष्ठ,डॉ प्रेमलता तिवारी,सुनीता स्वामी,सुनीता शर्मा,पूजा शर्मा,टुक्की राम गर्ग,राजेश शर्मा, योगेंद्र पंडित, धर्मेंद्र बंसल,प्रमोद अग्रवाल, ऋतिक त्यागी, सुयश वशिष्ठ ,विनय, प्रमोद ,मुनेश गोयल, राजेंद्र,सुशील,समर्थ कंसल आदि उपस्थित थे।

समारोह में पत्रकार बंधुओं का पटका पहनाकर अभिनंदन किया






# एचपीडीए का बुलडोजर गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र में गरजा, 5 स्थानों पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई,मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में विकास क्षेत्र गढ़मुक्तेश्वर में बुलडोजर से 5 स्थानों पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही की। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माण कर्ताओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।

जनमानस से अपील,मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें:प्रभारी सचिव

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव,सक्षम अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र में बक्सर सिंभावली में फुरकान द्वारा 5000 वर्ग मीटर,ग्राम वैट में महमूद खां,चमन व इन्साफ द्वारा 4000 वर्ग मीटर,ग्राम वैट बक्सर मोड़ पर असलम द्वारा 3000 वर्ग मीटर,बक्सर में शिव कुमार व देवेन्द्र भारती द्वारा 5000 वर्ग मीटर व मोहम्मदपुर खुड़लिया में हरेन्द्र सिंह व नदीम द्वारा 10000 वर्ग मीटर में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया।





उन्होंने अवैध निर्माण कताओं व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निर्माणो को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर, ही निर्माण करे, अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग, कालोनी व निर्माणो को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर प्रभारी प्रवर्तन अम्बरीश कुमार शर्मा, अवर अभियंता देशपाल सिंह,पीयूष जैन व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।

सम्पादकीय

# आप के लिए चुनौतियां कठिन



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। यहां मतदान 5 फरवरी को होगा और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। वैसे चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से काफी पहले ही चुनाव अभियान चरम पर पहुंच चुका था। 2014 के बाद दिल्ली की राजनीति आप बनाम भाजपा के बीच दो ध्रुवीय हो गई है। इसके पूर्व भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य पार्टियां होती थीं। 2013 से कांग्रेस का पतन आरंभ हुआ और पिछले दो विधानसभा चुनाव से वह शून्य पर है। भाजपा भी 1998 से सत्ता से बाहर है। भाजपा सत्ता में आना चाहती है तो कांग्रेस भी दिल्ली की मुख्यधारा में वापसी की कोशिश में है।

प्रश्न है कि क्या इस बार पिछले दो विधानसभा चुनावों से अलग परिणाम आएगा? क्या सत्ता परिवर्तित होगी? क्या दिल्ली की राजनीति तीन ध्रुवीय होगी? पिछले चुनाव तक कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की नीति किसी तरह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता में आने से रोकना था। इसके लिए वह हर तरह का समझौता कर रही थी। लोक सभा चुनाव में आप के साथ सीटों पर समझौता भी हुआ। कांग्रेस ने रणनीति बदली और वाकई दिल्ली में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। बावजूद कुछ समय पूर्व लगता था कि आप तीसरी बार एकपक्षीय जीत प्राप्त कर सकती है। चुनाव या किसी संघर्ष में प्रतिद्वंद्वी को पराजित करने का सबसे बड़ा सूत्र आक्रामक होना है यानी आक्रामक होकर प्रतिद्वंद्वी को उत्तर देने तक सीमित रख दीजिए। केजरीवाल ने लगातार ऐसी घोषणाएं कीं जिससे भाजपा के सामने उत्तर देने का विकल्प दिखता था। भाजपा और कांग्रेस, दोनों केजरीवाल की घोषणाओं का तथ्यात्मक खंडन करती रहीं, उनकी विसनीयता को भी अतीत के आधार पर प्रश्नों के घेरे में लाती रहीं लेकिन ऐसा नहीं था कि एजेंडा भाजपा तय कर रही हो।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव मैदान में उतरने तथा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के साथ स्थिति बदलती दिख रही है। केजरीवाल की सबसे बड़ी ताकत मुफ्त की घोषणाएं रही हैं। इस बार उनका सबसे बड़ा दांव मंदिरों के पुजारियों और गुरु द्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार रुपया मासिक वेतन देने की घोषणा है। इसके पहले महिला सम्मान योजना 2100 रुपया तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निएवं सार्वजनिक अस्पतालों में निशुल्क उपचार की संजीवनी योजना घोषित की। इस समय मुस्लिम मतदाताओं की राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का समर्थन करने की प्रवृत्ति उभरी है। कांग्रेस की आक्रामकता देखकर आप को लग रहा है कि दिल्ली के 11-12 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसके पास गए तो समस्या बढ़ जाएगी। दूसरे, केजरीवाल को समझ आ गया है कि देश में हिन्दुत्व राजनीति का मुख्य निर्धारक विचारधारा के रूप में बना रहेगा। इसका ध्यान रखते हुए उन्होंने पुजारियों और ग्रंथियों के वेतन की घोषणा कर दी तथा भाजपा द्वारा प्रश्न उठाने के बाद कहा कि वह बताए कि इसके पक्ष में है या नहीं? वे पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देना चाहते हैं, या नहीं? यह ऐसा प्रश्न था जिसका स्पष्ट उत्तर देना किसी भी पार्टी के लिए कठिन है। केजरीवाल के बोलने, लोगों को लुभाने की चतुर शैली का उत्तर किसी पार्टी के लिए देना कठिन रहा है। भाजपा का पुजारी प्रकोष्ठ दिल्ली में अत्यंत सक्रिय है, और उनके कारण पार्टी की ताकत भी बढ़ी है। केजरीवाल ने इसी पर चोट करने के रणनीति अपनाई और नहीं कहा जा सकता कि इसका असर नहीं हुआ। लालच किसी को भी डिगा सकता है। इमामों को 18 महीने से वेतन न मिलने का मामला भले ही कांग्रेस या दूसरे विरोधियों के लिए केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने का आधार हो, आप हिन्दुत्व समर्थकों के बीच संदेश देने की रणनीति अपना रही है कि हम घोषणा के बावजूद उनको वेतन दे नहीं रहे और केवल पुजारियों और ग्रंथियों को देंगे। सार्वजनिक रूप से न बोलते हुए भी जमीन पर ऐसा प्रचार देखा जा सकता है। भाजपा शायद इस रणनीति को आरंभ में नहीं समझ पाई। बावजूद आप और केजरीवाल के लिए यह चुनाव 2015 और 2020 से गुणात्मक रूप से काफी भिन्न और बड़ी चुनौतियों वाला है। भाजपा ने जैसे उम्मीदवार उतारे हैं, उनसे पिछले दो विधानसभा चुनावों के विपरीत लगता है कि वह जीतने के लिए लड़ रही है। केजरीवाल के विरुद्ध प्रवेश वर्मा तथा मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध रमेश बिधूड़ी को उतारना इसका प्रमाण है। कांग्रेस की ओर से संदीप दीक्षित केजरीवाल को चुनौती दे रहे हैं, और पार्टी ने अच्छे उम्मीदवार उतारे हैं यानी दोनों पार्टियां केजरीवाल को किसी भी तरह पराजित करना चाहती हैं।

# हिंडनबर्ग रिसर्च : भेड़िया आया... चला गया



राधा रमण

भेड़िया आया ... शिकार किया ... और चला गया। अमेरिकी नागरिक नाथन एंडरसन पर यह उक्ति सटीक बैठती है। अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने बुधवार को अचानक अपनी दुकान बंद कर दी है। 2017 में नाथन एंडरसन नामक अमेरिकी नागरिक द्वारा स्थापित इस संस्था ने महज आठ साल के अंदर न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया के कई देशों के शेयर बाजार में भयानक उथल-पुथल मचाई थी। हिंडनबर्ग रिसर्च के काम करने का तरीका बिलकुल अलग था। यह रिपोर्ट तैयार करने के बाद अपनी वेबसाइट के माध्यम से दुनियाभर में जारी करती थी। रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितता का जिक्र होता था। चूंकि हर व्यापारिक समूह मुनाफे के लिए ही कारोबार करता है। इसलिए तत्काल किसी को शक भी नहीं होता है। लोगबाग उस रिपोर्ट को सच मान लेते हैं। उस देश की विपक्षी पार्टियां हवा देने लगती हैं। सरकार किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाती है। जिस किसी व्यापारिक समूह के खिलाफ यह रिपोर्ट होती थी, जब तक वह संभलता तब तक उसके शेयर बाजार में भूचाल आ चुका होता था। उसके हजारों-लाखों करोड़ रुपये अथवा डॉलर डूब चुके होते थे। इसने अपनी रिपोर्ट से देश के अग्रणी उद्योग समूह अडाणी को भी लाखों करोड़ रुपये की चपत लगा दी थी। इसके अलावा निकोला समूह, क्लोवर हेल्थ, कंडी और लार्डस्टाउन मोटर्स आदि कई प्रमुख कंपनियां हैं जिन्होंने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट जारी होने से अपनी जमा पूंजी गंवाई है। खास बात यह कि अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने और पद भार ग्रहण करने के पहले नाथन एंडरसन ने अपनी दुकान बंद कर दी। हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ अमेरिकी अदालतों में कई मुकदमें चल रहे हैं। अमेरिका का डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस जाँच कर रहा है। हालाँकि रिपोर्ट जारी करने के पहले हिंडनबर्ग रिसर्च दावा करता था कि ह्यवह धोखाधड़ी उजागर करके निवेशकों को नुकसान से बचाने के लिए ऐसा कर रहा है।ह्य इससे किसी को इस पर शक भी नहीं होता था। लेकिन आरोप है कि रिपोर्ट जारी करके नाथन एंडरसन करोड़ों रुपये (डॉलर) कमाते थे। जब उन्हें लगा कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप उनके खिलाफ एक्शन ले सकते हैं तो कारोबार समेटकर एंडरसन संत बनने का दिखावा कर रहे हैं। एंडरसन कहते हैं कि ह्यकंपनी बंद करने का फैसला काफी बातचीत और सोच समझ कर लिया है। हमने उन एम्पायर्स को हिला दिया जिन्हें हिलाने की जरूरत थी। उन्होंने लिखा कि ह्य कोई खास बात नहीं है। कोई खास खतरा भी नहीं है। स्वास्थ्य की कोई समस्या नहीं है और कोई बड़ा व्यक्तिगत मुद्दा भी नहीं है। मैंने वह सब हासिल कर लिया है जो हमने टारगेट किया था। मैंने पिछले 8 साल का ज्यादातर समय किसी लड़ाई में या अगली लड़ाई की तैयारी में बिताया है। अब मैं अपने शौक पूरे करने, घूमने, अपनी मंगेतर और बच्चों के साथ समय बिताने के लिए उत्सुक हूँ। मैंने फ्यूचर के लिए काफी पैसा भी कमा लिया है।

नाथन एंडरसन की भोली प्रतिक्रिया और कारोबार समेटने से मुझे एक बार फिर बिहार के कुख्यात ठग मिथिलेश श्रीवास्तव उर्फ नटवर लाल की कही बातें याद आती है। एक बार अपनी गिरफ्तारी के बाद पत्रकारों से उसने कहा था कि ह्यदुनिया में जब तक लालची रहेंगे, ठग भूखा नहीं रहेगा।ह्य लालच चाहे सत्ता की हो अथवा सामान की, दोनों हितकारक नहीं कही जा सकती। एंडरसन ने तो दूसरों पर दोषारोपण करके अपना घर भर लिया। लेकिन नाथन एंडरसन के आरोपों को सही मानकर और उलझकर हमने यह क्या कर लिया? क्या हमारे नेता अमेरिकी अरबपति जार्ज सोरोस को लेकर भी वही गलती तो नहीं कर रहे हैं? आलोचकों का दावा है कि सोरोस की ओपन सोसायटी फाउंडेशन ने कई देशों में राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ावा दिया है। दावा तो यह भी है कि अब उसके निशाने पर भारत है। भारत के एक सियासी परिवार से सोरोस की नजदीकियां जगजाहिर है दोनों के कई फोटोग्राफ भी पब्लिक डोमेन में आ चुके हैं। मुझे पूछने दीजिए कि जिस हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने संसद से लेकर सड़क तक सरकार और गौतम अडाणी के खिलाफ हो-हल्ला मचाया था, अब क्या कहेंगे? क्या हिंडनबर्ग की जिस रिपोर्ट से गौतम अडाणी के 7 लाख करोड़ से अधिक की पूंजी डूब गई, उसे कांगेस पार्टी अब वापस दिलाने की पहल करेगी? क्या सरकार की छवि पर अडाणी को लेकर जो दाग लगा है, उसकी भरपाई हो सकेगी? यकीन मानिए, मैं सरकार अथवा गौतम अडाणी की बेगुनाही का कोई दस्तावेज नहीं दिखा रहा हूँ, न ही मैं दोनों में से किसी का प्रतिनिधि हूँ। मैं पत्रकार हूँ और 35 वर्षों से पत्रकारिता ही कर रहा हूँ। मेरा तो बस इतना ही कहना है कि बिना किसी ठोस सबूत के, हमें किसी पर दोषारोपण करने अथवा किसी की छवि बिगाड़ने का हक नहीं है। कीचड़ अगर हाथ में लेकर हम आसमान पर उछालेंगे तो वह हमारे ही सिर और चेहरे पर गिरेगा। अडाणी, अंबानी, टाटा, बिड़ला हों या कोई और उद्योगपति, राष्ट्र के निर्माण और इसके विकास में उनका योगदान सरकार से कमतर नहीं होता। सड़क, रेल, एयरपोर्ट, पोर्ट, संचार, इंटरनेट, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, बांध, रोजगार से लेकर खानपान की सुविधा तक सभी सुलभ कराने में हमारे उद्योगपतियों का योगदान अहम है। देश की अर्थव्यवस्था के वही रीढ़ होते हैं। इसलिए मेरा मानना है कि उनकी आलोचना सुधार के लिए होनी चाहिए, विरोध के लिए नहीं।


कहीं ऐसा न हो कि अकारण उनको कोसते-कोसते हम अपना अहित कर लें। हम 21 वीं सदी में जी रहे हैं। हमें अपनी सोच बड़ी रखनी होगी। तभी हम विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।

# बाजरा बनाम परिष्कृत अनाजः अपने 2025 आहार के लिए बेहतर विकल्प बनाना



विजय गर्ग

शहरी जीवनशैली में बदलाव के कारण परिष्कृत अनाज, जैसे कि सफेद चावल और परिष्कृत गेहूं का आटा, जिसे 'मैदा' कहा जाता है, की खपत में भारी वृद्धि हुई है। इन अनाजों को मिलिंग और ब्लीचिंग का उपयोग करके अत्यधिक संसाधित किया जाता है ताकि बढ़िया आटा प्राप्त किया जा सके जिसका उपयोग रोजमर्रा की पाक तैयारियों में किया जाता है। ब्रेड, पास्ता, नूडल्स और केक जैसे उत्पाद मुख्य बन गए हैं, खासकर बच्चों के लिए जो अक्सर परिष्कृत आटे से बने खाद्य पदार्थ पसंद करते हैं। हालाँकि, शोध से पता चला है कि परिष्कृत अनाज के अधिक सेवन से वजन बढ़ता है, टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और अन्य पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। इसके विपरीत, बाजरा को न्यूनतम रूप से संसाधित किया जाता है और आम तौर पर इसका सेवन पूरे रूप में या आटे या फ्लेक्स के रूप में किया जाता है। बाजरा बीन, भारत के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में उगाई जाने वाली एक पेटेंट फसल है, जिसने अपने उच्च पोषण मूल्य के लिए लोकप्रियता हासिल की है। बाजरा एक बेहतर आहार विकल्प क्यों हैः ? सतत कृषिः ? बाजरा कम उपजाऊ मिट्टी में न्यूनतम पानी की आवश्यकता के साथ उगाया जाता है, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ फसल बन जाती है। ? उनकी खेती टिकाऊ कृषि पद्धतियों का समर्थन करती है, खासकर सूखा प्रभावित क्षेत्रों में। पोषण संबंधी पावरहाउसः फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और खनिज जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर, बाजरा आहार में अत्यधिक पौष्टिक है। वे ग्लूटेन-मुक्त हैं, जो उन्हें ग्लूटेन असहिष्णुता या सीलिएक रोग वाले लोगों के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता हैः कोविड-19 के बाद, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भोजन विकल्पों की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए, बाजरा ने अपनी प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले गुणों के लिए लोकप्रियता हासिल की है। किसान आजीविका का समर्थन करता हैः ? अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023 जैसी पहल ने बाजरा की खेती को प्रोत्साहित किया है, जिससे शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में किसानों की आजीविका में सुधार हुआ है। बहुमुखी और ट्रेंडीः बाजरा-आधारित उत्पाद भोजन, नाश्ते और यहां तक कि आधुनिक उपहार देने के विकल्प के रूप में भी एक लोकप्रिय विकल्प बन गए हैं, जो आधुनिक खाने के रुझान के अनुरूप हैं। पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ आहार विकल्पः बाजरा का चयन करके, उपभोक्ता अपने भोजन विकल्पों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में योगदान करते हैं। बाजरा बनाम परिष्कृत अनाजः अपने 2025 आहार के लिए बेहतर विकल्प बनाना 04:30 फैटी लीवर आहारः आपके लीवर के लिए सर्वोत्तम और सबसे खराब खाद्य पदार्थ बाजरा निर्यातकों के रूप में, हमने उनके कई स्वास्थ्य लाभों और स्थिरता के कारण वैश्विक स्तर पर भारतीय बाजरा की महत्वपूर्ण स्वीकार्यता देखी है। यूरोप, जीसीसी, संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के देश तेजी से बाजरा-आधारित उत्पादों का आयात कर रहे हैं क्योंकि उपभोक्ता अधिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो गए हैं और ग्लूटेन-मुक्त विकल्प तलाश रहे हैं। इस बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने पर ध्यान देने के साथ, भारत बाजरा का एक प्रमुख निर्यातक बन गया है। बाजरा की यह अंतरराष्ट्रीय मान्यता न केवल भारत के कृषि निर्यात को बढ़ावा दे रही है बल्कि वैश्विक स्तर पर पारंपरिक भारतीय सुपरफूड्स की दृश्यता भी बढ़ा रही है। यह उद्योग आनंददायक और पौष्टिक उत्पादों की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें भुना हुआ बाजरा और रागी के टुकड़े, बाजरा बिस्कुट, बाजरा वेफर्स, बाजरा चाय, मूसली, मसाला छोला, बाजरा और अनाज बार, ज्वार इडली मिश्रण और आपके दोनों को संतुष्ट करने के लिए कई अन्य आकर्षक विकल्प शामिल हैं। स्वाद कलिकाएँ और पोषण संबंधी आवश्यकताएँ। जबकि परिष्कृत अनाज सुविधाजनक और व्यापक रूप से उपलब्ध हैं, वे पोषण की दृष्टि से घटिया हैं और पर्यावरण की दृष्टि से कठिन हैं।




**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# मौसम विभाग में नई क्रांतिः 'मिशन मौसम' और 'मौसम विभाग विजन 2047'



प्रो. आरके जैन "अरिजीत", बड़वानी (मप्र)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। इसी कड़ी में, भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'मिशन मौसम' का शुभारंभ और 'मौसम विभाग विजन 2047' का दस्तावेज जारी करना एक ऐतिहासिक पहल है। यह कदम न केवल वैज्ञानिक प्रगति का प्रतीक है, बल्कि यह भारत के भविष्य को संरक्षित करने की दिशा में एक मजबूत आधारशिला भी है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता पर जोर दिया। उनका यह प्रयास भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान देने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने भारतीय मौसम विभाग की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह विभाग दशकों से देश की सेवा कर रहा है और इसे और अधिक उन्नत बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

'मौसम विभाग विजन 2047' का लक्ष्य अगले 25 वर्षों में विभाग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और प्रभावशाली बनाना है। इसके तहत नई तकनीकों को अपनाने, उन्नत अनुसंधान केंद्रों की स्थापना और जलवायु परिवर्तन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही, यह दस्तावेज देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मौसम पूवार्नुमान को और अधिक सटीक और सरल बनाएगा, जिससे किसान, मछुआरे और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। मौसम विभाग की इस पहल को 'मिशन मौसम' के रूप में लागू किया जाएगा। यह मिशन न केवल मौसम संबंधी सटीक जानकारी प्रदान करेगा, बल्कि आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 'मौसम' और 'वाणी' नामक दो मोबाइल एप्स का भी उल्लेख किया, जो जनता को मौसम से जुड़ी जानकारी तुरंत प्रदान करेंगे। यह पहल दिखाती है कि वर्तमान सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को प्राथमिकता देकर एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह न केवल देश की जरूरतों को पूरा करती है, बल्कि वैश्विक मानकों पर भी खरी उतरती है। मौसम विभाग विजन 2047' और 'मिशन मौसम' का शुभारंभ आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनमोल उपहार है। यह पहल भारत को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक और कदम है। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की दूरदर्शिता की सराहना करना निस्संदेह उचित होगा, जो एक नए भारत के निर्माण के लिए पूरी तरह से समर्पित है।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष:** जीवन में बड़े फैसले लेने की हिम्मत आयेगी, गुरु के पास जाएंगे, डिजिटल मार्केटिंग माध्यम से धन मिलेगा, परीक्षा के नोट्स तैयार करेंगे। भाग्य प्रतिशत-70

**वृषभ:** याद करते समय ध्यान भटकेगा, पेट्रोलियम,पेय पदार्थ व्यवसाय चलेगा, हिसाब-किताब अच्छे से मेनेज करेंगे, ससुराल के रीति-रिवाज अच्छे से मानेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

**मिथुन:** चतुराई बढ़ेगी, मार्केट की नवज के हिसाब से व्यवसाय करने पर लाभ होगा, धार्मिक यात्रा सुखद रहेगी, किसी से व्यर्थ नोकझोंक सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-79

**कर्क:** मेहनत का उत्तम परीणाम मिलेगा, नौकरी की अपेक्षा स्वयं का व्यवसाय चुन सकते है, किसी को घमंड में कटु वचन बोलने से बचना होगा। भाग्य प्रतिशत-56

**सिंह:** वाहन से चोट सम्भव है हाईवे पर ज्यादा सम्भल कर रहे, तनाव देने वालो के सामने चुप नहीं रहेंगे अच्छा जवाब देंगे, मेडिकल सर्जिकल व्यवसाय से उत्तम चलेगा। भाग्य प्रतिशत-62

**कन्या:** नई ज्वाइनिंग मिली है तो मन लगेगा अच्छे अनुभव मिलेंगे, मित्रो का सर्कल बढ़ेगा, शराब-मांसाहार के सेवन से बचे, पूर्वजो का आशीर्वाद साथ रहेगा। भाग्य प्रतिशत-72

**तुला:** विवाह के लिए मिले प्रस्ताव को ना में बदल सकते है, दान पुण्य भी करेंगे, व्यवसायिक डील से फायदा होगा, किसी से फिर से बातचीत शुरू होगी। भाग्य प्रतिशत-76

**वृश्चिक:** ठंड के रोग परेशान कर सकते है, मन किसी बात से आशंकित रहेगा, लीगल केस से राहत के आसार बनेंगे, सभा में बोलने का अवसर मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-62

**धनु:** लेखन,पत्रकारिता,अकाउंट, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग जैसे क्षेत्र से जुड़े है तो प्रगति करेंगे, जनसम्पर्क कम्पनी से जुड़ना सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-72

**मकर:** उत्साहित रहेंगे, सम्मान बढ़ेगा, आय करने में हालांकि दिक्कतें आयेगी, विवाह में आसानी से समझौता नहीं कर पाएंगे। भाग्य प्रतिशत-60

**कुंभ:** रिश्तेदार फिर से जुड़ सकते है, कार्यक्षेत्र की टेंशन कम होगी, विदेश में बसने का योग भी बनेगा, पति को शारीरिक समस्या सम्भव है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-74

**मीन:** पढ़ाई पर फोकस करें, प्रेम प्रसंग से दूर रहे, ठंड में बीपी का ध्यान रखें, अमीर लोगों से काम निकालने के लिए खर्चा होगा। भाग्य प्रतिशत-54



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# हरियाणा के गाँव बड़वा का प्राचीन झांग-आश्रम जहाँ मुगल बादशाह जहाँगीर ने डाला था डेरा



डॉ. सत्यवान सौरभ

हरियाणा के जिला भिवानी के उपमंडल सिवानी मंडी के आखिरी छोर पर स्थित गाँव बड़वा हिसार जिले को छूता है। हरियाणा के सबसे प्राचीन गाँवों में से एक, बड़वा पहले बड़-बड़वा के नाम से जाना जाता था। बड़वा गाँव कई ऐतिहासिक साक्ष्यों का गाँव है। देश में इसकी गणना हवेलियों के वैभवशाली गाँव में की गई है। यह गाँव प्राचीन समय से स्थापत्यकला, मूर्तिकला, साहित्य, चित्रकला, व्यवसाय, धर्म एवं शिक्षा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट था। ऐसी ही एक धार्मिक धरोहर 'झांग-आश्रम' को अपने भीतर समेटे है गाँव बड़वा। जिसका वैभव अपार और पहचान साकार है। झांग आश्रम बड़वा, हिसार शहर से लगभग 27 किलोमीटर दूर स्थित है। इसमें महंत-पुरियों की समाध के साथ-साथ हिन्दू देवी-देवताओं के मंदिर है। देश भर से लोग इस ऐतिहासिक जगह पर आते हैं और आश्रम के दर्शन करते हैं। यहाँ की भावनाओं को लोग अपने जीवन में अनुसरण करना चाहते है।

**इतिहासः**

संत पुरुष लोहलंगर जी महाराज प्राचीन समय में (आज से लगभग चार सौ साल पहले) बड़वा के वन क्षेत्र में तपस्या करते थे। इसी दौरान 1620 - 21ईसवी के आस-पास मुगल बादशाह जहाँगीर उत्तरी-पूर्वी पंजाब की पहाड़ियों पर स्थित कांगड़ा के दुर्ग जाने के लिए इसी रास्ते से गुजरे थे। इस दौरान उनकी सेना ने आराम करने के लिए इस क्षेत्र में पड़ाव डाला था। तभी उनकी मुलाकात संत पुरुष लोहलंगर जी महाराज से हुई। पीने के पानी की समस्या से त्रस्त बादशाह जहाँगीर की सेना ने यहाँ तालाब की खुदाई कर डाली जो आज जहाँगीर तालाब के नाम से मशहूर है।

**कालक्रमः**

लोहलंगर गिरी जी की मृत्यु के सालों बाद सवाई गिरी, चन्दन गिरी, चरण पूरी (अंतत जीवंत समाधी धारण की) के बाद महंत बिशंबर गिरी जी ने इस आश्रम का ज़िम्मा सँभाला और जब तक जीवित रहे, यहीं रहकर तपस्या की। इन्होनें अपने सगे भाई प्रेम गिरी जी महाराज के साथ आश्रम की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यहाँ धार्मिक अनुष्ठान जारी रखे और एक दिन प्रेम गिरी जी जीवंत समाधी को प्राप्त हुए। उनके बाद संत पुरुष हनुमान गिरी जी और महंत सेवागिरी जी महाराज आश्रम की गद्दी पर रहे। वर्तमान में महंत श्री सेवागिरी जी महाराज पिछले चलीस सालों से हमारी पुरातन संत- परंपरा को बनाये हुए है और क्षेत्र की मंगल कामना में लगे रहते हैं।

**मान्यताः**

बड़वा के झांग आश्रम के बारे गाँव और आस-पास के लोगों की मान्यता है कि झांग-आश्रम क्षेत्र के लिए एक आध्यात्मिक चमत्कार है। लोगों की मान्यता है कि आश्रम के संत पुरुषों के प्रताप और दैवीय शक्ति का ही परिणाम है कि बड़वा के आस-पास के क्षेत्र में ओला- वृष्टि और टिड्डी-दल से नुकसान झेलना पड़ता है। मगर आश्रम के आदि-प्रभाव की वजह से गाँव बड़वा के क्षेत्र में ऐसा पिछले सालों में कभी नहीं हुआ। यही नहीं यहाँ के बुजुर्ग लोगों में एक किंवदंती भी है कि आश्रम के महाराज चरण पूरी जी मायावी शक्तियों के धनी थे। उनका दावा था कि गाँव बड़वा में कभी भी ओला वृष्टि और टिड्डी दल से एक पैसे का भी नुकसान नहीं होगा। वह एक मायावी संत थे और अपना चोला बदलने में माहिर थे। रात को वह शेर का रूप धारणकर विचरण करते थे। यही कारण है कि उनके रहते रात के दस बजे के बाद आश्रम में प्रवेश वर्जित था। हो सकता है आधुनिक विज्ञान इन तथ्यों से सहमत न हो फिर भी ये आश्रम गाँव और आस-पास के लोगों के लिए अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। लोगों को यहाँ आने पर अपार शान्ति और एक दिव्य शक्ति की अनुभूति जरूर होती है।

**धार्मिक अनुष्ठानः**

वैसे तो बड़वा के झांग आश्रम में हर दिन भजन-कीर्तन और यज्ञ होते है। मगर आश्रम के सबसे प्रतिष्ठित संस्थापक संत महंत विशमबर गिरी जी की पुण्यतिथि (माघ कृष्ण पक्ष दसवीं) पर एक राष्ट्रीय संत-समागम और भंडारा, आश्रम की मंडली के द्वारा आयोजित किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में संत और श्रद्धालु आश्रम के दर्शन हेतु पहुँचते है। इस दौरान क्षेत्र में शान्ति हेतु महायज्ञ किये जाते हैं और शान्ति के लिए मनोकामना की जाती है।



**कैसे चलता है आश्रम का खर्च**

आश्रम में होने वाले प्रतिदिन खर्चे का बोझ दान स्वरूप आई राशि से वहन होता है। जिसका वार्षिक हिसाब रखा जाता है। यही नहीं आश्रम के पास खुद की सैंकड़ों एकड़ जमीन है जिसका आय का उपयोग यहाँ होने वाले धार्मिक कार्यकमों के खर्चे में किया जाता है। इसके साथ झांग मंडली आश्रम के कार्यों में हर तरह सेसहयोग करती है। झांग आश्रम बड़वा, हिसार शहर से लगभग 27 किलोमीटर दूर स्थित है। इसमें महंत- पुरियों की समाध के साथ-साथ हिन्दू देवी देवताओं के मंदिर है। गाँव के प्रबुद्ध नागरिकों नाहर सिंह तंवर, मास्टर अजय शर्मा, संजय स्वामी, लालसिंह लालू ने बताया कि देश भर के कई शहरों से लोग इस ऐतिहासिक जगह पर आते हैं और वे आश्रम को जानना चाहते हैं और वे अपने जीवन में अनुसरण करना चाहते है। यहाँ पहुँचने के लिए कई मार्ग है।

**हवाई मार्ग द्वारा**

दिल्ली से निकटतम हवाई अड्डा हिसार है। दिल्ली, चंडीगढ़ तक नियमित उड़ानें हैं। आगे सड़क मार्ग से आया-जाया जा सकता है। ट्रेन द्वारा-हिसार से निकटतम रेलवे स्टेशन नलोई बड़वा और सिवानी है। आश्रम से लगभग 4 किमी दूर दो रेलवे स्टेशन है। सड़क के द्वारा-बड़वा झांग सड़क मार्ग द्वारा हिसार-राजगढ़ नेशनल हाईवे के साथ जुड़ा हुआ है। आश्रम, बड़वा गाँव के बस स्टैंड से लगभग 2 किलोमीटर दूर नलोई सड़क मार्ग पर स्थित है।

# नवनियुक्त कुलपति का छात्र सभा ने किया स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** राजा महेंद्र प्रताप राज्य विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. एनबी सिंह से सपा छात्र सभा महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती ने मुलाकात कर उन्हें संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट किया। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मौ मोहसिन मेवाती ने कहा कि कुलपति प्रो. एनबी सिंह से छात्र संघ चुनाव बहाली एवं आलमपुर में पीजी कॉलेज जैसी मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर मौजूद रहे। छात्र सभा महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती,छात्र नेता इमरान पठान छात्र सभा महानगर महासचिव दुर्गेश यादव शहर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप चंदेल नवाजिश आदि लोग मौजूद ।

# जिले भर में 24-26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में 24 से 26 जनवरी तक जिले भर में उत्तर प्रदेश दिवस को पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास

## डीएम ने अन्तर्विभागीय समन्वयय एवं जनसहभागिता से आयोजनों को सफल बनाने के दिए निर्देश

के साथ मनाए जाने के लिए कलैक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आहूत की गई। डीएम ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य का स्थापना दिवस 24 जनवरी को वर्ष 2018 से निरन्तर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने त्रिदिवसीय (24-26 जनवरी) आयोजन में समस्त विभागों को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उत्तर प्रदेश दिवस आयोजन की मुख्य थीम विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश है। डीएम ने कहा कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस पर जिला स्तरीय आयोजन कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में आयोजित किया जायेगा, जिसके लिए पंचायती राज विभाग को नोडल बनाया गया है। कार्यक्रम में निवेश एवं रोजगार, एमएसएमई, स्वयं सहायता समूहों, कृषि, स्वास्थ्य, उद्यान, पशुपालन एवं अन्य विभागों के उत्पादों व योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। समारोह में नवीन कृषि तकनीकों पर आधारित प्रदर्शनी के अतिरिक्त मिलेट्स (मोटे अनाज) से बने खाद्य पदाथों को भी प्रदर्शित किया जायेगा। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित करने एवं प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ-साथ कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित सेमीनार, परिचर्चा का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों एवं



स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कृत किया जाए। सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि 24 जनवरी को सभी विकास खण्डों एवं 25 जनवरी को जिलास्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। 25 जनवरी को अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम में मतदाता जागरूकता दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं को वोटर आईडी कार्ड वितरित किये जाएंगे। इस अवसर पर खेल विभाग द्वारा खेल से संबंधित विभिन्न पुरस्कार वितरण के साथ विशिष्ट सफल प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा। सीडीओ ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस-2024 के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का विवरण एवं फोटोग्राफ्स संस्कृति विभाग के पोर्टल https://culturelevents-in पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, डीडीओ आलोक आर्या, डीपीआरओ मौ0 राशिद, पीओ डूडा कौशल कुमार समेत समस्त एसडीएम एवं जिलास्तरीय व पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित।

# एएमयू में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिये कुलपति ने बैठक ली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अमुवि (एएमयू) में देश का 76वां गणतंत्र दिवस परम्परा के अनुसार पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इस सप्ताह भर चलने वाले उत्सव का उद्देश्य 1950 में भारत के संविधान के लागू होने के ऐतिहासिक पल को याद करना है। इसको लेकर एक प्रशासनिक मीटिंग कुलपति प्रो. नईमा खातून की अध्यक्षता में कांफ्रेंस हाल में सम्पन्न हुई जिसमें रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान आईपीएस, वित्त अधिकारी प्रो. एम मोहसिन खान के अलावा विभिन्न कालेजों एवं स्कूलों के प्राचार्य, हालों के प्रवोस्ट, मेम्बर इंचार्ज, तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए।गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 और 26 जनवरी को एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक बिल्डिंग, एम.ए. लाइब्रेरी, विक्टोरिया गेट, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक ऑडिटोरियम, बाब-ए-सैयद, आर्ट्स फैकल्टी बिल्डिंग, सेंटेनरी गेट, और एएमयू टीचिंग स्टाफ क्लब को तिरंगे की रोशनी से सजाया जाएगा। कार्यक्रमों की शुरूआत 19 जनवरी को रिपब्लिक डे मिनी मैराथन रेस से होगी, जिसे विश्वविद्यालय खेल समिति द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह दौड़ फुटबॉल मैदान से सुबह 8 बजे शुरू होगी। इसमें 12वीं कक्षा और उससे ऊपर के छात्र-छात्राएं अलग-अलग वर्गों में भाग लेंगे। विजेताओं को 26 जनवरी को स्ट्रेची हॉल में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नईमा खातून द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।अहमदी स्कूल फॉर विजुअली चैलेंज्ड में छात्रों के लिए अलग से मैराथन का आयोजन किया जाएगा। 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे कल्चरल एजुकेशन सेंटर (सीईसी) के छात्र और अन्य विश्वविद्यालय छात्र ईको एंड ग्रीन कैंपस फॉक्स रन आयोजित करेंगे, जो सीईसी से शुरू होकर स्ट्रेची हॉल तक जाएगी। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को शाम 6.30 बजे पॉलिटेक्निक ऑडिटोरियम में उर्दू विभाग द्वारा पारम्परिक मुशायरा आयोजित किया जाएगा। इसमें स्थानीय और बाहरी कवि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे, और इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नईमा खातून करेंगी।गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को प्रातः 8 बजे सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। लड़कों की प्रभात फेरी विश्वविद्यालय परिसर में और लड़कियों की अब्दुल्ला हॉल परिसर में आयोजित होगी।

# रसलगंज की रौनक को बदरौनक बनाने वाले आये नगर निगम के रडार पर- रसलगंज दुकानदारों को दुकान की परिधि में रहने की नसीहत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अलीगढ़ स्मार्ट सिटी द्वारा शहर में फसाड इम्प्रूवमेंट के तहत रौशन हुए रसलगंज रोड की खूबसूरती को स्थानीय

## रसलगंज फसाड की खूबसूरती बिगाड़ने वालो पर होगी कार्यवाई-नगर आयुक्त की चेतावनी सामान होगा जब्त होगी वैधानिक कार्यवाई

दुकानदार अपने अतिक्रमण से बद रौनक बनाने की कोशिश कर रहे है ऐसे लोगों पर अब नगर निगम ने शिकंजा कसने का मन बना लिया है। नगर आयुक्त ने रसलगंज से बारहद्वारी तक में अतिक्रमण व गंदगी करने वाले दुकानदारो को बड़े प्यार से समझाया और न मानने पर अतिक्रमण जब्त करने की चेतावनी भी दी। बुधवार देर रात्रि नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के साथ रसलगंज में निरीक्षण किया नगर आयुक्त ने रसलगंज में कई खाने के होटल, चाय वालो, बिस्कुटध्पापे, सब्जी वालो, कैमिस्ट विक्रेता दुकानदारो से बात की। नगर निगम द्वारा उक्त मार्किट में कचरा उठान का काम संतोषजनक होने के बारे में दुकानदारों बताया गया लेकिन दुकानदारों द्वारा डोर टू डोर शुल्क जमा नही करने के बारे में दुकानदारों से पूछा। नगर आयुक्त ने कई दुकानदारों से दुकान के शटर के बाहर फसाड पिलर तक



सामान रखने की पूछा नगर आयुक्त ने साफ कहा फसाड की खूबसूरती से खिलवाड़ किसी भी दशा नही किया जाएगा-दो दिन की मोहल्लत से सभी के पास है समयावधि बीत जाने पर नगर निगम बलपूर्वक कार्यवाई करते हुए सामान जब्त करेगा व संबंधित अतिक्रमण कर्ता दुकानदार के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाई भी करेगा। नगर आयुक्त ने कहा आने वाले समय में रसलगंज शहर की खूबसूरती और व्यावसायिक गतिविधियों का केंद्र बनने जा रहा है इस मार्किट की खूबसूरती को खराब करने वालो पर सख्त कदम उठाया जाएगा। निरीक्षण में नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह मीडिया सहायक अहसान रब स्टेनो देश दीपक साथ थे।

# अखिल भारतीय करणी सेना ने उठाई 125 वर्ष पुराने शिव मंदिर को कब्जा मुक्त करने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** हरिगढ़ के शमशाद मार्केट में गोकुला चैराहे पर स्थित 125 वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर के संस्थापकों ने प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेन्द्र सिंह चैहान व जिला प्रभारी आशीष चैहान से संपर्क कर मंदिर को कब्जा मुक्त करने का अनुरोध किया अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चैहान अपने तमाम पदाधिकारियों के साथ अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय संजय मिश्रा से मिले और मंदिर को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। मंदिर के संस्थापक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि इस प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण सन 1899 में उनके पूर्वजों के द्वारा कराया गया था जिसमें एक कुआं व धर्मशाला भी बनवाई गई थी जिस पर आज भी उनके पूर्वजों के नाम के शिलालेख लगे हुए हैं एवं मंदिर पर मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेन्द्र सिंह चैहान ने बताया कि शमशाद मार्केट स्थित गोकुला चैराहे पर पर खंडेलवाल परिवार द्वारा शिव मंदिर का निर्माण सन 1899 में कराया गया था जिस पर तत्कालीन सपा





नेताओं द्वारा अपनी सत्ता एवं दबंगई के बल पर मुस्लिम समाज के लोगों को अवैध कब्जा करा दिया गया था खंडेलवाल परिवार के अभिषेक खंडेलवाल द्वारा शिव मंदिर को कब्जा मुक्त कराने के लिए कोर्ट का सहारा भी लिया गया कोर्ट द्वारा मंदिर को कब्जा मुक्त करने का आदेश भी पारित कर दिया गया परंतु प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही द्वारा काफी समय व्यतीत होने के बाद भी प्राचीन शिव मंदिर को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। अखिल भारतीय करणी सेना के पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया है यदि सात दिन के अंदर प्राचीन शिव मंदिर को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया तो अखिल भारतीय करणी सेना के करणी सैनिक स्वयं मंदिर को कब्जा मुक्त कराएंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की होगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा शक्ति वीरू भदोरिया, जिलाध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव, महानगर अध्यक्ष भास्कर अग्रवाल, वी पी सिंह, राजेंद्र मॉर्गन, जगमोहन मालवीय, डॉ नीरज सिसोदिया, राहुल चैधरी, महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति आलेख सैनी, पियूष दीक्षित, प्रशांत ठाकुर, संजू सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपिल गौड़, मनु ठाकुर, यश शर्मा,विवेक यादव, शरद कुशवाहा, विवेक ठाकुर , भारत सिंह, पवन राजपूत,सौरभ राजपूत , शुभेन्द्र राजौरिया, सनी राजौरिया, कान्हा गुप्ता, सुधांश सिन्हा, लकी,राहुल ,सोनू आदि करणी सैनिक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला शव क्षेत्र में फैली सनसनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के जंगल में एक पेड़ पर एक मजदूर का शव लटका मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गौरतलब है कि प्रमोद पुत्र सहेंद्र पाल निवासी सरूरपुर ने पुलिस को बताया कि विजय पुत्र हरिप्रसाद निवासी भादमरा थाना रिहूसा जिला सीतापुर उसके यह गन्ना छिलने के लिए भादमरा से आया था। बृहस्पतिवार को वह गन्ना काटने के लिए जंगल गया था जैसे ही प्रमोद जंगल पहुंच तो उसने विजय पुत्र हरिप्रसाद का शव पेड़ पर लटका हुआ पाया।उसने तुरंत ही स्थानीय पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही मृतक विजय के परिजनो को सूचना दी।

### गभाना अंदर से किया जाये रोडवेज बसों का आवागमन : कृष्णा ठाकुर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के युवा जिलाध्यक्ष अलीगढ़ कृष्णा ठाकुर के नेतृत्व में भाकियू भानु का एक प्रतिनिधिमंडल गभाना क्षेत्र की रोडवेज से सम्बंधित समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक अलीगढ़ से मिला एवं ज्ञापन के माध्यम से कहा कि अलीगढ़ डिपो की बसों का आवागमन गभाना बाईपास से हो जिससे गभाना क्षेत्र के दैनिक यात्री, विद्यालय आने - जाने वाले छात्र - छात्राओं को असुविधा का सामना न करना पड़े जिला प्रभारी वीरपाल सिंह ने कहा कि गभाना रोडवेज बस स्टैंड का नवीनीकरण किया जाये जिससे सभी डिपो की बसों का ठहराव हो सके , क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग अलीगढ़ सतेन्द्र कुमार वर्मा ने शीघ्र ही गभाना के अन्दर से बसो का संचालन करने का पूर्ण आश्वाशन दिया कृष्णा ठाकुर ने अवर अभियंता सिंचाई विभाग मनोज राव से मिल कर सेडा रजबहा जो गभाना, कन्होई , ओगर से हो कर गुजर रहा है उसकी साफ सफाई न होने से ओवर फ्लो हो गया है जिससे किसानों की गेहूं, जौ, सरसों, आलू आदि फसलें जलमग्न हो गयी है सेडा रजबहा की सफाई कर पक्का किया जाये , समस्याओं का 7 दिनों में निस्तारण न होने पर भाकियू भानु के द्वारा सिंचाई विभाग के अवर अभियंता के कार्यालय पर तालाबंदी कर अनशिचित कालीन आंदोलन किया जाएगा दौरान , जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतपाल सुमन, जिला महामंत्री रोहित ठाकुर, डॉ, शिवम जादौन, अमित कुमार सिंह, टी . पी सिंह जादौन, प्रमोद सिंह आदि ।

### स्कूली शिक्षा को अभी और दुर्गती से बचाने की आवश्यकता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश कुमार जैन ने शिक्षा स्तर पर चिंतन करके अपनी विभक्ति के बताया कि वर्तमान में शिक्षा के स्तर को गिराने में उच्च शिक्षा नहीं बल्कि प्राइमरी एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षा जिम्मेदार है शिक्षा के स्तर को गिराने में केवल पास फेल की नीति ही जिम्मेदार है। स्कूली शिक्षा के गिरने का असर सरकारी स्कूलों में गहराई तक अपने पांव पसारते जा रहा है। सरकारी स्कूल में कोई बच्चा घर से स्कूल गया की नहीं उसने क्या पढ़ाई की ? इसकी जानकारी तभी मिलेगी जब परीक्षा देने के बाद बच्चा पास फेल होगा। ज्ञात हो जब से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्कूली शिक्षा को आठवीं कक्षा तक पास मिलती पास फेल की नीति से मुक्त कर दिया गया था तब से ही स्कूली शिक्षा के स्तर में गिरावट शुरू हो गई ,जब प्रबुद्धजनों ने यह रेखांकित किया जाने लगा की आठवीं कक्षा के बच्चे को चैथी कक्षा के स्तर का गणित भी नहीं आता तब केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में राज्यों की सहमति से यह संशोधन कर दिया था की परीक्षा होने को उपरांत ही बच्चों को अगली कक्षा में प्रोन्नत किया जाएगा । जब इसके भी सार्थक प्रमाण नहीं आए तब जाकर केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नए सत्र सन 2025- 26 से पांचवी और आठवीं कक्षा में पास करने वाले ही बच्चे अगली कक्षा में जा सकेंगे। नरेश कुमार जैन ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार का यह निर्णय नाकाफी है कि पांचवीं और आठवीं के बच्चे ही पास फेल होने पर अगली कक्षा में जायेंगे ।अब आप निश्चय ही समझे कि जब तक स्कूली कक्षा में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चे पास फेल की नीति से नहीं गुजरेंगे तब तक शिक्षा की स्तर में सुधार सम्भव नहीं होगा। अतः केंद्र सरकार से अनुरोध है कि नए सत्र सन 2025 - 26 से से ही स्कूली शिक्षा में यदि सुधार लाना चाहते है तो कक्षा 1 से 8 तक पास फेल की नीति पुनः शुरू कर दी जाए।

# एएमयू के छह छात्रों को मिला प्लेसमेंट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** अमुवि के विज्ञान और



इंजीनियरिंग संकाय के छह छात्रों को इफको, दुबई द्वारा प्रक्रिया निरीक्षक और क्वालिटी एश्योरेंस एडमिनिस्ट्रेटर की भूमिका के लिए चयनित किया गया है। इफको, दुबई खाद्य, व्यक्तिगत देखभाल, कृषि-व्यवसाय, पैकेजिंग और बिक्री संचालन का एक प्रमुख वैश्विक यूएई आधारित समूह है। यह भर्ती एएमयू के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यालय (जनरल) द्वारा आयोजित एक भर्ती अभियान के माध्यम से की गई है।टीपीओ साद हमीद ने बताया कि मूल्यांकन की एक सख्त प्रक्रिया के बाद अमन कुमार (एमएससी- औद्योगिक रसायन विज्ञान), मोहम्मद वासम (एमएससी - रसायन विज्ञान), मोहम्मद अब्बास रिज्वी (बी.टेक.- खाद्य प्रौद्योगिकी), मोहम्मद फराज (एमएससी - औद्योगिक रसायन विज्ञान), जीशान खान (बी.टेक. - खाद्य प्रौद्योगिकी) और मोहताशिम अहमद (बी.टेक.-खाद्य प्रौद्योगिकी) का चयन किया गया।

# 13 वर्षों से फरार 25 हजार का इनामी हत्या का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अलीगढ़ पुलिस द्वारा एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसके द्वारा 13 वर्ष पूर्व हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गया था जिसको लेकर पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश चल रही थी। आरोपी को लेकर थाना गोंडा पुलिस के द्वारा धड़पकड़ अभियान चलाया गया था। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा कई जाल बिछाए गए लेकिन लंबे समय से आज तक आरोपी पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर फरार रहा जिसके चलते पुलिस द्वारा आरोपी के ऊपर 25000 का इनाम घोषित कर दिया गया। थाना गोंडा पुलिस द्वारा पुराने आरोपियों की कुंडली खंगालते हुए उनको धड़ पकड़ने का अभियान तेज कर दिया गया जिसके बाद पुलिस को यह बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है और अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। दरअसल आरोपी के द्वारा 2012 में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था जिसको




लेकर पीड़ित नरेन्द्र पुत्र नौबत निवासी भैहरई थाना नौहझील जनपद मथुरा द्वारा अपने भाई राजवीर पुत्र हरिदास निवासी भालई थाना सुरीर जनपद मथुरा व जयवीर पुत्र नौबत सिंह निवासी भैरई थाना नोहझील जनपद मथुरा की गोली मारकर हत्या करने के आरोप लगाते हुए इस सम्बन्ध में थाना गौण्डा पर धारा 302, 307, 201, 34, 427,435 में मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसमें आरोपी हरेन्द्र बाबू तभी से लगातार फरार चल रहा था जिसको लेकर थाना गौण्डा पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी हरेन्द्र पुत्र रामबाबू निवासी हीरपुर हुसैनपुर थाना गोण्डा जनपद अलीगढ जो कि हाल पता डोरीलाल इण्टर कॉलेज ढाँड थाना गोण्डा जनपद अलीगढ था लेकिन मौजूदा समय मे आरोपी राजीव कॉलोनी थाना सेक्टर 58 बल्लभगढ जनपद फरीदाबाद राज्य हरियाणा में रह रहा था। पुलिस के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है और जांच में जुट गई है।

**कार्यक्रम** प्रातः 08:30 बजे से सभी सरकारी एवं गैरसरकारी भवनों में होगा ध्वजारोहण

# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित किये जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** जिलाधिकारी विशाख की अध्यक्षता में 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए कलैक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ जिला समारोह समिति की बैठक का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी को जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसके तहत प्रातः 8:30 बजे सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तत्पश्चात राष्ट्रगान, भारतीय संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण के पश्चात राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्मनिरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द से ओतप्रोत उद्बोधन एवं विभिन्न स्कूलों के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।जिलाधिकारी विशाख जी0 ने बताया कि जिले में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत रूप से हर्षोउल्लास के साथ मनाया जायेगा। उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुये बताया कि प्रातः 5:00 से पब्लिक एड्रैस सिस्टम पर देशभक्ति गीतों का प्रसारण किया जायेगा, प्रातः 07 बजे एक प्रभात फेरी का आयोजन होगा



जो घण्टाघर पार्क से कठपुला रसलगंज होते हुये गॉधी पार्क तक जायेगी। प्रातः 8:30 बजे समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी इमारतों पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं संकल्प कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रातः 9:00 बजे पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड पर ध्वजारोहण में पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, अग्निशमन गाडियां भाग लेंगी। प्रातः 10 बजे समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि इस अवसर पर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों के साथ ही बच्चों को भारतीय संस्कृति के बारे में अवगत कराएं ताकि उन महान लोगों की जीवनी सुनकर बच्चे प्रोत्साहित हो सकें और चरित्रवान बन अच्छे नागरिक के रूप में अपने कर्तव्य निभाएं।प्रातः 11 बजे जिला कारागार में राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा मध्यान्ह 12 बजे सेवाभवन में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान एवं गोष्ठी होगी। रघुवीर सहाय इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे एवं मलखान सिंह, दीनदयाल, मोहन लाल गौतम चिकित्सालयों में समस्त मरीजों को फल व मिष्ठान वितरित किया जायेगा। अपरान्ह 2 बजे मार्च पास्ट कार्यक्रम को आयोजन होगा जो कि नौरंगीलाल इंटर कॉलेज से रसलगंज बारहद्वारी, पत्थर बाजार, मामूभांजा, गॉधीपार्क व जीटी रोड होते हुये नौरंगीलाल कौलेज पर समाप्ति होगी जिसमें पुलिस, पीएसी, एनसीसी, अग्निशमन व स्काउट की गाडियां सम्मिलित होंगी। जिलाधिकारी ने कहा की सरकार की मंशा है कि 24 जनवरी से 26 जनवरी तक सभी सरकारी भवनों को विद्युत रोशनी से जगमग किया जाए। उन्होंने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदातादिवस के दिन सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें मतदाता शपथ दिलाएं। उन्होंने स्वतंत्रता संग्रामसेनानियों एवं उनके परिजनों को स्मृति चिन्ह, मिष्ठान एवंफलवितरितकरने के भी निर्देश दिए।

# हाईस्कूल टॉपर बना हत्यारा: प्रेमिका से शादी के लिए चौकीदार की हत्या कर फैक्टरी में की थी चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** हाईस्कूल में टॉप करने वाला छात्र कैसे अपराध की दुनिया में पहुंच गया, इसकी दर्दनाक कहानी बरेली के सीबीगंज इलाके की घटना ने उजागर कर दी। परसाखेड़ा स्थित एक फैक्टरी में चौकीदार की हत्या और चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने ठेकेदार के बेटे आशू को गिरफ्तार किया है। आशू ने कबूल किया कि उसने चोरी और हत्या की योजना सिर्फ इसलिए बनाई थी ताकि वह अपनी प्रेमिका से शादी कर सके।

**हाईस्कूल टॉपर से अपराधी बनने तक की कहानी**

आशू ने हाईस्कूल की परीक्षा में 95% अंक हासिल कर इलाके में नाम कमाया था। लेकिन पारिवारिक कलह और प्रेमिका से शादी के लिए पैसे की कमी ने उसे अपराध की ओर धकेल दिया। पूछताछ में आशू ने बताया कि उसकी प्रेमिका का रिश्ता घरवालों ने कहीं और तय कर दिया था। वह प्रेमिका के साथ भागकर शादी करना चाहता था, लेकिन पैसे की कमी



उसके रास्ते में रुकावट बन गई। इसी वजह से उसने फैक्टरी में चोरी की योजना बनाई।

आशू 10 जनवरी की रात फैक्टरी में घुसा, लेकिन चौकीदार केसर पंत जाग गए। पहचान लिए जाने के डर से उसने मफलर से चौकीदार का गला घोंट दिया और अलमारी से 60,000 रुपये की रेजगारी लेकर फरार हो गया। चोरी के इन पैसों से उसने 32,000 रुपये में एक बाइक खरीदी।

**सीसीटीवी ने खोला राज**

फैक्टरी मालिक विनीत कुमार सक्सेना ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पास की फैक्टरी के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में आशू को कंबल ओढ़े फैक्टरी से बाहर निकलते देखा गया। पुलिस ने आशू को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**पुलिस की कार्रवाई और आरोपी का बयान**

आरोपी ने बताया कि वह अपने पिता की दूसरी शादी से परेशान था और अपनी प्रेमिका के साथ नया जीवन शुरू करना चाहता था। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम ने कहा, ह्लआरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। चोरी के पैसे से खरीदी गई बाइक और अन्य सामान बरामद कर लिया गया है। उसे कड़ी सजा दिलाने के लिए सभी कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ** । कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के बारे में जनपद के अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने वाले इच्छुक युवा व युवतियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, बैंक अधिकारियों को विस्तार से जानकारी देने हेतु मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की



- **कार्यशाला का आयोजन कर विस्तार से दी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी**
- **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से लगेंगे युवाओं के सपनों को पंख**

अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं के सपनों को हकीकत में बदलने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि योजना के सफलतापूर्वक संपादित होने पर बदायूं के युवा रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का हर कदम उद्यमिता की ओर तथा हर युवा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को भी मिल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा योजना विकास अभियान अंतर्गत हर वर्ष 01 लाख तथा 10 वर्षों में 10 लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। योजना अंतर्गत रुपए 5 लाख तक का शत प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण बिना गारंटी के वित्त पोषण की तिथि से आगामी चार वर्षों के लिए दिया जाएगा। योजना अंतर्गत उद्योग व सेवा परियोजनाओं को लगाया जा सकता है।

उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा योजना विकास अभियान अंतर्गत परियोजना लागत पर 10 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान भी उपलब्ध कराया जाएगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थी को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थी को 12.5 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, जनजाति व दिव्यांग जन के लाभार्थी को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं के अंशदान के रूप में जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश के ऐसे युवा व युवती जो अपने स्वयं का उद्यम लगाने के इच्छुक हो तथा जिनकी आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष की है तथा वह आठवीं कक्षा तक पास है। साथ ही मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उनके पास होना चाहिए। योजना के लाभ के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट https:// msme. up.gov.in है। योजना सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित है। समाधान समिति के दिल्ली से आए प्रतिनिधि जयप्रकाश व लखनऊ से आए प्रतिनिधि दीपांकर ने पीपीटी के माध्यम से विस्तार से योजना के प्रत्येक बिंदुओं व पहलुओं पर जानकारी दी तथा अपना उद्यम लगाने वाले युवा और युवतियो की जिज्ञासाओं का विस्तार से उत्तर देकर उन्हें शांत भी किया।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय, आईटीआई के प्रधानाचार्य एस0के0 वार्ष्णेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी, बैंक के प्रतिनिधि, युवक व युवतियां मौजूद रहे।

# शहीद गिरीश चंद्र की जयंती धूमधाम से मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के कागजी मौहल्ला स्थित शहीद गिरीश चंद्र बाल उद्यान पार्क में महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में पाकिस्तान भारत युद्ध (१९६५) में शहीद हुए शहीद गिरीश चंद्र की जयंती धूमधाम से मनाई गई।सर्व प्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने प्रतिमा (मूर्ति)के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता परितोष अग्रवाल ने की, संचालन दिनेश चंद्र गुप्ता ने किया।विशिष्ट अतिथि एन के शर्मा (पूर्व प्रशासनिक अधिकारी),डॉक्टर जितेन्द्र वर्मा, पूर्व प्रधान वेदराम मौर्य, हेमन्त कुमार गुप्ता(सामाजिक कार्यकर्ता), अनिल कुमार शर्मा (सामाजिक कार्यकर्ता), गेंदन लाल अरुण सक्सैना ,दीपेन्द्र नाथ गुप्ता ,आर एम सक्सैना ,पंकज कुमार



दिवाकर,संगीता गौतम (प्रधानाध्यापक, शहीद गिरीश चंद्र जूनियर हाईस्कूल), पूजा आनन्द नीलिमा गुप्ता , सुधांशु गुप्ता, रमेश चन्द्र शर्मा, छाया देवी शर्मा रहीं। व्यवथापक नगर अध्यक्ष पण्डित सच्चिदानन्द शर्मा रहे। कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।

# सीएम योगी आदित्यनाथ से विधायक राजीव तरारा ने भेंट कर जनता के हित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह )।** विधायक राजीव तरारा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया, साथ ही धनौरा विधानसभा क्षेत्र की जनता के हित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान आकर्षित करत हुए उनसे चर्चा की। विधायक ने कुमराला चौकी से चकनवाला तक मार्ग का चौड़ीकरण व गंगा धाम तिगरी के पक्के घाटों के धन स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया,



साथ ही एक मांग पत्र देकर पपसरा खादर से दरबर ठेठ तक अवशेष तटबंध का निर्माण कराने, गजरौला में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना व राजकीय कन्या महाविद्यालय का निर्माण की मांग रखी। विधायक राजीव तरारा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इन मुद्दों पर सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया है। यह भेंट धनौरा विधानसभा क्षेत्र के सवार्गीण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

# नवजात नहीं होंगे कुपोषण का शिकार, जिला अस्पताल में बनेगी एलएमयू यूनिट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** संभल के जिला अस्पताल में नवजात बच्चों को कुपोषण से बचाने की पहल शुरू की जा रही है। इसके लिए जल्द ही एलएमयू (लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट) स्थापित की जा

**एलएमयू (लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट) में मशीनों की मदद से निकालकर स्टोर किया जाएगा मां का दूध**

रही है। इस यूनिट में दो तरह की मशीनें लगेंगी। एक मशीन ऐसी माताओं के स्तनों से दूध निकालेंगी, जिनके बच्चे दूध पीने में सक्षम नहीं हैं और दूसरी मशीनों में उस दूध को स्टोर करने की व्यवस्था होगी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर नवजात को मां का दूध पिलाया जा सके। इस यूनिट की स्थाना होने से मां और उनके नवजात बच्चों को लाभ होगा।

मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार माना जाता है। यह न केवल शिशु को आवश्यक पोषण देता है, बल्कि उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। एलएमयू यूनिट से उन माताओं को भी सहूलियत मिलेगी, जो स्वास्थ्य समस्याओं या अन्य कारणों से शिशु को दूध नहीं पिला पातीं। इसका मां को यह नुकसान होता है, कि बच्चे को दूध नहीं पिलाने पर स्तनों में दूध आना बंद हो जाता है। अब जिला अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड के पास एलएमयू (लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट) स्थापित की जाएगी। इस यूनिट की स्थापना के लिए अस्पताल प्रबंधन ने भी स्थान का चयन कर लिया है। शासन से मशीनें व अन्य सामग्री प्राप्त होते ही यूनिट का संचालन शुरू होगा।

**मां और नवजात के लिए विशेष सुविधा**

संभल। एलएमयू यूनिट का उद्देश्य मां और उनके नवजात शिशु को विशेष सुविधाएं प्रदान करना है। कई बार प्रसव के बाद कुछ नवजात बच्चे किसी कारणवश मां का दूध नहीं पी पाते। इस समस्या के समाधान के लिए यूनिट में मशीनों की मदद से मां का दूध निकाला जाएगा और उसे सुरक्षित रखा जाएगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि मां का दूध खराब न हो और बच्चे को सही समय पर पोषण मिल सके। यह यूनिट जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाएगी। नवजात शिशुओं के पोषण और देखभाल में यह यूनिट अहम भूमिका निभाएगी। सीएमएस डॉ. राजेंद्र सिंह के अनुसार, यूनिट के संचालन से नवजात शिशुओं में कुपोषण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को रोका जा सकेगा।



**:: वर्जन::**

मां और नवजात की सेहत का ध्यान रखते हुए एलएमयू यूनिट की शासन से मांग की गई थी, जोकि स्वीकृत हो गई है। यूनिट के लिए स्थान का चयन कर लिया है। यह यूनिट एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) वार्ड के पास 160 स्क्वायर फीट के क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। शासन से मशीनें व अन्य उपकरण मिलते ही यूनिट का संचालन शुरू किया जाएगा।

**-डॉ. राजेंद्र सिंह, सीएमएस जिला अस्पताल**


# हजरत अली के यौमे विलादत पर आला हजरत दरगाह पर महफिल सजाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** रजब के मौके पर मजहब-ए-इस्लाम के चौथे खलीफा,पैगम्बर-ए-इस्लाम के दामाद हजरत मौला अली रदियल्लाहो अन्हा की यौमे विलादत के मौके पर दरगाह आला हजरत पर दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान(सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी(अहसन मियां) की सदारत में महफिल सजाई गई। महफिल का आगाज तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुआ। इसके बाद नात-ओ-मनकबत का नजराना पेश किया गया।

सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने हजरत अली की बारगाह में खिराज पेश करते हुए कहा कि आपका मर्तबा इसी से पता चलता है कि आप दामाद-ए-रसूल,जन्नती जवानों के सरदार हजरत इमाम हुसैन व इमाम हसन के वालिद और खातून ए जन्नत के शौहर है। बच्चों में सबसे पहले ईमान लाने वाले है। आपका जिक्र करना भी इबादत है। आप इल्म का समंदर है। बहादुरी में आपकी मिसाल मिलना मुश्किल है। हमारे नबी ने इरशाद फरमाया कि मैं इल्म का शहर हूँ और अली उसके दरवाजा है। अब जो इल्म से फायदा उठाना चाहता है वह बाबे इल्म से दाखिल हो। आपके नक्शे कदम पर चलना ही सच्ची मौलाईयत है। फातिहा के बाद सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने खुसूसी दुआ की। आखिर में सबको लंगर तकसीम किया गया।

इस मौके पर मुफ्ती सलीम नूरी



बरेलवी, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी, मौलाना जईम रजा,शाहिद नूरी, परवेज नूरी, नासिर कुरैशी, औरंगजेब नूरी, अजमल नूरी, ताहिर अली, मंजूर रजा, हाजी जावेद खान, शान रजा, मुजाहिद रजा, इशरत नूरी,अशमीर रजा, साजिद नूरी, आलेनबी, काशिफ रजा, शाद रजा, अरबाज रजा, सुहैल रजा, सय्यद माजिद,सय्यद एजाज, मुस्तकीम नूरी,नफीस खान, आरिफ नूरी, सबलू अल्वी, तस्लीम रजा, शारिक बरकाती, इरशाद रजा,नाजिम गोलू, तारिक सईद, अजमल रजा, नईम रजा,मोहसिन रजा, युनुस गद्दी, मोहसिन रजा,आदि लोग शामिल रहे।

# शिविरार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह )।** रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दूसरे एक



दिवसीय शिविर में शिविरार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तो वहीं अभिग्रहीत गांव फौंदापुर में भ्रमण करके सशक्तीकरण व सुरक्षा को लेकर महिलाओं से भी बातचीत भी की। शुक्रवार को आयोजित दूसरे एक दिवसीय शि. विर में शिविरार्थियों ने कार्यक्रम प्रभारी डॉ. श्वेता अग्रवाल के मार्गदर्शन में पहले महाविद्यालय परिसर में श्रमदान व स्वच्छता अभियान चलाया और कूड़े करकट को एकत्र करके सही स्थान पर निस्तारित किया। फिर फौंदापुर गांव में पहुंचकर टोलियों के रूप में भ्रमण किया और महिलाओं से बातचीत की और सशक्तीकरण एवं सुरक्षा हेतु शासन प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियानों व प्रयासों के बारे में जानकारी ली, वहीं शिविरार्थियों ने महिलाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी विस्तार से बताया। शिविरार्थियों ने ग्रामीणों से संवाद कर-के क्षयरोग संबधी, महिला शिक्षा आदि के संबध में भी पड़ताल की। शिविर के अंत में डॉ. नेहा अग्रवाल व डॉ. संयम के नेतृत्व में पौधारोपण भी किया गया। शिविर में आसिफ, हरपाल सिंह, सुनील सहित आदि कर्मचारियों ने सहयोग दिया।

# 22 जनवरी को होगा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नगर के बदायूं रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं राजकीय आई०टी०आई० चंदौसी के संयुक्त तत्वाधान में 22 जनवरी को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 3 बजे तक रहेगा।

जिसमें गाजियाबाद, नोएडा की कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल roj-gaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष रहेगी। शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, स्नातक, आईं टी आई समस्त वर्ग रहेगी।

# किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ संभल द्वारा किया गया अनिश्चितकालीन धरना रहा जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित मालवीय चौक पर किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ संभल द्वारा चल रहे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन भी कांग्रेस के प्रदर्शनकारी जमे रहे और कहा कि जब तक कांग्रेस की सभा पर किए गए हमले के हथियारबंद हमलावरो व गैरकानूनी तरीके से सीज किया गए कांग्रेस के रथ को नहीं छोड़ा जाता तब तक यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा ।

और जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस संभल विनोद कुमार साथी द्वारा कहा गया कि जब तक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह द्वारा अपराधियों व मौजूद उप निरीक्षक और कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई नहीं



होगी और सीज किए गए वाहन को नहीं छोड़ा जाएगा तब तक कांग्रेस का यह अनिश्चित कालीन प्रदर्शन जारी रहेगा साथ ही प्रदर्शन के पहले दिन से ही रात के समय मौसम खराब होने की वजह से व अधिक ठंड के चलते किसान कांग्रेस संभल नें तय किया है कि किसान कांग्रेस संभल का यह विरोध प्रदर्शन प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक,जब तक चलेगा जब तक सभी दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही नहीं की जाएगी।

इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहे। विनोद साथी जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस संभल विनोद साथी ,जिला सचिव डॉक्टर रामगोपाल एडवोकेट, नगर अध्यक्ष चंदौसी मुनेश कुमार, साहू संजीव कुमार, मनोज भास्कर, सुधीर गुप्ता, राजकुमार शर्मा, आदि लोग उपस्थित थे।

**खनन** | **खनन करने बालों ने दिया सफेद पोशौ का हवाला**

# सफेद पोश के आगे खनन विभाग ने टेके घुटने

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई।** खनन करने वालों के आखिर कार क्यों न हो होंसले बुलंद क्योंकि उनके सर पर सफेद पोश वालों का हाथ है क्योंकि इस बात को

**खनन वालों पर कस सफेद पोश का हाथ या फिर खनन वाले खराब कर रहे सफेद पोश वालों का नाम**

उन्होंने खुद स्वीकार किया। सूत्रों की माने तो प्रदेश में संभल जनपद खनन के काम में सबसे आगे है पूरा जनपद आज खनन की चपेटे में आया हुआ है,आज किसी भी सड़क पर निकल जाओ हर सड़क पर खनन के डंपर व ट्रैक्टर नजर आएंगे काली सडक को मिट्टी में तब्दील कर दिया है।

सरकर के गड्ढा मुक्त अभियान को पलीता लगा कर उसे गड्ढा युक्त बना दिया है,

मामला तहसील चंदोसी के मंझावली मील के पास रुस्तम पुर उधिया का है जहां जेसीबी मशीन के द्वारा लगभग सात फिट गहरी मिट्टी उठाई जा रही है,जिसको लगभग एक दर्जन डंपर व कई ट्रेक्टरों की मदद से अंजाम दिया जा रहा है।

खनन करने वालों ने स्वयं ही बताया कि इस खनन में चार व्यक्ति शामिल है और उनके ऊपर एक बडे नेता का हाथ,नेता का नाम उसने वीडियो में साफ साफ वोला है और जो खनन के पार्टनर है उनके भी नाम बताये है।

किसी अन्य व्यक्ति के नाम से परमीशन करा के उसको व्यापार बना रखा है परन्तु संबंधित अधिकारी जानकर भी अंजान बने बैठे हैं आखिर ऐसी क्या मजबूरी है अधिकारियों की जो खनन



को प्रमुखता से नहीं ले रहे।

**रबन्ना का खेल सिस्टम फेल**

इतना ही नही थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव घोसी पुरा में बडी मात्रा में खनन हो रहा है, ओवरलोड डंपर व ट्रैक्टर खुल्लेआम सड़क पर सरपट दौड़ रहे है और मानक के अनुसार मिट्टी नही उठाई जा रही है लगभग आठ से दस फिट मिट्टी उठाई जा रही है जब इस संबंध में खनन अधिकारी से बात की तो उन्होंने ने आज कल करते हुए अभी तक नाम तोल नही की और ओवरलोड लोड के बारे में एआरटीओ जेपी गुप्ता से बात की तो उन्होंने भी आज कल का हवाला देते हुए आज तक कोई कार्रवाई नहीं की आखिर ऐसा क्या कारण है कि अधिकारी कार्यवाही से क्यों डर रहे है।

**आखिर कोन है वो सफेद पोश जिनके बल पर अवैध खनन को दिया जा रहा है अंजाम**

जनपद में सैकड़ों की तादात में खनन के ट्रेक्टर और डंपर चल रहे है जो परमीशन के नाम पर अवैध खनन कर रहे है, सरकार को लगा रहे हैं चूना व्यापार कर रहे ट्रेक्टर नही है कमर्शियल और कर रहे है व्यापार। रबन्ना 100किमी तक के निकल रहे हैं जब मिट्टी जा रही है 20किमी एक चक्कर मानक का और चार चक्कर अवैध,यह है रबन्ना का खेल सिस्टम फेल।

# दो दिवसीय ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती व उर्स आला हजरत अशरफी रहमतुल्ला अलेह की कुल शरीफ की फातिहा का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को ऑल इंडिया उलेमा व मशएख बोर्ड के तत्वावधान में दो दिवसीय ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती व उर्स आला हजरत अशरफी रहमतुल्ला अलेह की कुल शरीफ की फातिहा का आयोजन मदरसा गौसुल आलम मील में हुआ गुरुवार की सुबह फजर की नमाज के बाद कुरान ख्वानी की गई साथ ही जौहर की नमाज के बाद मील स्थित दरगाह पर चादरपोशी की गई। और असर की नमाज के बाद परचम कोशई की रस्म अदा हुई मगरिब की नमाज के बाद हलके जिक्र की महफिल हुई बाद नमाजे ईशा बाहर से आए हुए उलेमा हजरत की तकरीर हुई हजरत मुफ्ती कासिमुल कादरी ने ख्वाजा साहब की सीरत पर रोशनी डाली और कहा कि ख्वाजा साहब ने नबी के तरीके पर जिंदगी गुजारी और अल्लाह ने उन्हें दोनों जहानों में कामयाब किया आज उनको मानने वाले मुरीद लाखों करोड़ों पूरी दुनिया में है मौलाना सैयद ओवैस अशरफी ने कहा कि आला हजरत अशरफी मियां ने तालीम के लिए पूरी दुनिया का दौरा किया आज उनको पर्दा किए हुए 52 साल हो गए उनके तालीम शागिर्द पूरी दुनिया के कोने-कोने में है इसलिए हमको भी अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ-साथ दुनिया भी तालीम दिलवाना चाहिए जिससे वह देश व दुनिया में हिंदुस्तान का नाम रोशन करें और दुनिया



में अपने मुल्क तालीम के मामले में अव्वल रहे हाफिज मतीन अशरफी ने कहा कि नबी के बताए रास्ते पर चलने से हम दुनिया और आखिरत में कामयाब होंगेइस्लाम का सबसे अच्छा अमल बुरी बातों से रोकना और अच्छी बातों का हुक्म करना है प्रोग्राम की सदारत हाफिज मतीन अशरफी ने की इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहे।हाजी शाह अलम मंसूरी, मौलाना ओवैस राजा, कादरी हाफिज ,मोहम्मद कैफ, अशरफी सूफी ,अबरार हुसैन, हाफिज रईस, हाफिज अहमद, तुफैल अशरफी, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद रिहान, हाफिज हसन, हाफिज फिरोज, आदि।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# किसानों की समस्याओं की समस्याओं को लेकर कैम्प कार्यालय पर हुई बैठक सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**दनकौर।** बृहस्पतिवार को किसान एकता महासंघ की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व कैंप कार्यालय डूंगरपुर रीलका गांव में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता मास्टर इंदरपाल एवं संचालन जिलाध्यक्ष अरविन्द सैकेटरी ने किया इस दौरान संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि नागर ने बताया किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक मे चर्चा हुई किसान एकता महासंघ लगातार किसानों की समस्याओं को उठाकर उनका निस्तारण कराने का काम कर रहा है । बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए भारतीय किसान यूनियन अंबावता छोड़कर रविंदर नगर किसान एकता महासंघ में शामिल हुए जिनको राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, सावित्री देवी को प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, विजेंद्री को तहसील उपाध्यक्ष दादरी महिला मोर्चा, अंजू को तहसील उपाध्यक्ष दादरी महिला मोर्चा,सीमा शर्मा को तहसील सचिव दादरी महिला मोर्चा,राजीव भाटी तहसील अध्यक्ष दादरी,सोनू तोगड तहसील उपाध्यक्ष दादरी नियुक्त किया सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पूरी ईमानदारी व पूर्ण निष्ठा से संगठन में कार्य करने की शपथ दिलाई इस मौके रमेश कसाना, डॉ जाफर खान ,अमित नागर,अतर सिंह प्रधान, गजराज सिंह,रमेश शर्मा, हरेंद्र कसाना, नीरज कसाना,ओमेंद्र सिंह, गिर्राज कसाना, सरवन नागर, जितेंद्र भाटी, ज्ञानेंद्र कसाना, शिवम कसाना, सोनू कसाना, संतोष कसाना सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# गेट नंबर दो की बदहाल सड़क से हरमुख पुरी व विजयनगर वासी परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** पालिका क्षेत्र स्थित हरमुख पुरी कॉलोनी के गेट नंबर दो से कॉलोनी में प्रवेश करने वाली सड़क पिछले काफी समय से टूटी पड़ी है। जिसके चलते

**पालिका की लापरवाही का खामियांजा भुगत रहे हैं क्षेत्रवासी**

कॉलोनी वासियों को यहां से आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों के मुताबिक हरमुख पुरी गेट नंबर 2 से कॉलोनी में रहने वालों के अलावा यहां से विजयनगर बस्ती में रहने वाले हजारों लोगों का रोज गुजरना होता है। इसी मुख्य मार्ग से दो पहिया, चौपहिया व ऑटो आदि वाहन भी गुजरते हैं। और इस सड़क के पिछले काफी समय से टूटी पड़ी होने के कारण सड़क में गड्ढे बन गए हैं। जिसमें अक्सर गिरकर बाइक सवार चोटिल होते रहते हैं। और ऑटो व कार आदि भी आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होती रहती हैं। बरसात में तो इस सड़क की स्थिति कोढ़ में खाज की तरह हो जाती है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि पालिका चेयरमैन व क्षेत्रीय सभासद से भी इस बदहाल सड़क को सही कराने की कई बार गुहार लगा चुके हैं। लेकिन मात्र कुछ ही मीटर खराब पड़ी यह सड़क



अभी तक भी सही नहीं हो पाई है। और पालिका की इस लापरवाही का खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है।

**निरीक्षण करा कर जल्दी ही सड़क को सही कराया जाएगा : नरेंद्र मिश्र**

इस बाबत जब पालिका के ईओ नरेंद्र मिश्र से बात की तो उन्होंने कहा कि यह समस्या मेरे संज्ञान में नहीं थी। शीघ्र ही खराब पड़ी इस सड़क का निरीक्षण कराकर इसे जल्दी ही सही कराया जाएगा।

# उपचार के दौरान जच्चा की मौत, जमकर हंगामा, डिलीवरी के 2 घंटे बाद जच्चा बच्चा को डॉक्टर ने कर दिया था डिस्चार्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान जच्चा की मौत हो गई। गोसाई परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बाद में महिला के पति ने शिकारपुर कोतवाली को तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरते हुए सबको पोस्टमार्टम को भेज दिया। अन्नू उम्र करीब 24 वर्ष पत्नी जितेंद्र अग्रवाल निवासी मौहल्ला चैनपुरा गर्भवती महिला को बुधवार को नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया गया। जहां पर प्रसाद के बाद महिला को 48 घंटे से पहले घर भेज दिया। घर पहुंचने के करीब 1 घंटे बाद महिला के पुन दर्द होने लगा जिसके कारण महिला परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया । गुसाईं परिजनों ने सरकारी अस्पताल की स्टाफ नर्सो पर लापरवाही का आरोप लगाया । उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

# नेशनल स्तर पर रजत पदक जीतने पर आयु शर्मा को किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**ग्रेटर नोएडा ।** बड़ोदरा गुजरात में पिछले सप्ताह आयोजित राष्ट्रीय गायन एवं नृत्य खेल नेशनल चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने वाली आयु शर्मा को गुरुवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकताओं ने ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि लखलावनी निवासी सुमित शर्मा की पुत्री आयु शर्मा ने अंडर 8 से 10 आयु वर्ग में डांस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए रजत पदक जीता। प्रवीण भारतीय ने बताया कि हमारे जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है लेकिन जरूरत है उन्हें ऐसा मंच प्रदान करने की जहां से खिलाड़ी अपना टेलेंट दिखा सके। जिसके लिए करप्शन फ्री इंडिया संगठन जल्द ही जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं को बढ़ावा देने की मांग करेगा। मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि गुरुवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन द्वारा आयु शर्मा को उसके वर्तमान निवास जीटा वन में जाकर ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान डॉक्टर दीपक शर्मा, मास्टर दिनेश नागर, सुमित शर्मा, कुलबीर भाटी,गौरव भाटी, पिंटू मास्टर आदि लोग मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन किया जाएगा : अमित शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भाजपा नेता पप्पन शर्मा ने अपने अनेक समर्थकों के साथ भोजपुर थाने के नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इस भेंट वार्ता के दौरान भोजपुर थाने के नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा ने कहां कि उनकी सबसे पहली प्राथमिकता क्षेत्र में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने की रहेगी। नशाखोरीऔर शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमण को कतई भी बर्दाशत नहीं किया जाएग। अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

इसके साथ ही आम जनता का विश्वास जीतने के लिए जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा। सभी चौकी प्रभारियों एवं पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में मुस्तैद रहने के निर्देश दे दिए गए हैं ताकि अपराध पर अंकुश लग सके।





वहीं भाजपा नेता पप्पन शर्मा ने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए जहां भी उनकी जरूरत होगी वे अपने समस्त समर्थकों के संग पुलिस के साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर पप्पन शर्मा के साथ विप्लव चौधरी, सार्थक वत्स, दीपक चौधरी आदि मौजूद थे।

# सिंभावली पुलिस ने लूट के मामले में तीन दिन बाद किया पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली) ।** सिंभावली पुलिस ने लूट के मामले में तीन दिन बाद किया पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज,

**पीड़ित से मारपीट के बाद 30 हजार रुपए, बाइक और मोबाइल लूटने क आरोप**

पुलिस जांच करने में जुट गई है। सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा नहर पुल के पास बाइक सवारी युवक के साथ तीन दिन पूर्व कार सवार लोगों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने के मामले में पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नवादा कलां निवासी समरजीत उर्फ सुमित ने तीन दिन पूर्व थाने में तहरीर देकर अपनी तहरीर में उल्लेख किया था।कि वह पास के गांव धनपुरा में एक भैंसा खरीदने के लिए गया था। रुपये कम पड़ने पर वह अपने घर से 30 हजार की नगदी लेकर बाइक से सवार होकर गांव धनपुरा जा रहा था। जैसे ही वह नवादा नहर पुल के पास धनपुरा मार्ग पर पहुंचा। तभी कार सवार लोगों ने उसे रोक कर उसके साथ मारपीट की और 30 हजार की नगदी, एक मोबाइल और एक बाइक लूट कर फरार हो गए थे।जिसको लेकर उसने थाने में नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी।



युवक से मारपीट और लूट जैसी संगीन घटना में तीन दिन बाद रिपोर्ट दर्ज करना पुलिस पर सवाल खड़े कर रहा है।

इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक शयौपाल ने बताया कि युवक की तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अधजले शव की पांच दिन पूर्व हुई पहचान, दिल्ली का कपड़ा कारोबारी निकला मृतक नासिर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली लखनऊ एक्सप्रेसवे एन एच-9 के किनारे पांच दिन पूर्व मिले अधजले शव की गुत्थी सुलझाने

**मृतक के भाई ने जूते और जींस के टुकड़ों से की पहचान, हत्या आरोपियों के नजदीक पहुंच सकेगी पुलिस**


को लेकर एसपी कुमार ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा पुलिस टीम गठित की गई थी।जिसके खुलासा करने को लेकर सख्त दिशा निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम को मृतक के जूतो ने हत्याकांड को अंजाम देने वालों के नजदीक तक पहुंचा दिया है।पुलिस टीम के अथक प्रयास से जूते एवं जींस पेंट की कतरन देखकर बुधवार की रात्रि में थाने पहुंचे मृतक के भाई नाजिम ने अपने 35 वर्षीय कपड़ा कारोबारी भाई नासिर कबीर नगर थाना वेलकम दिल्ली के रूप में की है। मृतक के भाई नाजिम ने बताया कि नासिर 10 जनवरी की शाम को खाना खाकर घर से बाहर टहलने के लिए गया था। जो देर रात्रि तक भी लौटकर घर नहीं पहुंचा था।जिसका हत्यारों ने अपहरण कर सिर में गोली मारकर हत्या कर शव को सिंभावली थाना क्षेत्र में डाल दिया था।






विदित रहे कि सिंभावली थाना क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेसवे गोल चक्कर के पास नेशनल हाईवे के किनारे मिले अधजले युवक के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्यारों के द्वारा सिर में गोली मारकर हत्याकांड को अंजाम देने की पुष्टि हुई थी। वही इस घटना को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक श्यौपालसिह सिंह ने बताया कि मृतक नासिर मूल रूप से जिला बदायूं के थाना वजीरगंज के गांव हतरा का रहने वाला था। लगभग 20 से 25 वर्ष पूर्व पूरा परिवार दिल्ली के कबीरनगर में रहने लगा था।मृतक की चार बेटियां हैं। घटना का खुलासा करने को लेकर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

# सेक्टर डेल्टा टू पार्कों में सभी झूला पिछले तीन वर्षों से टूटे पड़े : आलोक नागर





**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर डेल्टा टू आर डब्लू ए महासचिव आलोक नागर ने बताया कि सेक्टर डेल्टा टू पार्कों में सभी झूला पिछले तीन वर्षों से टूटे हुए हैं एक पार्क में ओपन जिम लगा था ठेकेदार की लापरवाही की वजह से घटिया सामग्री की वजह से कुछ महीनो में खस्ता हालत में है सेक्टर निवासियों में काफी रोष है मेरा सम्बंधित अधिकारियों से निवेदन है कृपया इस पर संज्ञान ले आप कार्रवाई करें ।

# विधायक ने किया सौ दिवसीय संघन टीबी अभियान का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने फरीदनगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सौ दिवसीय संघन टीबी अभियान कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान टीबी रोग के लक्षण वाले मरीजों के निशुल्क एक्स-रे कराए गए। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने बताया कि इस अभियान के तहत समस्त सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रो पर उच्च जोखिम वाली जनसंख्या जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, पुराने टीबी रोगी, टीबी रोगी के साथ रहने वाले व्यक्ति, मधुमेह व एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति, तंबाकू आदि नशा का सेवन करने वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जायगी।



उन्होंने बताया कि निःक्षय पोषण योजना के अंतर्गत समस्त चिन्हित एवं उपचारित क्षय रोगियों को उपचार प्रारंभ होने पर तीन हजार रूपए तथा उपचार के 84 दिन बाद तीन हजार रूपए का भुगतान किया जाएगा। ताकि भारत देश टीबी रोग से मुक्त हो सके। इस अवसर पर डॉ भारत भूषण, डॉ जतिन कुमार, संजीव कौशिक, एएनएम रश्मि, भोजपुर मंडल अध्यक्ष रोहित तोमर , पुनीत, सतपाल, दिनेश सैनी, सचिन आदि मौजूद थे।

# चाइनीज मांझे से पतंग उड़ानें एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध होगी कार्यवाही: नीरज कुमार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली) ।** हापुड़ एसपी कुवर ज्ञानेंजय सिंह के निर्देश पर हापुड़ पुलिस के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में चाइनीज मांझे की बिक्री करने एवं पतंग उड़ाने वालों पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने को लेकर अभियान शुरू कर



दिया गया है। इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में चाइनीज मांझा बेचने एवं चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाने वालों के विरुद्ध कोतवाल ने धरपकड़ को लेकर अभियान शुरू कर दिया है।

गढ़ इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने शहर में पैदल भ्रमण कर दुकानदारों और लोगों से अनुरोध किया है कि चाइनीज मांझे की बिक्री करने एवं पतंग उड़ाने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर कहीं भी चाइनीज मांझा की बिक्री होते दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

**लॉन्च** टेम्पो 101 अब प्रमुख ऐप प्लेटफॉर्म्स पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है

# टेम्पो 101 का सफल लॉन्च: पार्सल डिलीवरी में क्रांति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दिल्ली।** टेम्पो 101, एक नवीनतम लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म जो पार्सल डिलीवरी को आसान और कुशल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, आज भव्य आयोजन के साथ आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह प्लेटफॉर्म अपनी यूजर और ड्राइवर फ्रेंडली ऐप इंटरफेस के साथ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए तैयार है।

**लॉन्च कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों की उपस्थित**

इस कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य श्री संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही, एवीजी ग्रुप के चेयरमैन संजय गुप्ता और पूर्व फिक्की निदेशक अतुल बाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनकी उपस्थिति ने पार्सल डिलीवरी सिस्टम को आधुनिक बनाने वाले इस प्लेटफॉर्म के महत्व को रेखांकित किया। फाउंडर, राजेश शर्मा, निर्देशक, जगजीत सिंह, निर्देशक, आनंद तुशीर उपस्थित थे।

**टेम्पो 101 की विशेषताएँ**

यूजर ऐपः आसान पार्सल बुकिंग, कस्टमाइजेबल वाहन विकल्प और रियल-टाइम बुकिंग मैनेजमेंट।

ड्राइवर ऐपः ओटीपी-आधारित स्थिति ट्रैकिंग, पार्सल विवरण और रियल-टाइम अपडेट जैसी उन्नत सुविधाएँ।

अन्य विशेषताएँः बहुभाषा समर्थन, व्यापक वाहन विकल्प, और उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस।

**गणमान्य व्यक्तियों के विचार**

मुख्य अतिथि - श्री संजय सिंह

"टेम्पो 101 यह दशार्ता है कि कैसे तकनीक लॉजिस्टिक्स में क्रांति ला सकती है। यह यूजर्स और ड्राइवर्स दोनों को नई दक्षता प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।"



विशिष्ट अतिथि - श्री संजय गुप्ता "टेम्पो 101 की नवीनतम विशेषताएँ इसे लॉजिस्टिक्स उद्योग के लिए एक गेम-चेंजर बनाती हैं।"

विशिष्ट अतिथि - श्री अतुल बाल "यह प्लेटफॉर्म लॉजिस्टिक्स चुनौतियों को हल करने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।"

**संस्थापक/प्रवक्ता का विचार**

"हमारा मिशन पार्सल डिलीवरी में सुविधा को फिर से परिभाषित करना है, जिससे हर हितधारक के लिए पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित हो सके।"

**लाइव प्रदर्शन और ऐप की विशेषताएँ**

लॉन्च कार्यक्रम में ऐप का लाइव प्रदर्शन किया गया, जिसमें इसके उपयोग में आसानी और उपयोगकताओं और ड्राइवरों दोनों के लिए व्यावहारिक अनुप्रयोगों को दिखाया गया। उपस्थित लोगों ने इसके उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजाइन और बहु-कार्यात्मक क्षमताओं की सराहना की।

**एक स्मार्ट लॉजिस्टिक्स अनुभव के लिए तैयार**

टेम्पो 101 अब प्रमुख ऐप प्लेटफॉर्म्स पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इसके आधिकारिक लॉन्च के साथ, यह ऐप पूरे भारत में पार्सल डिलीवरी में क्रांति लाने के लिए तैयार है।

# प्रशासनिक अधिकारी बनने पर नितिन शर्मा को बधाईयों का सिलसिला जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** नगर की ब्रह्मपुरी कॉलोनी निवासी नितिन शर्मा राज्य कर विभाग मे प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नत हुए है। इस सूचना के बाद उन्हें बधाई देने का सिलसिला निरंतर जारी है। इस संबंध में जानकारी देते


नितिन शर्मा

हुए उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन, लखनऊ की वर्कशॉप कमेटी के प्रान्तीय को चेयरमैन एड अरूण राघव ने बताया कि राज्य कर कार्यालय मोदीनगर मे कार्यरत नितिन शर्मा को राज्य सरकार द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए पदोन्नत कर प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया है। और फिलहाल उनकी तैनाती गाजियाबाद में ही राज्य कर विभाग में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हुई है। पदोन्नत होने के बाद प्रशासनिक अधिकारी बने नितिन शर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता गंगाराम शर्मा अपनी माता सुधा शर्मा के अलावा अपने गुरुजनों को दिया है। नितिन शर्मा के माता-पिता ने भी उनकी इस उपलब्धि पर ईश्वर को धन्यवाद ज्ञापित किया है। बधाई देने वालों में विधायक डॉ मंजू शिवाच, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, एड अरूण राघव, एड विपिन सिंघल, एड धीरज गोयल, एड आरिफ बेग, एड अजय माहेश्वरी, एड कुमोद माहेश्वरी, एड सुनील माहेश्वरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा, बॉबी शर्मा, अजेंद्र रुहेला सहित दर्जनो गणमान्य व्यक्ति शामिल है।

# किसान दिवस में नहीं पहुंचे अनेक अधिकारी: भाकियू का बहिष्कार, विरोध में धरने पर बैठ गए किसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस में कई विभागों के अधिकारी नहीं पहुंचे। इससे नाराज भाकियू के पदाधिकारियों ने किसान दिवस का बहिष्कार कर दिया। कलक्ट्रेट में ही किसान धरने पर बैठ गए। डीएम ने किसानों को मनाने की कोशिश की, लेकिन किसान अपनी जिद पर अड़े रहे।

किसानों की समस्या के निराकरण के लिए बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। तय समय पर किसान मौके पर पहुंचे लेकिन विभिन्न विभागों के अधिकारी किसान दिवस में नहीं आए। इसके बाद किसान भड़क गए। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसान दिवस का बहिष्कार कर दिया। गुस्साए किसान परिसर में ही प्रदर्शन करने लगे। डीएम अनुज सिंह ने किसानों को मनाने की कोशिश की। जबकि किसान अपनी जिद पर अड़े रहे। इस पर जिलाधिकारी ने अगले सप्ताह बुधवार को किसान दिवस का आयोजन करने का आश्वासन दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी किसानों की समस्या सुनकर निराकरण कराया जाएगा।

इसके बाद किसानों ने भटावली में बन रहे बाईपास पर कट न होने के मुद्दे पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जोकि रात कर जारी रहा। मौके पर किसानों की भीड़ जुट गई और धरना प्रदर्शन में मौजूद कार्यकताओं की संख्या बढ़ गई। इस दौरान भाकियू के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, दीपक चौधरी, ऋषिपाल सिंह, जयवीर सिंह, शुभम राठी, माजिद, अमित बाबू सिंह, धर्मेश, मुकेश, श्याम बाबू आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में अनेक प्रस्ताव हुए पारित, नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में जनता सहयोग करें : इकबाल अंसारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक आज नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में अध्यक्ष इकबाल आलम की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में सभासद सौनम कौर, चमन सिंह, मंजू . पिंक, मनोज कुमार, नसीम अहमद, प्रियंका सैनी, मौ० इल्यास, दिलशाद, मौ० उस्मान, धर्मवीर सिंह, वसीम अहमद, रईस अहमद, रूखसाना खातून, जमीला खातून एवं मौ० परवेज उपस्थित रहें।बैठक में साफ-सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, जन्म / मृत्यु एंव विकास आदि कार्यों को लेकर चर्चा की गई तथा जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्रों को ससमय निर्गत किये जाने व नागरिकों की समस्या के समाधान हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता करने हेतु 6 फरवरी प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 तक कैम्प लगाकर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्रों से सम्बन्धित नगर के सम्मानित जनता की समस्या का समाधान करने हेतु कैम्प के आयोजन की तिथि निर्धारित की गई तथा सभासदगणों के माध्यम से निर्गत जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्रों को बटवाये जाने के निर्देश दिये गये।

इकबाल आलम (अध्यक्ष), सुश्री प्रियंका (अधिशासी अधिकारी) द्वारा सफाई व्यवस्था एवं जन्म-मृत्यु प्रामण पत्रों को लेकर कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिये गये। नगर की सम्मानित जनता से अपील की गई की नगर पंचायत कांठ को स्वच्छ एंव सुन्दर बनाने एवं आयोजित कैम्प में अपना सहयोग दें।

# पुलिस ने चोरी का किया खुलासा एक को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राघव अध्ययन केंद्र पर की गई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी का चालान किया है घटना पिछले साल सितंबर की है मुनिराज पुत्र कृपाल सिंह निवासी पट्टीमोडा भूमि गार्डन के पास राघव अध्यन सेंटर चलता है। जहाँ पर पिछले साल गल्ले से 11हजार नगद एवं मुहर आदि सामान चोरी हुआ था जिसकी एफआईआर थाना कांठ में दर्ज की गई। पुलिस ने मामले की जांच की तो अंकित कुमार पुत्र जयपाल सैनी निवासी पट्टीवाला का नाम प्रकाश में आया आज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए घटना का खुलासा कर दिया। बताया गया कि चोरी किए रुपए आरोपी ने मौज मस्ती में खर्च कर दिए पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए अंकित का चालान किया है।



# कौशल विकास हेतु युवा विषय पर हुआ एक दिवसीय शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के खुर्जा गेट स्थित सरोजिनी नायडू कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ शीतल एवं डॉ प्रियंका के संयोजन में कौशल विकास हेतु युवा विषय पर एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में महाविद्यालय की दोनों कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। स्वयं सेविकाओं समीक्षा, ईशा रस्तोगी, कोमल, नेहा, भावना आर्य, वंशिका रस्तोगी ने मां सरस्वती वंदना, लक्ष्य गीत राष्ट्रीय एकता गीत व संकल्प गीत गाकर शिविर की सांस्कृतिक गतिविधियों का आरंभ किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ शीतल एवं डॉ प्रियंका ने कौशल विकास हेतु युवा पर अपने विचार व्यक्त किए एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं को बताया गया कि कौशल विकास हेतु युवा कार्यक्रम के तहत बेरोजगार युवाओं को कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक, कंप्यूटर हार्डवेयर, हैंडीक्राफ्ट, ज्वेलरी एवं लेदर टेक्नोलॉजी से लगभग 40 तकनीकी क्षेत्र में कौशल विकास हेतु युवा ट्रेनिंग प्रदान की जाती है। इस प्रोग्राम के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं एवं अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। द्वितीय सत्र में ही स्वयं सेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की।




# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर: ऊर्जा संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढ़ा ,कांठ की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के आज छठे दिन छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह के दिशा निर्देशन में ग्राम मौढ़ी हजरतपुर तथा छात्रा इकाई की स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी ऊषा सिंह के दिशा निर्देशन में ग्राम गुलड़िया में ऊर्जा संरक्षण के संदर्भ में जागरूकता रैली का आयोजन किया तथा घर-घर जाकर ऊर्जा संरक्षण के बारे में लोगों को जानकारी दी। इसके पश्चात दिन के दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बौद्धिक संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में सचिन रस्तोगी (एसडीओ) द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ प्रारम्भ हुआ। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ-साथ ऊर्जा संरक्षण पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए बौद्धिक संगोष्ठी में सचिन रस्तोगी ने ऊर्जा संरक्षण पर कहा कि ऊर्जा की बचत आज हमारी पहली प्राथमिकता है; क्योंकि इसी से हमारी आगामी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित है। हमें ऊर्जा संरक्षण में सहयोग करना चाहिए। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि राष्ट्र हित के लिए ऊर्जा संरक्षण जरूरी है बिजली पानी आदि के संरक्षण को प्राथमिकता दें एवं दूसरों को भी ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित करें। संचालन नीलाक्षी चिकारा एवं एंजिल सैनी ने किया।




# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक: झोलाछाप के यहां हुई मौत तो नपेंगे एमओआईसी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले में झोलाछाप के अस्पतालों में मरीजों की जान जा रही है। अपंजीकृत अस्पताल कहां चल रहे हैं, यह बात क्षेत्र की जनता को पता है लेकिन विभाग के जिम्मेदारों को नहीं। यह स्थिति बहुत खराब है। अब यदि झोलाछाप के अस्पतालों में मरीजों की मौत का मामला सामने आया तो आशा वर्कर, एमओआईसी तक सबके खिलाफ कार्रवाई होगी।यह फटकार डीएम अनुज सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठकमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लगाई। उन्होंने पाकबड़ा के मानसी नर्सिंग होम मामले में नाराजगी जताई। सीएमओ को निर्देश दिए कि झोलाछाप अस्पतालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करें। जहां विभागीय कर्मियों की संलिप्तता पाई जाए, उन्हें भी दंड दिया जाए। इस पर सीएमओ ने बताया कि पाकबड़ा प्रकरण में कमेटी गठित कर दी गई है। जल्द ही तीन सदस्यीय टीम इस मामले में जांच शुरू कर देगी। डीएम ने महिलाअस्पताल में बने रैन बसेरों की स्थिति पर नाराजगी जताई। कहा कि रैन बसेरों में इंतजाम ठीक नहीं हैं। इन पर ताला लटका रहता है। ई कवच पोर्टल पर आभा आईडी बनाने में डींगरपुर, ठाकुरद्वारा एवं मुरादाबाद शहर की स्थिति खराब पाई गई। इंटर कॉलेजों में बच्चों की आंखों की जांच करवाकर चश्मा दिलवाने के निर्देश दिए। जिले के सरकारी अस्पतालों में कम ओपीडी करने वाले डाक्टरों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जननी सुरक्षा योजना, आशा भुगतान, ई-कवच पोर्टल पर आभा आईडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सीडीओ सुमित यादव, जिला अस्पताल की एसआईसी डॉ. संगीता गुप्ता, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, एसीएमओ डॉ. भारत भूषण, डीटीओ डॉ. एनके कुरैचया, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल बीएसए विमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# सरकारी अस्पतालों में जन औषधि की उपलब्धता बढ़ेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** सरकारी अस्पतालों के परिसर में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता बढ़ने जा रही है।दवा की कमी से जूझ रहे मरीजों को इससे राहत मिलेगी। मुरादाबाद समेत पश्चिमी यूपी के सरकारी अस्पतालों में संचालित जन औषधि केंद्रों पर दवाएं पहुंचाने का ठेका लेने वाली एजेंसी को निष्प्रभावी कर दिया गया है। इस एजेंसी की कथित खराब कार्यप्रणाली के चलते केंद्रों पर दवाओं की सुचारू आपूर्ति में दिक्कत आ रही थी। जिला अस्पताल स्थित जन औषधि केंद्र के संचालक वरुण चौहान के मुताबिक नई एजेंसी का चयन होने तक दवाएं मंगाने का इंडेंट डिस्ट्रीब्यूटर को भेजे जाने पर वहीं से दवा सप्लाई कर दी जाएगी। निजी स्तर पर संचालित जन औषधि केंद्रों पर दवाओं की आपूर्ति को लेकर यही व्यवस्था लागू है। उन केंद्रों पर दवाओं की कमी जैसी दिक्कत नहीं आ रही है।सरकारी अस्पतालों में संचालित जनऔषधि केंद्रों पर दवाएं सप्लाई करने का ठेका लेने वाली एजेंसी जब इंडेंट मंजूर करती थी तभी डिस्ट्रीब्यूटर की तरफ से दवाओं की आपूर्ति हो रही थी। ऑर्डर को मंजूर करने में एजेंसी की तरफ से कथित रूप से दिखाई जाने वाली मनमानी के चलते ही केंद्रों पर दवा आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही थी।

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना

# विद्युत कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में तीसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू होने के विरोध में बिजली कर्मचारी संविदा कर्मियों और अभियंताओं ने गुरुवार को तीसरे दिन भी लगातार काली पट्टी बांधकर निजीकरण का विरोध किया: विद्युत कर्मियों का कहना है कि केन्द्र सरकार ने निजीकरण हेतु बिडिंग डॉक्यूमेंट को अनुमति नहीं दी है तो किस डॉक्यूमेंट के आधार पर निजीकरण किया जा रहा है। साथ ही बिजली कर्मियों ने भोजन अवकाश में या कार्यालय समय के उपरांत विभिन्न जनपदों और परियोजनाओं पर सभा की। जनपद संभल में विद्युत वितरण मण्डल संभल में कार्यालय समय उपरांत हुई विरोध सभा में सभी बिजली कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर निजीकरण के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की `संघर्ष समिति मेरठ के पदाधिकारियों इं आशीष कटारिया, कृष्ण कुमार सोनकर, मोहित शर्मा, अजय चौरसिया , वरुण कुमार, अजय कुमार, आलोक गुप्ता, नवनीत पांडे, अर्जुन मौर्या, सचिन माथुर, विशाल, दीपक आदि ने कहा कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलनामटेंट नियुक्त करने के लिए टेंडर जारी कर दिया है और प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 20 सितंबर 2020 को विद्युत वितरण के निजीकरण हेतु एक स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का ड्राफ्ट जारी किया था।

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने इस ड्राफ्ट पर सभी स्टेकहोल्डर्स की आपत्तियां मांगी थी। उल्लेखनीय है कि विद्युत मंत्रालय ने अभी तक स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के ड्राफ्ट को अंतिम रूप नहीं दिया है। केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय ड्राफ्ट पर आई आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार कर रहा है। ऐसे में पॉवर कारपोरेशन द्वारा निजीकरण हेतु जारी आर एफ पी डॉक्यूमेंट में भारत सरकार के 20 सितम्बर 2020 के ड्राफ्ट के आधार पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण करना पूर्णतया अवैधानिक है। संघर्ष समिति ने कहा कि भारत सरकार के स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट ड्राफ्ट में स्पष्ट लिखा है कि - "इस अस्वीकरण के साथ कि दस्तावेज विद्युत मंत्रालय के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है"। संघर्ष समिति ने कहा कि जब यह डॉक्यूमेंट भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के विचारों का प्रतिनिधित्व ही नहीं करता तो इसका उल्लेख कर निजीकरण करने का साफ मतलब है कि निजी घरानों का नाम पहले ही तय कर लिया गया है और बिडिंग एक धोखा है। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की परिसंपत्तियां जो लाखों करोड़ों रुपए की है का मूल्यांकन कराए बिना किस आधार पर इसकी रिजर्व प्राइस तय की गई है। स्पष्ट है कि इसे कौड़ियों के मोल बेचने की साजिश चल रही है। 42 जनपदों की हजारों एकड़ जमीन मात्र एक रुपए की वार्षिक लीज पर निजी घरानों को देने का प्रस्ताव है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी लगातार आन्दोलित हैं और वे किसी भी स्थिति में निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे।



# एक ही रात में चोरों ने दो दुकानों को बनाया निशाना

## चोरों के हौसले हुए बुलंद हजारों का माल उड़ा ले गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** चोरों के हौसले हुए बुलंद नगर में एक के बाद एक छोटी व बड़ी चोरियों का सिलसिला जारी है ऐसा ही एक मामला नगर के बहजोई रोड स्थित एक अंग्रेजी शराब की दुकान व वेल्डिंग की दुकान को चोरों ने निशाना बना लिया। बताते चले की नगर के गांधी रोड स्थित बहजोई बस अड्डा के पास एक वेल्डिंग की दुकान व शराब की दुकान बराबर बराबर है। जहां वेल्डिंग की दुकान के संचालक राकेश कुमार पुत्र रमेश चंद्र ने बताया की वह रोज की तरह सुबह अपनी दुकान पर आया था और जैसे ही उसने अपनी दुकान का शटर खोलकर अंदर गया तो देखा की दुकान में कुमल लगाकर हजारों का सामान चोर उड़ा ले गए है। साथ ही उसकी दुकान में से ही कुमल लगाकर शराब की दुकान को भी चोरों ने निशाना बना लिया है। घटना की जानकारी बिना देरी किए राकेश ने डायल 112 को दी साथ ही शराब की दुकान पर काम करने वाले युवक को भी घटना की जानकारी दी जिस पर बिना देरी किए पुलिस व शराब की दुकान पर काम करने वाला युवक भी मौके पर पहुंच गया। और अपने साथी कर्मचारियों को चोरी की घटना की जानकारी दी जिस पर वह भी मौके पर पहुंच गए।

और छानबीन की गई जिसमें अनुमान लगाया जा रहा है कि पचास हजार रुपए की नगदी के साथ लगभग दो लाख रुपयों की शराब भी चोर उड़ा ले गए हैं। दूसरी ओर पुलिस भी सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर चोरो को पकड़ने का प्रयास कर रही है रही है।





# नई गूगल शीट पर भेजी जाएगी वक्फ संपत्ति की रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद में वक्फ संपत्तियों की डिटेल में सरकारी मशीनरी जुटी है। शासन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी ली। मुरादाबाद समेत सभी जनपदों के जिलाधिकारी और वक्फ से संबंधित विभाग के अफसर मौजूद रहे। शासन ने अब नए गूगल शीट पर वक्फ की संपत्ति का ब्योरा मांगा है।मुरादाबाद समेत प्रदेश भर में इन दिनों वक्फ संपत्तियों का ब्योरा एकत्र किया जा रहा है। अब तक करीब 21 सौ से ज्यादा संपत्तियां चिन्हित की जा चुकी हैं। जिसे ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी के समक्ष प्रदेश स्तर से प्रस्तुत किया जाना है। वक्फ संपत्तियों की अभिलेखों और मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी मांगी गई है। अभी तक जिस फार्मेट में सूचना मांगी गई थी उसे बदल दिया गया है। अब नई गूगल शीट पर सूचना भर कर शासन को भेजी जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। वक्फ संपत्तियों का पूरा विवरण एकत्र किया जा रहा है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मुरादाबाद की स्थिति के बारे में अवगत करवाया। कुछ जनपदों से यह समस्या आ रही है कि जो अभिलेखों में दर्ज है वह मौके पर नहीं मिल रहा है। मुरादाबाद समेत अमरोहा, संभल, रामपुर, बिजनौर सभी जिलों की जानकारी एकत्र की जा रही है। वक्फ की जो संपत्ति है उसमें निजी और सरकारी भूमि की स्थिति क्या है यह भी पूछा गया है। मुरादाबाद में वक्फ संपत्ति का ब्योरा एकत्र करने की प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द नए फार्मेट में सूचना शासन को भेज दी जाएगी।

# छात्रों को संचारी रोगों से बचाव की दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी )।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में आज छात्र-छात्राओं को संचारी रोगों से बचाव के तरीके बताए गए। हमें अपनी दिनचर्या को दूरस्त रखकर इन संचारी रोगों से बचा जा सकता है। गुरुवार को विज्ञान अध्यापक आदित्य राघव ने बताया कि हम अपने रहन-सहन खान को संतुलित रखकर संचारी रोगों से बच सकते हैं। मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू, वायरल फीवर, टीवी ऐसी बीमारियां हैं जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती हैं। यदि हम जागरूक रहे और सावधानी बरतें तो ऐसी बीमारियों से मुक्ति मिल सकती है। हमें घरों के आसपास पानी एकत्र नहीं होने देना चाहिए और साथ ही साथ साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ,सुषमा राघव, ज्योति कुमारी ,क्रांति, मनोज कुमार, अनिल कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।




# फर्म के गार्ड प्रादीप को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर,हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी )।** मुरादाबाद फर्म जाते समय एमएच फर्म के गार्ड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी । हादसे में गार्ड प्रादीप की मौके पर दर्दनाक मौत हो गईं। सूचना पर पहुँची पुलिस कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुँच गए।गार्ड की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है।

कुन्दरकी थाना क्षेत्र के कुतुबपुर अज्जू निवासी प्रदीप कुमार (50 )मुरादाबाद की एचएम फार्म में गार्ड की नौकरी करते थे। रोजना की तरह प्रदीप फार्म में ड्यूटी पर जा रहा था। जैसे ही वह मुरादाबाद चंदौसी हाईवे स्थित बिस्कुट फैक्ट्री के नजदीक पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने गार्ड प्रदीप को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गार्ड सड़क पर गिर गया। जिसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देख मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कुंदरकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहीं घटना की जानकारी मृतक प्रदीप के परिजनों को दी गई। सूचना पर परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गार्ड की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है।



## "तोहफा" सरकारी कर्मचारियों को मोदी सरकार का नववर्ष का "तोहफा "

# आठवे वेतन आयोग के गठन से सरकारी कर्मचारियों में हर्ष की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मोदी सरकार ने गुरुवार को केंद्र के सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने आठवें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद से देशभर में लाखों-करोड़ों सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में बंपर इजाफा हो सकता है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन में संशोधन के लिए सरकार ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्री ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, "1947 से अब तक सात वेतन आयोग लागू हो चुके हैं। पीएम मोदी ने एक रेग्युलर पे कमिशन बनाने का संकल्प लिया था, जिसके हिसाब से 2016 में सातवां वेतन आयोग शुरू हुआ था, जोकि 2026 तक चलना था, लेकिन उससे एक साल पहले ही सरकार ने इसे मंजूर कर दिया गया है।वेतन आयोग का गठन हर 10 साल में एक बार किया जाता है ताकि कर्मचारियों के वेतन और रिटायर्ड कर्मचारियों को दी जाने वाली पेंशन में लगातार संशोधन करने के लिए सिफारिश की जा सके।महंगाई समेत कई फैक्टर्स के हिसाब से सैलरी और पेंशन में इजाफा किया जाता है। आखिरी वेतन आयोग यानी कि सातवें वेतन आयोग का गठन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की नेतृत्व वाली सरकार ने साल 2014 में किया था। इसके बाद 2016 में सिफारिशों को मोदी सरकार ने लागू किया था। केंद्र सरकार द्वारा आज आठवीं वेतन आयोग का गठन करने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ किस जिला अध्यक्ष सर्वेश शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष तथा ब्लॉक छजलैट अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने स्वागत किया है उन्होंने कहा कि वेतन आयोग लागू होने के बाद सरकारी कर्मचारियों को महंगाई से कुछ राहत मिलेगी' सरकार के इस फैसले का प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर (द्वितीय) की इंचार्ज प्रधान अध्यापिका प्रियंका चौधरी, शिक्षक रिजवान अहमद आदि शिक्षकों ने स्वागत किया है।







# प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाएंगे वृद्धाश्रम के बुजुर्ग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित वृद्धाश्रम के बुजुर्ग भी महाकुंभ स्नान का पुण्य ले सकेंगे। समाज कल्याण विभाग महाकुंभ में जाने को इच्छुक बुजुर्गों को चिह्नित कर उन्हें वृद्धाश्रम से प्रयागराज लेकर जाएगा और इन बुजुर्गों को संगम में आस्था की डुबकी लगाने का मौका प्रदान करेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को समाज कल्याण विभाग की ओर से हर तरह की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। शासन से विभाग को आदेशित हुआ है कि महाकुंभ में जाने के लिए इच्छुक बुजुर्गों का चयन कर उन्हें प्रयागराज भेजा जाए। प्रयागराज के महाकुंभ मेला परिसर में समाज कल्याण विभाग की ओर से शिविर भी लगाया गया है, जहां इन बुजुर्गों के रुकने की भी व्यवस्था की गई है।



# खूबसूरत साड़ी पहन प्रज्ञा जैसवाल ने कैमरे के सामने दिखाई हॉटनेस, एक्ट्रेस की हर अदाओं पर दिल हार गए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपना दीवाना बना देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने करियर में अबतक 14 से ज्यादा फिल्मों, सीरियल और सीरीज में काम किया है। वो भले ही इन दिनों किसी फिल्मों में नहीं नजर आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी तस्वीरों से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका हॉट एंड ग्लैमरस अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।प्रज्ञा जैसवाल की हालिया फोटोशूट कराई गई तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने येलो कलर की बेहद ही खूबसूरत सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।


खुले बाल, चेहरे पर प्यारी सी स्माइल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- यू लुक ग्लैमरस। तीसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। ऐसे ही एक के बाद एक कॉमेंट आ रहे हैं।

# लकी भास्कर के बाद मीनाक्षी चौधरी के हाथ लगी एक और फिल्म, श्रीलीला को किया रिप्लेस

नवीन पोलीशेट्टी साउथ के एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। हालांकि, लंबे समय से वह किसी बड़ी फिल्म में नजर नहीं आए हैं। उनकी आखिरी फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पोलीशेट्टी को रिलीज हुए काफी समय हो चुका है। अब, अभिनेता के फैंस के लिए एक खुशखबरी आई है। नवीन की आगामी फिल्म अनगनगा ओका राजू नाम की फिल्म को फिर से शुरू किया गया है। पहले इस फिल्म को कुछ कारणों से रद्द कर दिया गया था, लेकिन अब यह फिर से बन रही है। इसका टीजर आज रिलीज होने वाला है। फिल्म में शुरूआत में श्रीलीला को मुख्य अभिनेत्री के रूप में कास्ट किया गया था, लेकिन शेड्यूल के टकराव के



कारण उन्होंने इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया। इसके बाद फिल्म में उनकी जगह मीनााक्षी चौधरी को कास्ट किया गया है। मीनाक्षी को हाल ही में लकी भास्कर में देखा गया था। फिल्म में उनकी अदाकारी को लोगों ने काफी सराहा था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म में दुलकर सलमान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बड़े पर्दे के बाद इस फिल्म को ओटीटी पर भी खूब पसंद किया गया था।

इस फिल्म की सफलता के बाद अब उनके हाथ एक और फिल्म आ गई है। नवीन पोलीशेट्टी के साथ इस फिल्म से उनके करियर को नई उड़ान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बॉक्स ऑफिस पर फतेह का हाल-बेहाल, केवल 4 दिन में लाखों में सिमटी कमाई

सोनू सूद की फिल्म फतेह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन पहले दिन से इसका बॉक्स ऑफिस हाल-बेहाल है।

फिल्म से निमार्ताओं को काफी उम्मीदें थीं। हालांकि, यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है।

फिल्म में सोनू की अदाकारी की चारों ओर खूब तारीफ हो रही है। इसके बावजूद केवल 4 दिन में फतेह की कमाई लाखों में सिमट गई है।

आइए बताते हैं फिल्म ने चौथे दिन कितने लाख रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फतेह ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 85 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 7.60 करोड़ रुपये हो गया है।



बता दें कि फतेह ने 2.4 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक शुरूआत की थी, वहीं दूसरे दिन इस फिल्म ने 2.1 करोड़ रुपये का कारोबार किया। तीसरे दिन यह फिल्म 2.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। सोनू न सिर्फ फतेह के हीरो हैं, बल्कि इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने ही संभाली है। वह इस फिल्म के लेखक भी हैं। इस फिल्म में सोनू की जोड़ी जैकलीन फर्नांडिस के साथ बनी है। फिल्म की कहानी साइबर क्राइम पर आधारित है, जिसमें नसीरुद्दीन शाह और विजय राज जैसे सितारों ने भी अभिनय किया है। फतेह की एक टिकट पर दूसरी बिल्कुल मुफ्त मिल रही है। टिकट बुक करने के लिए आपको फतेह कोड का इस्तेमाल करना होगा।

# बॉक्स ऑफिस पर गेम चेंजर की कमाई की रफ्तार धीमी, चौथे दिन का कारोबार रहा सबसे कम

अभिनेता राम चरण की फिल्म गेम चेंजर पर निमार्ताओं ने पानी की तरह पैसा बहाया। फिल्म के केवल 4 गानों पर 75 करोड़ रुपये खर्च किए गए। हालांकि, यह सब फिल्म को फायदा नहीं पहुंचा सका। करीब 450 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म की पहले दिन की कमाई संतोषजनक नहीं रही। इसके बाद से ही फिल्म पर फ्लॉप होने का खतरा मंडराने लगा।

आइए बताते हैं गेम चेंजर ने चौथे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। सैकनिल्क के मुताबिक, गेम चेंजर ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 8.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 97 करोड़ रुपये हो



गया है। गेम चेंजर ने 51 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर बेहतरीन शुरूआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 21.6 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 15.9 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

फिल्म की लागत निकलना भी मुश्किल लग रहा है। गेम चेंजर में राम चरण की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है। विनय विद्या राम के बाद यह दोनों के बीच दूसरा सहयोग है।

इस फिल्म में राम चरण पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म में अंजलि, एसजे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर जैसे सितारे भी अहम भूमिका हैं। एस शंकर के निर्देशन में बनी गेम चेंजर एक राजनीतिक ड्रामा है, जो 5 भाषाओं- तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई है।

# कैसे पता करें कि आपको थायराइड है या नहीं? ऐसे संकेत देखकर करें पहचान

आजकल बहुत सारे लोग थायराइड होने से परेशान हैं. समय रहते अगर इसके लक्षणों को पहचान कर सतर्क हो जाए तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है. लेकिन बहुत सारे लोग इसके लक्षण या तो पहचान नहीं पाते हैं या फिर उन्हें इस बारे में पता ही नहीं होता है. ऐसे में आज हम आपको बताने जा



रहे हैं कि कैसे पता करें कि आपको थायराइड है या नहीं? थायराइड होने पर शरीर में कुछ संकेत दिखाई देते हैं, आइए जानते हैं इसके बारे में.

**पहले जानिए थायराइड है क्या?**

इंसानों के शरीर में गले के निचले हिस्से में थायराइड नाम की एक ग्लैंड होती है। इस ग्लैंड से शरीर में ट्राईआयोडोथायरोनिन और थायरॉक्सिन नाम के हॉर्मोन रिलीज होते हैं. जब शरीर में इनकी कमी हो जाती है तब उस स्थिति को हाइपोथायराइडिज्म कहा जाता है. लेकिन जब शरीर में टीएक्स और टीवाई हॉर्मोन्स जरूरत से ज्यादा हो जाते हैं, तब इस स्थिति को हाइपरथायराइडिज्म कहते हैं. ये दोनों ही लोगों को परेशानी में डाल देती हैं. थायराइड के शुरूआती लक्षण क्या होते हैं?

**जब लगे थकावट**

थायराइड के शुरूआती लक्षण की बात करें तो जब आप अच्छी नींद ले रहे हैं. आराम कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी आपको थकावट महसूस होती है. तो आपको थायराइड हो सकता है.

**रोजमर्रा के काम करने में हो दिक्कत**

जिन लोगों को हाइपरथायराइडिज्म की दिक्कत होती है उनको रोजमर्रा के काम करने में दिक्कत होने लगती है. जब आप काम भी करने में असमर्थ हो जाते हैं तो यह थायराइड बढ़ने की तरफ इशारा करता है।

**जब बढ़ने लगे तेजी से वजन**


थायराइड होने पर लोगों का वजन बढ़ने लगता है. अगर आपका वजन तेजी से बढ़ रहा है तो आपको डॉक्टर से मिलना चाहिए. क्योंकि थायराइड मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करता है।

**जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द**

थायराइड होने पर अक्सर लोगों के जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द रहता है. इसके साथ ही हेयर फॉल भी शुरू हो जाता है. ऐसा होने पर लोगों की त्वचा डल हो जाती है. उनके चेहरे की चमक गायब होने लगती है।

# सर्दियों में बच्चे को कितने घंटे डायपर पहनना चाहिए? रोजाना इतनी देर पहनने से खतरा

आजकल लगभग सभी घरों में छोटे बच्चों को डायपर पहनाए जाते हैं. सर्दियों में बच्चे ज्यादा टॉयलेट करते हैं. ऐसे में बार-बार उनके कपड़े गीले हो जाते हैं. कपड़े भीगने की वजह से उन्हें सर्दी न लगे इसलिए इस मौसम में बच्चों को रात के साथ-साथ दिन में लोग डायपर पहना देते हैं. ताकि उनके कपड़े न बदलने पड़े. डायपर पहनाने से मम्मियों को इस टेंशन से राहत मिल जाती है कि अगर बच्चा सू-सू या पॉटी कर लेगा तो दिक्कत नहीं होगी. लेकिन क्या आपको पता है रोजाना हर समय डायपर बच्चों को पहनना उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है. क्या आपको पता है बच्चे को कितने घंटे डायपर पहनना चाहिए? या ज्यादा देर तक बच्चों को डायपर पहनाने से बच्चे को क्या-क्या दिक्कतें हो सकती हैं? आइए जानते हैं इसके बारे में.



**इतनी देर पहनाएं डायपर**

चाइल्ड स्पेशलिस्ट के अनुसार अगर आप चाहते हैं कि आपके बच्चे की स्किन पर रैशेज, दाने और खुजली की दिक्कत न हो तो एक डाइपर दो घंटे से ज्यादा देर तक नहीं पहनाना चाहिए. क्योंकि लंबे समय तक डायपर पहनाने से बच्चे की स्किन को हवा नहीं मिल पाती है. इससे उन्हें नुकसान हो सकता है. सर्दियों में थोड़ी-थोड़ी देर बाद डाइपर चेक करना चाहिए कि वह भर तो नहीं गया है. डाइपर बदलने के बाद बच्चे को कुछ देर खुला छोड़ना चाहिए।

**बच्चों को ज्यादा देर तक डायपर पहनाने के नुकसान**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार बच्चे को रोजाना बहुत देर तक डायपर पहना कर रखना सही नहीं है. बच्चे बोल नहीं पाते हैं, ऐसे में उन्हें असुविधा भी होती है तो माता पिता को समझना मुश्किल होता है।


सर्दियों में बच्चों को डायपर पहन कर रखने से उनकी त्वचा पर नमी बनी रहती है. ऐसा लंबे समय तक होने की वजह से स्किन इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

बच्चों की स्किन नाजुक होती है. सर्दियों में स्किन और ज्यादा सेंसटिव हो जाती है. डायपर में सिंथेटिक फाइबर रंग या कुछ हार्श केमिकल उत्पादों का इस्तेमाल होता है. ऐसे में ये सभी बच्चों की स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# पुष्पा 2 महीने बाद भी करोड़ों में कर रही कमाई, 40वें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

जाने-माने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की पैन-इंडिया फिल्म पुष्पा 2: द रूल पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। यह फिल्म अपने छठे सप्ताह में प्रवेश कर चुकी है और इसका जलवा अब भी कायम है।

फिल्म का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है। अब पुष्पा 2 की कमाई के 40वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। सैकनिल्क के मुताबिक, पुष्पा 2 ने रिलीज के 40वें दिन 1 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1,221.55 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का बजट 500 करोड़ रुपये बताया जा रहा



है।विदेश में पुष्पा 2 खूब धमाल मचा रही है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक 1,850 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।

यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और बंगाली भाषा में उपलब्ध है। पुष्पा 2 के निर्देशक सुकुमार हैं। उन्होंने साल 2021 में इस फिल्म का पहला भाग पुष्पाः द राइज बनाया था, जो ब्लॉकबस्टर था। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। सिनेमाघरों में तहलका मचाने के बाद पुष्पा 2 भी अमजेन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। अभिनेता फहद फासिल ने भी इस फिल्म में अभिनय किया है। फिल्म में अभिनेत्री श्रीलीला ने आइटम सॉन्ग किसिक भी किया है।

# प्रशासन द्वारा समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत पर संज्ञान लेकर किया जा रहा समाधान : एसडीएम ज्योति मित्तल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** । एसडीएम ज्योति मित्तल ने वीरवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को तत्परता से निवारण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

समाधान शिविर में एसडीएम ज्योति मित्तल ने एक-एक कर नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई शिकायतों का अधिकांश का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने बताया कि एक छत के नीचे नागरिकों की शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के उद्देश्य से हर कार्य दिवस पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है।



समाधान शिविर में पहुंचे गांव संदलाना के ग्रामीणों ने पीने के पानी की पाइप लाइन बदलवाने की शिकायत पर एसडीएम ज्योति मित्तल ने संबंधित अधिकारी को मौके मुआयना कर समस्या को दुरूस्त कर एटीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गांव बहबलपुर निवासी रघुराज ने बरसात के कारण मकान में पड़ी दरारों की शिकायत पर एसडीएम ने सबंधित अधिकारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव उमरा के ग्रामीणों ने एक कंपनी द्वारा खेतों में पाईप लाइन को न ढक्कने की शिकायत पर एसडीएम ज्योति मित्तल ने संबंधित अधिकारी को मामले पर तुरंत संज्ञान लेने के निर्देश दिए। गांव कन्नौह निवासी संदीप ने राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के शैड निर्माण में अध्यापकों द्वारा ग्रांट में की गई गड़बड़ी की शिकायत पर एसडीएम ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं गावं मसूदपुर के ग्रामीणों ने घरों के ऊपर से गुजर रही 33 केवी लाइन को हटवाने की शिकायत पर एसडीएम ज्योति मित्तल ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई को मामले की जांच कर आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गांव बनभौरी एवं संदलाना के ग्रामीणों ने बरवाला बाईपास से आवागमन के लिए रास्ते की शिकायत पर एसडीएम ज्योति मित्तल ने पीडी एनएचएआई को ग्रामीणों के समक्ष आ रही समस्या के निदान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, डीएसपी कमलजीत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधोरियां की रहस्यमय जिन्दगी पर एक फिर पर्दे पर बन रही है नई डॉक्यूमेंट्री : एहसास कांजीलाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बोंग डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्मिता व पत्रकार एहसास कांजीलाल अपनी दूसरी डॉक्यूमेंट्री फिल्म द् सेक्रेड स्कल्स की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो अघोरियों की रहस्यमय व आकर्षक दुनियां की एक गहन खोज है। फिल्म की शूटिंग 14 जनवरी 2025 को प्रयागराज में आयोजित महाकुभ मेले के दौरान शाही स्नान से शुरू की गई। एहसास कांजीलाल अपनी पहली डॉक्यूमेंट्री रेड नॉट्स की

**प्रयागराज मे आयोजित महाकुंभ मेले में बोंग डॉक्यूमेंटी फिल्म निर्मिता एहसास कांजीलाल द्वारा अपनी दूसरी डॉक्यूमेंट्री फिल्म द् सेक्रेड स्कल्स की शूटिंग शुरू की**

जबरदस्त सफलता के बाद, जिसमें राष्टीय व अंतराष्टीय स्तर पर 30 से अधिक पुरस्कार जीते थे, एहसास अनकही कहानियों को गहराई से जानने के लिए तैयार है। द् सेक्रेड स्कल्स रहस्यमय अघोरी संप्रदाय के अस्तित्व, विश्वास, जीवनशैली, इतिहास व वर्तमान वास्तविकताओं में एक गहरी अंतदृष्टि प्रदान करने का वादा करती है। द् सेक्रेड स्कल्स डॉक्यूमेंट्री फिल्म का पोस्टर हॉल ही में रिलीज किया गया था। एहसास कांजीलाल ने कहा कि यह सिर्फ एक डॉक्यूमेंट्री नहीं है बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है। द् सेक्रेड स्कल्स के माध्यम से हमारा उद्देश्य अघोरियों की मान्यताओं व रीति रिवाजों के सार को पकडते हुए गलत समझे जाने वाले और अक्सर गलत तरीके से प्रस्तुत किए जाने वाले अघोरियों पर प्रकाश डालना है।

उनकी पहली डॉक्यूमेंट्री रेड नट्स बहुत सफल रही। इसके बाद फिल्म निमार्ता एहसास कांजीलाल अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू करने के लिए तैयार है। एहसास कांजीलाल की दूसरी डॉक्यूमेंटी द् सेक्रेड स्कल्स आम आमदी को रहस्ममयी अधोरी संतों की दुनियां में ले जाएगी, उनके पवित्र अनुष्ठानों, ऐतिहासिक उत्पति व समकालीन समाज में उनके महत्व को उजागर किया जाएगा। द् सेक्रेड स्कल्स अधोरो के जीवन का गहन अंवेषण करने का वादा करती है, जो अपनी अपरंपरागत व अक्सर गलत समझी जाने वाली प्रथाओं के लिए जाने जाते है। इस अनुष्ठान के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालेगा। यह दर्शकों के सामने अघोरी जीवनशैली का गहन चित्र प्रस्तुत करेगा।




सुमना कांजीलाल व मोजोटेल एंटरटेनमेंट्स एंड डिस्टीब्यूशंस द्वारा निर्मित द् सेक्रेड स्कल्स एक समुदाय के व्यावहारिक व श्रद्धपूर्ण चित्रण के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करता है। एक समुदाय जो लंबे समय से रहस्य में डूबा हुआ है।

महज 23 साल की उम्र में कांजीलाल का निर्देशन एक बार फिर उनकी इस अनूठी दृष्टि व कहानी करने के कौशल को सामने लाएगा। निर्मताओं का मानना है कि यह वृतचित्र एक ही समय में जानकारीपूर्ण व प्रेरक होगा। दिल्ली के रहने वाले गौरव छाबड़ा व उनके प्रोडक्शन हाउस प्रज्ञामैटिक फिल्म्स द्वारा निर्मित, गौरव छाबडा द्वारा सह निर्मित व प्रशंसित अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती द्वारा प्रस्तुत द् सेक्रेड स्कल्स में एक गहन किरदार प्रस्तुत किया है। विश्व स्तर पर गूंजने वाली सम्मोहक कहानियों की प्रतिष्ठा के साथ फिल्म निर्माण में एक मानक स्थापित करने के लिए तैयार है।

# उत्तर पूर्व दिल्ली के साइबर क्राइम ने ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली (अनिता)** । राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में साइबर क्राइम की घटनाएं दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही हैं। कहीं लोगों को लिंक भेजे जाते हैं तो कही लोगों को फोन कर पैसे डबल करने का झांसा देते हैं। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ा है। निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का बुधवार को पुलिस ने खुलासा किया है। दो बदमाशों को उत्तर-पूर्वी जिले की साइबर थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान वडोदरा, गुजरात निवासी अयाज पटेल (31) और पुणे, महाराष्ट्र निवासी श्रीकांत आर भोसले (37) के रूप में हुई है। अयाज गिरोह का सरगना है। पुलिस को गिरोह के एक और साथी की तलाश है। पुलिस को आरोपियों के पास से चार मोबाइल, सात भारतीय व एक मलेशियाई सिमकार्ड मिला है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि चार जनवरी को मौजपुर निवासी कारोबारी रफत मसूद ने 47.60 लाख रुपये की ठगी की शिकायत दी थी। उन्हें निवेश का एक मैसेज मिला था। इसके बाद एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़कर ठगी को अंजाम दिया गया। थाना प्रभारी विजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने उन खातों की पड़ताल की जिनमें रकम भेजी गई थी। इस आधार पर टीम ने पुणे से श्रीकांत को दबोचा।



उससे पूछताछ कर वडोदरा से अयाज को दबोचा गया। अयाज तीन-चार दिन पहले ही मलेशिया से भारत आया था। वही द्वारिका डीपी के साइबर क्राइम थाने ने साइबर ठगी करने वाले अपराधी को गिरफ्तार किया है डेटिंग एप पर महिलाओं को फंड मैनेजर बताता था और शेयर मार्केट में लुभावने रिटर्न का झांसा देता था अपराधी पंजाब के लुधियाना जिले से गिरफ्तार एक लैपटॉप में मोबाइल फोन भारत मत किया है।

**गांव के रास्तों में बह रही नालियां ग्रामीणों का निकलना हुआ मुश्किल, सरकारी धन से प्रधान और उसके चमचों का हो रहा विकास**

# लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद वर्षों से खराब पड़े कई हैंड पाइप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ/ हरदोई (लेखराम मौर्य)।** राजधानी से जुड़े जनपद हरदोई के विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत पवायां में हैंड पाइप मरम्मत और रीबो के नाम पर लाखों रुपए खर्च दिखाने के बावजूद आज भी कई हैंड पाइप वर्षों से खराब पड़े हैं उन्हें आज तक ठीक नहीं कराया गया है। ग्राम पंचायत के मुख्य गांव में पूर्व प्रधान और उप स्वास्थ्य केंद्र के सामने वर्षों से हैंड पाइप खराब पड़े हैं लेकिन उन्हें आज तक ठीक नहीं कराया गया है इसके अलावा नौवा खेड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के कुछ हाथ पाइपों में नल खराब होने के





कारण पानी उतर जाता है लेकिन उन्हें ठीक नहीं कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत के मजरे भगवंतापुर के खेड़े में मात्र एक हैंड पाइप लगा है और लोग यहां अपने निजी हैंड पाइप मजबूरी में लगवा रहे हैं क्योंकि प्रधान यहां कोई काम नहीं करवा रहा है। इन गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि आज तक प्रधान ने कोई काम नहीं कराया है यहां रास्ते निकलने लायक नहीं है कई जगह आज भी खड़ंजा तक नहीं लगा है फिर भी प्रधान विकास का ढिंढोरा पीट रहा है। पवायां निवासी विभव सिंह ने बताया कि उनके घर के सामने से निकलने वाले रास्ते पर इतना कीचड़ बह रहा है की उधर से दोपहिया लेकर निकलना भी मुश्किल है। यहां नालियां रास्ते में बह रही हैं और जिन लोगों के उसे रास्ते पर मकान है उनका कहना है की बरसात में यह रास्ता बिल्कुल बंद हो जाता है और बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं क्योंकि रास्ते में इतनी गंदगी फैल जाती है कि पैदल भी नहीं निकला जा सकता है। इसके अलावा और भी कई रास्तों पर घरों का गंदा पानी बहता है जिससे आने-जाने वालों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गांव में कई जगह नालियां न होने के कारण पानी सड़क पर बहता है इसका कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर प्रधान और उसके चमचों का विकास अवश्य हो रहा है क्योंकि कहीं लेबर मिस्त्री के नाम पर तो कहीं स्टेशनरी और फोटो कॉपी तथा प्रशासनिक खर्च के नाम पर पैसा निकाला जा रहा है इसके अलावा निर्माण कार्य में कुछ फर्मों के नाम लेबर मिस्त्री के नाम पर पैसा निकाला गया है।

# कांग्रेस पर फिर बरसे अनिल विज, मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री रहते हुए भी कांग्रेस ने काम नहीं करने दिया

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के नए भवन का नाम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नाम पर रखने पर उपजे विवाद पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री रहते हुए भी कांग्रेस ने काम नहीं करने दिया। उनकी सारी शक्तियों, स्वतंत्रता व बुद्धिमता पर इन्होंने अंकुश लगाकर रखा। ऐसे में इनसे किसी प्रकार की उम्मीद नहीं की जा सकती।



खनौरी बार्डर पर हरियाणा में किसानों के भूख हड़ताल पर बैठने के मामले में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार इस पर पूरी निगाह रखे हुए है और हमारे मुख्यमंत्री इस विषय पर ध्यान दे रहे है और जो भी आवश्यक होगा, वह किया जाएगा।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण हॉस्पिटल में टेक्नीशियन पर लगा रेप करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राजधानी दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में ठगी के साथ-साथ अब रेप की घटनाएं भी होने लगी हैं। राजधानी का चर्चित हॉस्पिटल लोकनायक के नाम से देश भर में जाना पहचाना जाता है इस अस्पताल में जहां इलाज के नाम पर रिश्वतखोरी का बाजार गर्म है। हर समय हर गेट और हर कमरे पर दलालों का जमावड़ा लगा रहता है जिसकी वजह से विभिन्न प्रदेशों से आए रोगियों के सहयोगियों के साथ अभद्रता एवं मानसिक उत्पीड़न और ठगी का धंधा होता रहता है। ऐसा ही एक मामला फिर प्रकाश में आया है। लोकनायक अस्पताल में रोगी का सहयोग करने के नाम पर अस्पताल के एक टेक्नीशियन ने एक 19 वर्षीय लड़के का रेप करने का मामला प्रकाश में आया है। बीएससी की 19 वर्षीय छात्रा परिजनों के इलाज के लिए अस्पताल आती थी। यहां आरोपी ने सोमवार को वारदात को अंजाम दिया। मध्य दिल्ली के एलएनजेपी

**पूछताछ के दौरान आरोपी ने वारदात करने की बात स्वीकार की है। पुलिस उसके मोबाइल को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है**

(लोकनायक जयप्रकाश नारायण) अस्पताल में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बीएससी की 19 वर्षीय छात्रा परिजनों के इलाज के लिए अस्पताल आती थी। यहां आरोपी ने सोमवार को पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अस्पताल में टेक्निशियन है। आरोपी शादीशुदा है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता परिवार के साथ मध्य दिल्ली में रहती है। वह डीयू के एक कॉलेज से बीएससी कर रही है। पिछले काफी समय से उसका अस्पताल आना-जाना था। इसी दौरान आरोपी ने इलाज में मदद के बहाने छात्रा से दोस्ती की। पीड़िता सोमवार को अपने एक परिजन को लेकर अस्पताल पहुंची। इस दौरान आरोपी उसे एक सुनसान कमरे में ले गया। वहां वारदात करने के बाद किसी को भी बताने पर बुरे अंजाम की धमकी दी। मगर अस्पताल से निकलते ही पीड़िता ने पुलिस को खबर दी। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन के बाद आईपी इस्टेट थाना पुलिस ने दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने वारदात करने की बात स्वीकार की है। पुलिस उसके मोबाइल को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है।

# कानपुर में करोड़ों की जमीन कब्जा मामले पूर्व मंत्री ने किया एफआईआर से इंकार, जाएंगे कोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां के बहुचर्चित एपी फेनी जमीन कब्जाकांड में समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया ने जमीन खरीद-फारोख्त के आरोपियों के खिलाफ एफ आर आर दर्ज नहीं करायेंगे। इसके खिलाफ उन्होंने कोर्ट जाने की तैयारी की है। वह इस बारे में गत दिवस यहां के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से भी मिले थे ,जिस पर उनसे जमीन की खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ मुकदमे के लिए प्रार्थना पत्र देने के लिए कहा गया था लेकिन आज गुरुवार को उन्होंने ऐसा कोई भी प्रार्थना पत्र नहीं दिया जिसके बाद इस मामले की जांच को आगे बढ़ाएगी। दरअसल नजूल की इसी जमीन में 100-100 वर्ग गज के दो प्लांट पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया ने भी खरीदे हैं। वहीं जांच कर रही एस आई टी इस मामले में अब तक सलीम बिरयानी समेत तीन आरोपियों को अरेस्ट करके जेल भेज चुकी है।

नजूल की इसी करोड़ों की जमीन के दो भूखंड खरीदने वाले समाजवादी पार्टी की सरकार में पूर्व मंत्री रहे शिवकुमार बेरिया का कहना है कि उन्होंने तो सर्किल रेट के आधार पर पूरी रकम देकर 80 लाख में जमीन खरीदी थी। और अब अगर इसी मामले में एफआईआर दर्ज करते हैं तो उनकी 80 लख रुपए डूब जाएंगे।

**नजूल की करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा मामले में अब तक तीन को भेजा गया जेल, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने पर पूर्व मंत्री को भी बनाया जा सकता आरोपी**

पूर्व मंत्री बेरिया ने बताया कि पूरे मामले को लेकर कोर्ट जाएंगे। इसके विपरीत पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अगर पूर्व मंत्री शिवकुमार जमीन खरीद फरोख्त करने वाले के खिलाफ प्रार्थना पत्र नहीं देंगे तो इसी मामले में पहले से दर्ज रिपोर्ट के आधार पर उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा। जिसकी वजह नजूल की जमीन को अवैध रूप से खरीद-फरोख्त करना है।

अवगत कराते चलें कि कर्नलगंज थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस स्थित 500 करोड़ की एपी फेनी जमीन कब्जाकांड में पुलिस अब तक दो एफआईआर दर्ज कर चुकी है। दोनों एफआईआर की जांच गठित की गई एस आई टी द्वारा किया जा रही है। वह इस मामले में अब तक सलीम बिरयानी समेत तीन आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

फिलहाल सूत्रों से अब तक जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक समाजवादी पार्टी सरकार में पूर्व मंत्री रहे शिवकुमार बेरिया जिन लोगों से100 वर्ग गज के दो भूखंड नजूल की जमीन पर खरीदे हैं। वह ऐसा करने वाले आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को तैयार नहीं है। अब इसी मामले में कोर्ट की शरण जाने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस सूत्रों का दावा है कि अब इसी मामले में पूर्व मंत्री शिवकुमार को भी पहले से दर्ज मुकदमे के आधार पर आरोपी बनाया जा सकता है। जिससे उनकी मुसीबतें पहले से और बढ़ सकती हैं। कुल मिलाकर प्रकरण लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है।

**पत्राचार**

**जिलाधिकारी ने शासन को पत्राचार कर कराया अवगत**

# सदर नगर पालिका परिषद में रिक्त पदों पर शीघ्र होगी तैनाती: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश की ए श्रेणी की नगर पालिका परिषद की सूची में शामिल हापुड़ नगर पालिका परिषद में कई महीने से खालों पड़े रिक्त पदों को भरने की आस जगी है। जिलाधिकारी ने रिक्त दोनों पर तैनाती करने के लिए शासन को पत्राचार किया है। इसके अलावा उक्त मामला मुख्यमंत्री ओएसडी व नगर विकास विभाग में पहुंच गया है।

- **सीएम ओएसडी के पास भी पहुंचा रिक्त पदों का मामला**
- **नपा में ईओ का पद एक वर्ष से रिक्त,अन्य पद भी कई महीने से पड़े खाली**






आपको बता दें,कि जनपद की सदर हापुड़ नगर पालिका परिषद में पिछले करीब एक वर्ष से अधिशासी अधिकारी, इसके अलावा कई महीने से कर निर्धारण विभाग में दो राजस्व निरीक्षक,स्वास्थ्य विभाग में एक पद सफाई निरीक्षक,जलकल विभाग में अवर अभियंता के पद खाली पड़े है। हापुड़ नगर पालिका परिषद की व्यवस्था सुचारु रखने के लिए शासन ने अधिशासी अधिकारी के पद पर नायब तहसीलदार से पदोन्नति पाकर पीसीएस अधिकारी बने मनोज कुमार को कार्यकारी ईओ तैनात कर रखा है। लेकिन उक्त अन्य पदों पर शासन द्वारा किसी अधिकारी को तैनात नहीं किया है। इस सम्बंध में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने बताया कि हापुड़ नगर पालिका परिषद में रिक्त पदों को भरने के लिए शासन को पत्राचार किया है।

सूत्रों की मानें,तो हापुड़ नगर पालिका परिषद में रिक्त पदों का मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ओएसडी व नगर विकास विभाग के सचिव अजय शुक्ला के पास तक पहुंच गया है। जिससे रक्त पदों को शीघ्र भरने की उम्मीद जताई जा रही है।

# नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में एक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले



जाने और शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। मामला थाना क्षेत्र के गांव चांदखेड़ी से जुड़ा है दिसंबर माह में 28-29 की रात में गांव की एक नाबालिक लड़की लापता हो गई जिसको बरामद करने की मांग लड़की की मां ने पुलिस से करते हुए थाना छजलैट क्षेत्र के गांव पोटा निवासी युवक सुधीर पुत्र महेंद्र पर शक जाहिर किया पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए लड़की की तलाश शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक पर नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और शारीरिक संबंध स्थापित करने का आरोप था जिस पर पुलिस ने युवक को आज गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267